

21:01:2023

अखबार जो बदल दे नजरिया

# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र

पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 021 | epaper.rashtriyakhabar.com | माघ, कृष्णपक्ष अमावस्या, विक्रम संवत 2079

## चाणक्य नीति

विद्वान प्रशस्यते लोके विद्वान् गच्छति गौरवम्।

विद्यया लभते सर्वं विद्या सर्वत्र पूज्यते॥

भावार्थ : इस संसार में विद्वान की प्रशंसा होती है। विद्वान को ही आदर सम्मान और धन धान्य की प्राप्ति होती है। प्रत्येक वस्तु की प्राप्ति विद्या द्वारा ही होती है और विद्या की सब जगह पूजा होती है।

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 27.00 °c | 12.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 17 .27 बजे

सूर्योदय (कल) ›› 06 .32 बजे

## पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के और 35 सांसदों के इस्तीफे मंजूर

**इस्लामाबाद :** पाकिस्तान की राष्ट्रीय संसद के अध्यक्ष राजा परवेज अशरफ ने पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 35 और सांसदों का इस्तीफा शुक्रवार को मंजूर कर लिया। इससे कुछ दिन पहले पीटीआई के 30 से अधिक सांसदों का इस्तीफा स्वीकार किया गया था। पिछले साल अप्रैल में पीटीआई प्रमुख इमरान खान को अपदस्थ किए जाने के बाद पीटीआई सांसदों ने संसद के निचले सदन से सामूहिक रूप से इस्तीफा दे दिया था। उस दौरान स्पीकर ने यह कहते हुए केवल 11 इस्तीफे स्वीकार किए कि शेष सांसदों को सत्यापन के लिए व्यक्तिगत रूप से बुलाया जाएगा। आठ महीने तक प्रक्रिया को टाले रखने के बाद उन्होंने मंगलवार को 34 पीटीआई, एमएनए और अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख राशिद का इस्तीफा स्वीकार किया। इस बीच पीटीआई नेताओं ने स्पीकर के कदम को अवैध करार देते हुए देश में नये सिरे से चुनाव कराये जाने की अपनी मांग दोहरायी है।

## त्रिपुरा में राजनीतिक हिंसा पर ईसीआई ने रिपोर्ट मांगी

**अगरतला :** भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने त्रिपुरा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) किरण गिट्टे को सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) कार्यकर्ताओं के मार्क्सवादी कम्यूनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस पर हाल में की गई राजनीतिक हिंसा की जांच रिपोर्ट शुक्रवार तक सौंपने का निर्देश दिया है। चुनाव आयोग ने एक पत्र में श्री गिट्टे को 18 जनवरी को मतदान कार्यक्रम की घोषणा के तुरंत बाद जिरानिया में राजनीतिक हिंसा की घटना और कांग्रेस और माकपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं के खिलाफ हाल के दिनों में हुई हिंसा की 54 अन्य घटनाओं की जांच करने का आदेश दिया। श्री गिट्टे को पत्र में माकपा और कांग्रेस के सीईसी को लिखे पत्र को संलग्न करते हुए कहा गया है कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के नेताओं और मंत्रियों के उकसावे और संरक्षण के साथ आयोग के शून्य मतदान हिंसा अभियान को चुनौती दी।

## तृणमूल कांग्रेस नेता कुंतल घोष के आवासों पर छापे

**कोलकाता :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में रोजगार घोटाले में धनशोधन के आरोप में तृणमूल कांग्रेस के हुगली जिला यूथ विंग के नेता कुंतल घोष के आवासों पर छापेमारी शुरू की। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक ईडी अधिकारियों ने केंद्रीय सशस्त्र बलों की सहायता से उज्जल स्थित घोष के दो आवासों पर छापा मारा। घोष पर 19 .5 करोड़ रुपये के धनशोधन का आरोप है। राज्य में संचालित निजी कॉलेजों और संस्थानों के संघ ने श्री घोष पर नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों से धन जुटाने का आरोप लगाया था। इससे पहले, सीबीआई ने शहर में अपने निजाम प्लेस कार्यालय में बुधवार और गुरुवार को लगातार दो दिनों तक घोष से पूछताछ की। जिसके एक दिन बाद ईडी ने उनके आवासों पर छापेमारी शुरू कर दी है। पूछताछ के दौरान घोष ने सीबीआई को बताया कि 2014 और 2021 के बीच राज्य भर में नौकरी चाहने वालों से कथित तौर पर एक सौ करोड़ से अधिक रुपये जुटाए गए थे।

## भारत और मिस्र के बीच सैन्य अभ्यास साइक्लोन

**नयी दिल्ली :** भारत और मिस्र के सैनिक पहले सैन्य 'अभ्यास साइक्लोन – 1' में राजस्थान के रेगिस्तान में करीब पिछले एक सप्ताह से एक दूसरे के साथ रण कौशल की विधाओं को साझा कर रहे हैं। गत 14 जनवरी से जैसलमेर में चल रहा यह सैन्याभ्यास दोनों देशों की सेनाओं के बीच अब तक का पहला संयुक्त अभ्यास है। इसका लक्ष्य दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग को बढ़ावा देना है। इसके तहत रेगिस्तान में विशेष बलों के बीच परस्पर तालमेल, संचालन और पेशेवराना कौशल को एक-दूसरे से साझा करना है। सैन्याभ्यास में आतंकवाद विरोधी, टोह लेना, धावा बोलना और अन्य विशेष अभियानों को भी शामिल किया गया है। ''साइक्लोन-क' अभ्यास में दोनों देशों के विशेष बल संयुक्त रूप से एक मंच पर एकत्र हुये हैं और यह 14 दिन चलेगा।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है। **संपादक**

**कार्यक्रम** 45 स्थानों पर एक साथ आयोजित किया गया विशाल रोजगार मेला

# प्रधानमत्री मोदी ने मेला में 71 हजार नियुक्ति पत्र बांटे

- सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक अवसर
- पारदर्शी तरीके से बहाली भरोसा देती है
- अब भारत युवाओं का ही देश बन रहा है



**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशव्यापी रोजगार मेले के तीसरे चरण में बुधवार को 45 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में वीडियो कांफ्रेन्स के माध्यम से 71 हजार युवाओं को सरकारी विभागों तथा संगठनों में नौकरी के लिए नियुक्ति-पत्र प्रदान किए गए। भोपाल में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के आतिथ्य में रोजगार मेला हुआ। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। यह उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण तथा राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। श्री मोदी ने इस मौके पर कहा कि ये मेले सरकार की पहचान बन गए हैं और इससे साबित होता है कि सरकार जो संकल्प लेती है, उसे सिद्ध करके दिखाती है। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में व्यापक बदलाव हुआ है और केंद्रीय सेवाओं की भर्ती प्रक्रिया पहले के मुकाबले ज्यादा कारगर तथा समयबद्ध हुई है। पारदर्शी तरीके से भर्ती और पदोन्नति युवाओं में भरोसा जगाती है और उन्हें प्रतियोगिता में उतरने के लिए प्रेरित करती है। उन्होंने कहा कि यह 2023 का पहला रोजगार मेला है और नये साल

›› पेज 2 भी देखें

### असम में 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 जनवरी को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सरकारी विभागों और संगठनों में नए भर्ती हुए लोगों को लगभग 71,000 नियुक्ति पत्र वितरित किए। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। रोजगार मेला रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर नियुक्त लोगों के साथ बातचीत भी की। सभा को संबोधित करते हुए, प्रधान मंत्री ने टिप्पणी की कि यह 2023 का पहला रोजगार मेला है जो 71,000 परिवारों के लिए रोजगार का बहुमूल्य उपहार लाता है।प्रधानमंत्री ने नई नियुक्तियों को बधाई दी और कहा कि रोजगार के ये अवसर न केवल नियुक्त किए गए लोगों में बल्कि करोड़ों परिवारों के बीच भी आशा की एक नई किरण का संचार करेंगे। प्रधानमंत्री ने बताया कि आने वाले दिनों में लाखों नए परिवारों को सरकारी नौकरियों में नियुक्त किया जाएगा क्योंकि एनडीए शासित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में नियमित रूप से रोजगार मेले आयोजित किए जा रहे हैं। केन्द्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग तथा आयुष मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने भी आज गुवाहाटी के मालीगांव में आयोजित तीसरे रोजगार मेले में भाग लिया। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में सफल उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र सौंपे। लगभग 200 सफल उम्मीदवारों ने आज यहां समारोह में रेलवे, एम्स, सीबीडीटी और अन्य सरकारी विभागों और संस्थानों जैसे विभिन्न सरकारी विभागों से नियुक्ति पत्र प्राप्त किए। इस अवसर पर बोलते हुए, केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, 'प्रधान मंत्री के गतिशील नेतृत्व में, सरकार देश में युवा सशक्तिकरण को सक्षम करने के लिए मजबूत उपाय कर रही है।

इंसानी आबादी बढ़ने और खेती बारी के लिए इस इलाके पर हुआ था कब्जा

## करीब दो सौ वर्षों बाद यहां लौट आये हैं जंगली जानवर



- प्राकृतिक न्याय के कारण अब फिर से वन्य प्राणी लौटे
- इंसानों ने यहां कब्जा कर मवेशी पालना शुरू किया था
- 27 हजार हेक्टेयर में 25 साल की मेहनत अब सफल

**राष्ट्रीय खबर**

**केप टाउनः** मात्र दो लोगों के और 25 साल के अथक प्रयास का परिणाम अब दिखने लगा है। इंसानों ने अपनी जरूरत के लिए जिस इलाके से जंगली जानवरों भगा दिया था, वहां का माहौल अनुकूल होते ही वे जानवर फिर से लौट आये हैं। यह इलाका ग्रेट कारू का है। कभी यह शेर और चीतों का इलाका था। इस इलाके में इंसानों की आबादी आने के बाद वह लोगों ने मवेशी पालना प्रारंभ किया था। वहां लगातार जंगली जानवरों से इंसानों का टकराव होने का नतीजा था कि वर्ष 1840 में इस इलाके से अफ्रीका के शेर गायब हो गये। अगले तीस वर्षों में चीतों ने भी इंसानी हमलों की वजह से मैदान छोड़ दिया था। वर्ष 1997 तक यही स्थिति कायम रही। उसके बाद एक निजी फर्म के स्तर पर इसे फिर से प्रकृति को लौटाने का प्रयास प्रारंभ हुआ तो अब उसका नतीजा सामने है। सामरा प्राइवेट गेम रिजर्व नामक कंपनी का यह इलाका मवेशियों का फार्म हुआ करता था। सामरा कंपनी ने वहां के 11 ऐसे फॉर्मो से जमीन खरीद ली। यह करीब 27 हजार हेक्टेयर जमीन थी। इसे मार्क और सारा टॉपकिन ने प्रारंभ किया था। जब इनलोगों ने जमीन को खरीदा तो यह जंगल नहीं रह गया था। वहां से पहले मवेशियों को हटाया गया और उसके बाद फॉर्म की सुरक्षा के लिए जो कांटेदार बाड़े लगाये गये थे, उन्हें भी हटा लिया गया। नौ किस्म के

›› पेज 2 भी देखें

बैठक में जाने से पहले नेताओं के फोन भी बाहर रखवा दिये गये थे

## मोदी और शाह को अब किस बात का भय सता रहा



**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्लीः** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में किसने क्या कहा, इस बारे में औपचारिक जानकारी पहले ही दे दी गयी थी। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास निदेशों की जानकारी भी सामने आयी है, जिसमें उन्होंने खास तौर पर जो भाजपा को वोट नहीं देते हैं, उनसे भी संपर्क करने तथा तनाव बढ़ाने वाले बयानों से परहेज करने की बात कही है। अब इन तमाम सूचनाओं के अलावा यह बात सामने आयी है कि इस बैठक में भाग लेने वाले सारे नेताओं के फोन बाहर रखवा दिये गये थे। इससे सवाल यह पैदा हो गया है कि आखिर इतने सारे बड़े नेताओं में से कौन मोदी और शाह के लिए भरोसेमंद नहीं रह गया है। साथ ही यह संभावना भी जतायी जा रही है कि सिर्फ इस बात से ऐसा लगता है कि संगठन और केंद्रीय मंत्रिमंडल में भी फेरबदल हो सकते हैं। दरअसल, भाजपा अपने संगठनात्मक चचाओं की गोपनीयता को लेकर बहुत सतर्क है। हाल ही में भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेने वाले प्रतिनिधियों को अपने मोबाइल फोन हॉल के बाहर रखने के लिए कहा गया था। सूत्रों ने कहा कि पिछले दिनों पार्टी के हैदराबाद सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन की एक छोटी सी वीडियो क्लिप वायरल होने के बाद पार्टी नेता प्राइवेसी को लेकर काफी सतर्क हैं। पार्टी के एक शीर्ष नेता जिन्होंने शुरूआत में ही मीडिया से आउट ऑफ टर्न बात करने के प्रति

›› पेज 2 भी देखें

जम्मू कश्मीर में भारत जोड़ो यात्रा को जबर्दस्त जनसमर्थन

## पहली बार जैकेट में नजर आये राहुल गांधी



- शिवसेना नेता संजय राउत भी हुए शामिल
- बारिश की वजह से एक घंटे का विलंब हुआ
- सड़कों पर लोगों की भीड़ कर रही थी इंतजार

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्लीः** भारत जोड़ो यात्रा पर निकले राहुल गांधी पहली बार जैकेट पहने हुए नजर आये। दरअसल लगातार टी शर्ट पर उनके पैदल चलने की वजह से इस बात को लेकर काफी उत्सुकता थी। राहुल गांधी ने खुद ही कह दिया था कि जब ठंड लगेगी तो कपड़े पहन लूंगा। आज यात्रा प्रारंभ होने के दौरान हल्की बारिश होने के बाद राहुल गांधी ने एक सर ढंकने वाले हल्का जैकेट पहनकर अपनी यात्रा प्रारंभ की। कश्मीर के कठुआ में पहली बार उन्हें अपनी सफेद टी शर्ट के ऊपर इस जैकेट में देखा गया। वैसे यह जैकेट भी बहुत देर तक राहुल के शरीर पर नहीं रहा। बारिश का असर खत्म होते ही उन्होंने इसे उतार दिया और अपने पुराने अंदाज में चलते नजर आये। इस दौरान उनके साथ शिवसेना के सांसद संजय राउत भी पैदल चले। इससे पहले पंजाब, हिमाचल जैसे कड़ाके की ठंड वाले इलाके में भी राहुल गांधी को सिर्फ इसी सफेद टी शर्ट पहनकर पैदल चलते देखा गया था। हिमाचल प्रदेश में प्रदेश अध्यक्ष प्रतिमा सिंह ने उन्हें प्यार से एक चादर पहना दिया था। इस चादर को गले में

›› पेज 2 भी देखें

भाजपा शासित राज्यों के लिए क्या फिर से नियम बदलेगा

## दस राज्यों पर पड़ेगी जीएसटी कटौती की मार

**राष्ट्रीय खबर**

**नईदिल्लीः** जीएसटी में कंपनसेशन देने की अवधि समाप्त हो चुकी है। इसके तहत जो राज्य सबसे ज्यादा प्रभावित होने वाले हैं, उनके लिए केंद्र सरकार क्या फैसला लेती है, इस पर आर्थिक विशेषज्ञों का ध्यान है। वैसे भरपाई करने की अवधि तो पिछले वर्ष जून में ही समाप्त हो गयी थी। उस वक्त पूरा देश कोरोना लॉकडाउन से उपजी मंदी की चपेट में था। अब एक रिपोर्ट सामने आयी है जिसमें बताया गया है कि कई राज्यों को मिलने वाले



कंपनशेसन का औसत वहां के कर औसत के दस प्रतिशत से अधिक हो चुका है। इसलिए पूर्व निर्धारित नियमों के तहत उन्हें अब पैसे नहीं मिलेंगे। जीएसटी पर पहले से लिये गये इस फैसले से कमसे कम दस राज्य प्रभावित होंगे। इनमें कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात और उत्तराखंड भी शामिल हैं। इन सभी में अभी भारतीय जनता पार्टी की सरकार है। ऐसे में केंद्र सरकार अपनी लोकप्रियता और आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए क्या फैसला लेती है, इस पर नजर है। वैसे यह स्पष्ट है कि नियमों में छूट किसी एक राज्य के लिए नहीं दी जा सकती है। वैसे भी गैर भाजपा शासित कई राज्य बार बार यह आरोप लगा रहे हैं कि केंद्र ने जीएसटी में इन राज्यों को उनका समुचित हिस्सा नहीं दिया है। इन राज्यों में झारखंड भी शामिल है। समझा जा

›› पेज 2 भी देखें

### विदेशी मुद्रा भंडार 572 अरब डॉलर पर

**मुंबई :** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण भंडार, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में भारी वृद्धि से देश का विदेशी मुद्रा भंडार 13 जनवरी को समाप्त में 10 .42 अरब डॉलर बढ़कर 572 अरब डॉलर पर पहुंच गया जबकि इसके पिछले सप्ताह यह 1.26 अरब डॉलर घटकर 561.6 अरब डॉलर पर रहा था।

## रूसी राष्ट्रपति ने कहा वर्ष 2014 से ही यूक्रेन को सहन कर रहा था



**राष्ट्रीय खबर**

**सेंट पीटर्सबर्गः** रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन ने कहा है कि रूस ने काफी दिनों तक धैर्य रखने के बाद ही कार्रवाई की है। वरना जिस समस्या को दूर करने के लिए अभी अभियान चलाया जा रहा है, वह वर्ष 2014 मे ही पूरा किया जा सकता था। उस समंय से लगातार रूस यूक्रेन की गड़बड़ियों को सहन करता आ रहा था लेकिन सहने की भी एक सीमा होती है। यूक्रेन ने रूस को अपमानित और उकसाने का कोई भी मौका नहीं छोड़ा। इसलिए अब रूस ने अपना इलाका उससे वापस ले लिया है। पुतिन का यह बयान उस मौके पर आया है जब पश्चिमी दुनिया के सैन्य विशेषज्ञ यह मान रहे हैं कि यूक्रेन में पराजय का खतरा पुतिन नहीं उठा सकते हैं। विशेषज्ञों ने इस बात की भी आशंका जतायी है कि यूक्रेन में रूसी सेना के पराजित होने की स्थिति में परमाणु हमला भी हो सकता है।

रूस के राष्ट्रपति ने सेना के सेवानिवृत्त अधिकारियों के साथ बैठक में इस बारे में फिर से अपना बयान दोहराया है। उन्होंने कहा कि कुछ इलाकों को लेकर विवाद था और रूस ने बार बार यूक्रेन से इसे सुलझाने को कहा था। उन्होंने यह भी कहा कि शांति और धैर्य के साथ वार्ता के जरिए समस्या का समाधान करने की रूसी पहल को यूक्रेन की सरकार ने गलत मान लिया था। वरना डॉनबॉस के इलाके में तो वर्ष 2014 से ही आजादी की मांग के समर्थन में आंदोलन चल रहा था, यह हर किसी की जानकारी में है। दूसरी तरफ यूक्रेन की तरफ से इन इलाकों में भारी हथियार, तोपखाना, टैंक और हवाई हमलों के बाद भी आंदोलन जारी रखा है। इस बारे में

›› पेज 2 भी देखें

**शल्यक्रिया** जेनेटिक विज्ञान और माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के संयुक्त प्रयास से मिली कामयाबी

# रिमोट कंट्रोल से काम करेगा जैविक रोबोट

- कोई बैटरी नहीं लगी है इस रोबोट में
- चूहों के टिश्यू की थ्री डी प्रिटिंग हुई है
- इसमें ऊर्जा के अपने उपाय किये गये हैं

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** चिकित्सा विज्ञान में जेनेटिक विज्ञान के साथ साथ अब माइक्रो इलेक्ट्रानिक्स का प्रयोग बढ़ता जा रहा है। इससे पहले ही रोबोटिक सर्जरी और लेजर संचालन से मरीजों को अत्यधिक लाभ हुआ है। अब शल्यक्रिया के बदले किसी भी बीमारी को शरीर के अंदर ही ठीक करने की दिशा में



यह जेनेटिक विज्ञान कदम बढ़ा रहा है। रोबोटिक्स की दुनिया में भी सॉफ्ट रोबोट बनाने का प्रयोग सफल होने के बाद जैविक रोबोट बनाने में भी कामयाबी मिली थी। अब इलेक्ट्रानिक्स के तालमेल से ऐसा जैविक रोबोट बनाया जा सका है, जिसे बाहर से निर्देशित किया जा सकता है। यानी किसी इंसानी शरीर के अंदर प्रवेश करने वाला यह जैविक रोबोट अंदर का हाल बताता रहेगा, इसके आधार पर चिकित्सक उस रोबोट को क्या काम करना है, यह निर्देशित करते रहेंगे। इस विधि से उपचार होने की स्थिति में मरीजों को शल्यक्रिया के कष्ट से भी नहीं

›› पेज 2 भी देखें

### इन्हें तैयार करने के लिए चूहों के टिश्यू का इस्तेमाल किया गया

शोध दल ने पहले बॉयोबॉट यानी जैविक रोबोट तैयार किये। इन्हें तैयार करने के लिए चूहों के टिश्यू का इस्तेमाल किया गया। चूहों से यह टिश्यू प्राप्त करने के बाद उन्हें थ्री डी प्रिंटर पर तैयार किया गया। इससे उसका पॉलिमर का ढांचा बनाया जा सका। बता दें कि इसी दल ने वर्ष 2012 में भी चलने वाले जैविक रोबोट तथा वर्ष 2016 में रोशनी से काम करने वाले जैविक रोबोट तैयार किया था। दूसरी तरफ नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी के प्रोफसर जॉन ए रॉजर्स ने इसके लिए माइक्रो उपकरण तैयार किये। बहुत ही छोटे आकार तथा बिना बैटरी के माइक्रो एलईडी को इससे जोड़ा गया। इस रोशनी की बदौलत बाहर से इन जैविक रोबोटों को नियंत्रित करने वालों को अंदर का हाल जानने में सुविधा होती है। इलेक्ट्रानिक उपकरणों को इनके अंदर डालने के बाद उन्हें बाहर से निर्देशित करना आसान काम हो गया था। इन्हें एक साथ जोड़ने के बाद ही उनका क्रमवार तरीके से परीक्षण किया गया है।

राष्ट्रीय खबर हमारी नजर राजनीति

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rashtriyakhabar.com

## शहर >> अपडेट

### उप चुनाव स्वच्छ एवं निष्पक्ष करे अफसर: के रवि कुमार

रांची : मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि सभी विभाग के पदाधिकारी 23- रामगढ़ विधानसभा उप निर्वाचन, 2023 को स्वच्छ एवं निष्पक्ष बनाने के लिए आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। उन्होंने कहा कि सभी विभाग निर्वाचन से संबंधित रिपोर्ट को ससमय बना ले एवं अपने द्वारा बनाये गए रिपोर्ट को समर्पित करते समय आपस में समन्वय अवश्य स्थापित करें। वे आज निर्वाचन आयोग के सभाकक्ष में इलेक्शन एक्सपेंडिचर मॉनिटरिंग से संबंधित राज्य स्तरीय समन्वय बैठक को संबोधित कर रहे थे।के रवि कुमार ने कहा कि उपचुनाव में कोई भी प्रत्याशी अवैध रूप से अपना चुनाव प्रचार न कर सके इसके लिए सरकार के सभी विभागों को सक्रिय होकर आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रत्यशियों को चुनाव में वैध तरीके से जो चुनाव प्रचार के लिए राशि स्वीकृत की गई है उससे अधिक का खर्च न करें इस पर भी सभी संबंधित विभाग अपनी नजर बनाए रखें। राज्य स्तरीय समन्वय बैठक में पुलिस विभाग, आयकर विभाग, परिवहन, गृह करा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, वाणिज्य कर विभाग, नारकोटिक कंट्रोल ब्यूरो, बिरसा मुंडा विमान पत्तन, एस.एल.बी.सी, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के पदाधिकारी, वरीय डाक अधिकारी राँची एवं हटिया रेल मंडल के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

**स्थापना दिवस** सीएम ने जैप परिसर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम, गैलरी, फूड कोर्ट एवं अन्य भवनों का किया उद्घाटन

# राज्य के सभी पुलिस कैंप परिसरों का होगा जीर्णोद्धार : हेमंत सोरेन

- पुलिस कर्मियों के हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास
- झारखंड काफी खूबसूरत राज्य



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि आज से झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप)-1 परिसर पुलिस बल के लिए आईकॉनिक परिसर के रूप में जाना जायेगा। इस परिसर को नया स्वरूप दिया गया है इसी खुशी में हमसब यहां आज एकत्रित हुए हैं। मेरा मानना है कि खूबसूरत परिसर और काम करने का एक सुंदर वातावरण अगर हमारे इर्द-गिर्द अथवा आस-पास हो तो हमें जिस काम के लिए नियुक्त किया गया है उस काम को हमसभी लोग एक अलग उत्साह, उमंग और विश्वास से कर पाते हैं। जैप-1 परिसर एक नामचीन जगह है। राजधानी रांची के बीचो-बीच अवस्थित है।

इस परिसर का उपयोग कई अलग-अलग कार्यों के लिए होता है। मैं भी यहां कई बार अलग-अलग कार्यक्रमों में शरीक हुआ हूं। पिछले वर्ष जैप-1 स्थापना दिवस के मौके पर मैं यहां आया था तभी मैंने यह तय किया था कि इस परिसर का कायाकल्प कर एक नई पहचान देनी है, जो आज मूर्त रूप ले चुका है। नए आगंतुक जो यहां आएंगे अब इस परिसर के बदलाव को देखेंगे। जैप-1 परिसर अब एक आधुनिक पुलिस कैंप परिसर के रूप में पहचाना जाएगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड सशस्त्र पुलिस (जैप) -1 परिसर में नवनिर्मित ऑडिटोरियम, गैलरी, फूड कोर्ट एवं अन्य भवनों के उद्घाटन तथा परेड समारोह में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कहीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रांची स्थित जैप-1 परिसर ही नहीं बल्कि राज्य के सभी पुलिस कैंप परिसर चाहे वे परिसर सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में ही क्यों न अवस्थित हैं, राज्य सरकार इन सभी परिसरों का जीर्णोद्धार करने का काम करेगी।

सभी पुलिस कैंप परिसरों में आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएंगी। पानी, शौचालय, ठहरने के लिए कमरों की सुविधा सहित अन्य जरूरी व्यवस्थाओं से इन परिसरों को जोड़ा जायेगा ताकि हमारे पुलिस बल के जवानों को किसी प्रकार की परेशानी ड्यूटी के दौरान न हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार की सोच है कि हमारे पुलिस बल के जवानों को भी कर्तव्य निर्वहन के दौरान मानसिक तौर पर एक बेहतर माहौल प्रदान किया जाये। श्री सोरेन ने कहा कि हमारी सरकार राज्य के पुलिस कर्मियों के हर जरूरत को पूरा करने का प्रयास निरंतर कर रही है।

राज्य सरकार चाहती है कि पुलिस व्यवस्था में व्याप्त सभी शिकायतों को समाप्त किया जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने पुलिसकर्मियों के लंबित मांग क्षतिपूर्ति अवकाश देने का कार्य किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड सशस्त्र पुलिस-1, रांची परिसर में आधुनिक सुविधाओं से लैस नवनिर्मित ऑडिटोरियम, गैलरी, फूड कोर्ट सहित अन्य नवनिर्मित भवनों का उद्घाटन किया। मौके पर झारखंड सशस्त्र पुलिस-1, रांची में कराए गए निर्माण का वीडियो प्रजेंटेशन प्रदर्शित किया गया। इस अवसर पर सीएमडी झारखंड पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड रांची सह महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो अजय कुमार सिंह ने स्वागत संबोधन में कार्यक्रम के उद्देश्य पर विस्तृत प्रकाश डाला।इस अवसर पर प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग श्री राजीव अरुण एक्का, डीजी रेल श्री अनिल पालटा, एडीजी जैप श्री प्रशांत सिंह सहित पुलिस विभाग के अन्य वरीय पदाधिकारी, पुलिस बल के जवान एवं अन्य लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## भाजपा सांसद दीपक प्रकाश को मिली जमानत



रांची : भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश को रांची सिविल कोर्ट से जमानत मिली है। एमपी / एमएलए कोर्ट के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी अनामिका किस्कू की अदालत ने इन्हें जमानत की सुविधा प्रदान की। बता दें कि हेमन्त सरकार द्वारा किसानों से धान खरीद और किसानों को भुगतान नहीं हो पा रही थी। इस मुद्दे के साथ- साथ झारखंड सरकार के कृषि नीति के खिलाफ को लेकर किसानों के हित के लिए भाजपा नेताओं ने कांके के सुकुरहुटू में आंदोलन व प्रदर्शन किया था।जमानत की सुनवाई के दौरान मामले में भाजपा नेता की तरफ से अधिवक्ता सुधीर श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। इस मामले में तत्कालीन अंचल निरीक्षक बासुकीनाथ टुडू के लिखित प्रतिवेदन पर कांके थाना में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ,कांके विधायक समरी लाल सहित अन्य कुल 75 -80 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। 2021 में केस दायर किया गया था।

## पेज एक का शेष

### प्रधानमत्री मोदी ने .. ..

की शुरूआत उज्जवल भविष्य की नई उम्मीदों के साथ हुई है। प्रधानमंत्री ने सभी युवाओं तथा उनके परिवारों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले दिनों में लाखों और परिवारों को सरकारी नौकरी में नियुक्ति मिलने वाली है। प्रधानमंत्री ने कहा कि देश में ढांचागत विकास के समग्र दृष्टिकोण के साथ 8 वर्षों में रोजगार के लाखों अवसर सृजित किए गए हैं। उन्होंने ढांचागत क्षेत्र में 100 लाख करोड़ रूपये के निवेश का उदाहरण देते हुए जोर दिया कि कैसे नई बनी सड़क रोजगार के अवसर पैदा करती है।

### करीब दो सौ वर्षों बाद यहां..

वनस्पतियों की प्रजाति वहां मौजूद थी। मवेशियों को हटाये जाने के बाद प्रकृति ने फिर से इसे पूर्व स्थिति में लाने का काम किया। फॉर्म की तरफ से एक मादा चीता सिबेला को यहां लाया गया। इस मादा चीता को इंसानों और शिकारी कुत्तों ने बुरी तरह जख्मी कर दिया था। उसका ऑपरेशन किया गया और काफी दिनों तक उसकी देखभाल की गयी। पूरी तरह स्वस्थ होने के बाद उसे इस जंगल में छोड़ दिया गया। अब सिबेला के 20 शावकों की वजह से वहां चीतों की आबादी बढ़ने लगी है। उनके बाद फॉर्म की तरफ से शेरों का एक जोड़ा वहां लाया गया। टिटूस और सिकेलेले की जोड़ी को वहां जनवरी 2019 में छोड़ा गया था। अब दो साल के बाद उनके दो बच्चे भी हो चुके हैं। वहां जंगल भी अपनी पूर्व स्थिति में लौटने लगा है।

### मोदी और शाह को .. ..

प्रतिनिधियों को आगाह किया था, क्लिप के लीक से परेशान हो गए। जिसके बाद उन्होंने सुझाव दिया कि मीटिंग हॉल के अंदर फोन की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। वहीं, दिल्ली में हुई भाजपा की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल आगामी लोकसभा चुनाव के बाद तक बढ़ाने का फैसला किया गया है। इस प्रयास में कौन बाधा बन सकता है अथवा पार्टी की गोपनीय रणनीति पर होने वाली बात चीत को बाहर ला सकता है, इसे लेकर अटकलबाजी का बाजार गर्म हो गया है।

### पहली बार जैकेट में .. ..

लटकाकर राहुल गांधी काफी देर तक पैदल चले थे। वैसे राहुल गांधी को पहले भी ठंड के मौसम में गर्म कपड़े पहने हुए देखा गया है। इसी वजह से एक डिग्री तापमान में भी वह सिर्फ टी शर्ट क्यों पहनकर चल रहे हैं, यह चर्चा का विषय बन गया था। वैसे आज बारिश की वजह से सुबह की यात्रा करीब एक घंटे देर से प्रारंभ हुई।

इधर जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने शुक्रवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा के लिए पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की गयी है और प्रशासन इसे सुचारु रूप से संचालित करेगा। उपराज्यपाल ने कहा कि श्री गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को सुचारू रूप से जारी रखने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यात्रा के बारे में चिंता करने की कोई बात नहीं है।

### दस राज्यों पर पड़ेगी .. ..

रहा है कि इस नियम के लागू होने से पुदुचेरी, पंजाब, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, गोवा और उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था पर सबसे बुरा असर पड़ेगा क्योंकि इन सभी राज्यों का जीएसटी कंपनशेसन दस प्रतिशत की सीमा को पार कर चुका है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पिछले माह ही कहा था कि झारखंड को अभी राजस्व के मद में पांच हजार करोड़ का नुकसान हो रहा है। इसलिए उन्होंने झारखंड के लिए छूट की मांग की थी। दूसरी तरफ छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री ने कहा था कि अगर इसे रोका गया तो राज्य को तीन हजार करोड़ का वार्षिक नुकसान होगा। दिल्ली सरकार का दावा है कि इस कंपनसेशन को रोकने से उन्हें भी वार्षिक आठ हजार करोड़ का घाटा होगा। इसका आकलन करते हुए जीएसटी काउंसिल ने इसकी अवधि मार्च 2026 तक बढ़ाते हुए यह शर्त लगायी थी कि इस पैसे का उपयोग सिर्फ पहले लिये गये कर्ज की अदायगी के लिए किया जाएगा। ऐसी स्थिति मे कई राज्यों के विधानसभा चुनाव करीब आने के मौके पर केंद्र सरकार इस पर क्या कार्रवाई करती है, इसी पर आर्थिक विशेषज्ञों का ध्यान अटका हुआ है।

### रिमोट कंट्रोल से काम .. ..

गुजरना पड़ेगा। इस विधि को यूनिवर्सिटी ऑफ इलोनियस और नार्थवेस्टर्न यूनिवर्सिटी सहित कई शोध संस्थानों के संयुक्त प्रयास से विकसित किया गया है। इसे शोध दल ने हाईब्रिड ई-रोबोट का नाम दिया है। इसे लचीले पदार्थों से तैयार किया गया है। जिसमें जीवित मांसपेशियां हैं और इसमें बाहर के निर्देश पर काम करने में सक्षम अत्यंत छोटे आकार के माइक्रो इलेक्ट्रानिक्स उपकरण लगाये गये हैं। इस बारे में प्रसिद्ध वैज्ञानिक पत्रिका साइंस रोबोटिक्स में जानकारी प्रकाशित की गयी है। इस शोध से जुड़े वैज्ञानिक और प्रोफसर रशीद बशीर ने कहा कि जैविक रोबोट को माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ जोड़ना कोई आसान काम नहीं था। इन दोनों के तालमेल की सुविधा कितनी है, उसकी जानकारी अब मिल रही है। उनका मानना है कि अब इस विधि के सफल होने के बाद सिर्फ चिकित्सा में ही नहीं बल्कि सेंसिंग और पर्यावरण संबंधी कार्यों में भी इसका बेहत? इस्तेमाल हो सकेगा। प्रोफसर बशीर ग्रेनर कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के डीन भी हैं।

इन जैविक रोबोटों को आसानी से चलने के लिए ही बैटरी और तार हटाये गये हैं। इनके अंदर एक क्वायर है जो ऊर्जा प्रदान करता है और इसमें माइक्रो एलईडी बनाने का काम यूनिवर्सिटी ऑफ ह्यूस्टेन में सहायक प्रोफसर झेंलवेई ली की देखरेख में पूरा किया गया है। बाहर से निर्देश मिलने पर यह एलईडी काम करने लगते हैं। इस रोशनी के जरिए जैविक रोबोट सक्रिय भी हो जाता है। परीक्षण में देखा गया है कि इस जैविक रोबोट के किसी भी हिस्से तक पहुंचाया जा सकता है। जैविक रोबोट को किसी भी दिशा में भेजा जा सकता है। अब इसका व्यवहारिक परीक्षण करने की तैयारी चल रही है। ताकि उपयोगिता को साबित किया जा सके।

### रूसी राष्ट्रपति ने कहा .. ..

यूक्रेन तथा उसके समर्थक देश बोलने से कतराते हैं। इसलिए रूस ने अपने लोगों को बचाने के लिए यह ऑपरेशन चला रखा है। यानी अपने बयान के माध्यम से पुतिन ने यह स्पष्ट कर दिया कि रूस के लिए यह युद्ध नहीं है। पुतिन ने पहले भी कहा था कि युद्ध अभी प्रारंभ कहां हुआ है। शांतिपूर्ण समाधान के प्रयासों को रूस की कमजोरी समझते रहने की वजह से अब मजबूरी में ऐसा कदम उठाना पड़ा है ताकि अपने लोगों की सुरक्षा हो सके।

# बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा



राष्ट्रीय खबर

**रांची :** बालू, पत्थर और कोयले के बाद झारखंड में शुद्ध देसी घी चर्चा में है। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन ने दो सालों में भ्रष्टाचार की ऐसी घी निकाली, जिसे खाने वाले अब पछता रहे हैं। बाबूलाल ने ट्विट करते हुए कहा कि अबतक सुना था कि घी सिर्फ दूध से निकलता है। लेकिन सोरेन राज परिवार के एक्सीडेंटल उत्तराधिकारी राजकुमार हेमंत सोरेन ने दो सालों में पत्थर, बालू, कोयला, जमीन, शराब, ट्रांसफर-पोस्टिंग से ऐसी घी निकाली कि इसे खाने-पचाने वाले किरदारों की जेल के नाम से ही तबीयत बिगड़ जा रही है। बाबूलाल ने कहा कि गैंग्स ऑफ साहिबगंज के एक किरदार माइनिंग अफसर विभूति कुमार देसी घी भी सप्लाई करते थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की पूछताछ में मोबाइल चैट के बारे में विभूति ने बताया कि वो सीए सुमन को रांची में शुद्ध घी उपलब्ध करा रहे थे। उन्होंने कहा कि डीएमओ विभूति कुमार ने सीए के अलावे और किस-किस को घी खिलाया है, यह तो जांच में पता चल ही जाएगा।उन्होंने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकार में कुछ बेईमान अफसरों, दलालों, बिचौलियों ने मिलकर घी खाने-खिलाने का ही तो काम किया है। जैसे-जैसे परतें खुलेंगी, यह घी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक ही सिद्ध होगा। बस आगे-आगे देखते जाइये।

# हेमंत सोरेन ने दलितों के साथ किया धोखा : रामलगन राम

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** झारखंड प्रदेश गुरु रविदास महासभा रांची के बैनर तले राजभवन के समक्ष एससी समुदाय के लोगों ने अपनी मांगों को लेकर शुक्रवार एकदिवसीय धरना दिया। धरने में रांची, हेसाग, मौसीबाड़ी, जगरनाथपुर, डोरंडा, कांटाटोली और अपर बाजार के महिला पुरुष शामिल हुए। इस अवसर पर रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुहैल राम ने कहा कि झामुमो सरकार दलितों को ठगने का काम कर रही है। झारखंड में लगातार अनुसूचित जाति के साथ अत्याचार बढ़ रहा है। सरकार चुप्पी साधे बैठी है। उन्होंने मांग की कि स्थानीय नीति में अनुसूचित जाति को जगह मिलनी चाहिए। आरोप लगाया कि झारखंड सरकार दलितों और पिछड़ों को ठगने का काम कर रही है। भाजपा महानगर अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामलगन राम ने कहा कि हेमंत सोरेन ने दलितों के साथ धोखा किया है। सचिव प्रदीप रवि ने कहा कि रांची नगर निगम चुनाव में मेयर का पद अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित किया गया था। इसे हटाकर हेमंत सोरेन ने दलितों के साथ धोखा किया। कहा कि टीएसी की बैठक कर झामुमो ने अनुसूचित जाति के बजाय अनुसूचित जनजाति के लिए मेयर सीट आरिक्षत कर दी। सचिव ने कहा कि अगर हमारी मांगें नहीं मानी गयी तो सड़क से लेकर सदन तक उग्र आंदोलन करेंगे। आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने सालों से अनुसूचित जाति आयोग को बंद कर दिया है, जिससे राज्य में दलित समाज पर अत्याचार बढ़ रहे हैं। मौके पर दीपक कुमार रवि, संतोष कुमार रवि, विशाल कुमार, रविदास महासभा के पूर्व अध्यक्ष सुहैल राम,संदीप राम, जगदीश दास, गुड्डु राम समेत सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस अध्यक्ष करेंगे झारखंड दौरा

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे फरवरी माह के पहले सप्ताह में झारखंड दौरे पर आयेंगे। वे यहां कार्यक्रम हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की शुरूआत करेंगे। कार्यक्रम को लेकर पार्टी स्तर पर तैयारी शुरू कर दी गयी है। रांची पहुंचने के बाद श्री खड़गे पार्टी के पदाधिकारियों के साथ बैठक भी करेंगे। पार्टी द्वारा किये जा रहे कार्यक्रमों की भी जानकारी लेंगे। बताया गया कि हाथ से हाथ जोड़ो कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत 26 को दिल्ली में होगा।रामगढ़ चुनाव की भी घोषणा हो चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री खड़गे झारखंड की राजनीति पर लगातार नजर बनाये हुए हैं। बैठकों का दौर लगातार जारी है। प्रदेश कांग्रेस ने रामगढ़ उपचुनाव को लेकर जिला स्तरीय चुनाव संचालन समिति का गठन कर दिया है। पार्टी के सारे पदाधिकारियों की जिम्मेवारी भी तय कर दी गयी है। जिला स्तरीय संचालन समिति का गठन प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे की सहमति के बाद बनायी गयी है।

# हेमंत के दबंग मंत्री बन्ना स्वर्णरेखा में चलवा रहे पोकलेन : सरयू राय

राष्ट्रीय खबर



**रांची :** विधायक सरयू राय ने मंत्री बन्ना गुप्ता पर स्वर्णरेखा नदी में जबरन खुदाई करवाने का आरोप लगाया है। ट्विट कर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन के दबंग मंत्री बन्ना गुप्ता जेएनएसी के विशेष पदाधिकारी से जबरन पोकलेन छिनवाकर स्वर्णरेखा नदी का पेट फाड़ रहे हैं। इस काम में जमशेदपुर के आधार दर्जन धनबाद उनकी मदद में वहां जमे हैं। यह काम निजी धन का है। सारकारी योजना का नहीं। इससे पहले ट्विट कर उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पूछा है कि जमशेदपुर दोमुहान पर ये पोकलेन स्वर्णरेखा नदी का पेट किसके आदेश से फाड़ रहे हैं। यह गैरकानूनी काम कौन सरकारी व्यक्ति या एजेंसी करा रही है। पोकलेन पकड़कर कौन लाया है। स्वर्णरेखा के अतिक्रमण पर डब्लू(पीआईएल)1325/2011 जिसमें मैं इंटरवेनर हूं,आदेशोपरांत आज भी लंबित है।

**राजनीति** नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत कर रहा तीन अंतरराष्ट्रीय संगठनों की अध्यक्षता: दीपक प्रकाश

# रामगढ़ का प्रत्याशी विचार विमर्श के बाद तय होगा

- भाजपा और आजसू का काफी पुराना रिश्ता है
- केंद्रीय कार्यकारिणी के प्रस्तावों के बारे में बताया
- विपक्ष के सारे आरोप अंततः झूठे ही साबित हुए




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** रामगढ़ उपचुनाव में एन डी ए उम्मीदवार की होगी जीत,राष्ट्रीय नेतृत्व से विचार विमर्श के बाद होगी उम्मीदवार की अधिकृत घोषणा की जाएगी। आगामी रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के संबंध में पत्रकार बंधुओं के सवालों का जवाब देते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि भाजपा आजसू का पुराना और नैसर्गिक संबंध है। झारखंड आंदोलन में दोनो पार्टियों ने साथ साथ संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा राष्ट्रीय पार्टी है। इसलिए उम्मीदवार की विधिवत घोषणा सही समय पर केंद्रीय नेतृत्व करेगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने आज प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता कर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक में पारित राजनीतिक प्रस्ताव एवम संकल्पों पर प्रकाश डाला। श्री प्रकाश ने कहा कि नई दिल्ली में विगत 16एवम 17जनवरी को पार्टी की दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यसमिति बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर पार्टी के यशस्वी राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा जी का कार्यकाल जून 2024तक बढ़ाया गया। प्रदेश भाजपा उन्हें बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए उनके नेतृत्व में पार्टी की सांगठनिक संरचना को और मजबूत करने का संकल्प व्यक्त करती है। उन्होंने कहा कि भाजपा आगामी लोकसभा चुनाव में श्री नड्डा जी के कुशल मार्गदर्शन में तीसरी बार मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र में सरकार बनाएगी। राष्ट्रीय कार्यसमिति में राजनीतिक प्रस्ताव के साथ गरीबकल्याण योजनाओं, भारत को मिली जी 20की अध्यक्षता और राजग सरकारों की अटूट निष्ठा का विषय गरीब कल्याण पर वक्तव्य जारी किया गया। श्री प्रकाश ने कहा कि गुजरात चुनाव में 53%वोट के साथ 182में से 156सीटों पर कमल खिला। साथ ही आदिवासी इलाके की 27में से 23सीटें भाजपा के खाते में गई।जबकि एससी केलिए आरक्षित 13में से 11सीट भाजपा को मिली। भाजपा को पहली बार किसी राज्य में 86%सीटें मिली। उन्होंने कहा कि शहरी इलाकों की 53में 49सीट जबकि ग्रामीण इलाकों की 98में से 79सीट भाजपा ने जीती। गुजरात चुनाव में भाजपा को 53.33%वोट मिले। इसके अलावा आगामी विधानसभा चुनावों में विजय संकल्प,काशी तमिल संगमम,हर घर तिरंगा कार्यक्रम की ऐतिहासिक सफलता की चर्चा हुई।

अदालत से लेकर सुप्रीम कोर्ट में खारिज हुई।चाहे पेगासस मामला हो,राफेल से राजकोष नुकसान का मामला हो,सर्जिकल स्ट्राइक,पुलवामा मामला हो,सेंट्रल विष्टा,आर्थिक आधार पर आरक्षण या फिर नोट बंदी का मामला हो सभी में विपक्ष की करारी हार हुई। उन्होंने कहा कि विश्व पटल पर भारत की बढ़ती साख लगातार बढ़ रही है।एक साल में जी 20,संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और शंघाई सहयोग संगठन की अध्यक्षता मिलना बताता है कि भारत ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में अपनी ताकत का लोहा पूरी दुनिया को मनवा दिया। इसके अलावा इस वर्ष मोटा अनाज वर्ष घोषित किए जाने पर भी चर्चा हुई। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि बैठक सामाजिक आर्थिक संकल्प व्यक्त करते मोदी सरकार के अंतर्गत गरीबों के अधिकार से सशक्तिकरण की ओर बढ़ते कदम की विस्तृत चर्चा हुई।कोविड चुनौती का प्रभावी प्रबंधन,आर्थिक मोर्चे पर वापसी,आजादी का अमृत महोत्सव, सांस्कृतिक पुनरुद्धार,सभी को न्याय, जीएस टी,मुद्रा योजना,किसानों को समर्थन,डिजिटल इंडिया,मेक इन इंडिया, वोकल फॉर लोकल,आत्मनिर्भर भारत,पीएम गति शक्ति योजना की चर्चा हुई। भाजपा झारखंड प्रदेश कार्यसमिति बैठक की जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष एवम सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि राष्ट्रीय कार्यसमिति की बातों और संकल्पों को जमीन पर उतारने केलिए आगामी 23जनवरी एवम 24जनवरी को दो दिवसीय बैठक देवघर में आयोजित है।

# शिक्षा उस शेरनी का दूध है, जो पियेगा वही दहाड़ेगा : रवि रंजना

## महिला थाना द्वारा छात्राओं के लिए सशक्तिकरण सभा आयोजित

राष्ट्रीय खबर

**गया :** महिला थाना के द्वारा रमना स्थित +2 कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय में महिला सशक्तिकरण सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वन स्टॉप सेंटर की आरती कुमारी, महिला हेल्प डेस्क की संगीता एवं महिला थानाध्यक्ष रवि रंजना के द्वारा महिलाओं एवं किशोरियों को सशक्त करने हेतु अपने-अपने विचारों से अवगत कराया गया। विद्यालय की शिक्षिका नमिता वर्मा ने विषय प्रवेश करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। सभा को संबोधित करते हुए महिला थाना अध्यक्ष रवि रंजना कुमारी ने सभी छात्राओं से आह्वान किया कि सुरक्षा बिंदुओं पर किसी प्रकार का समझौता ना करें। कोई भी घटना होती है तो इसकी तुरंत जानकारी अपने माता-पिता एवं स्थानीय थाना को दें। उन्होंने कहा कि छात्राओं को अपने शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है।सभी लोग लड़कियों की शिक्षा पर विशेष जोर दें। शिक्षा से महिलाएं स्वाबलंबी हो सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा उस शेरनी का दूध है,जो पिएगा वही दहाड़ेगा।कोई लड़की स्कूल जाती है तो बिना डरे स्कूल



जाएं। उनके साथ अगर कोई छेड़छाड़ की घटना करता है तो उसको छुपाए नहीं बल्कि अपने घरवालों या पुलिस को इसकी जानकारी दें। ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कदम उठाया जाएगा। बस में यात्रा करते समय सावधानी बरतने, सोशल मीडिया का उपयोग करते हुए सचेत रहने के साथ साइबर सुरक्षा और परिस्थिति जन्य आत्म सुरक्षा के उपाय बताएं। उन्होंने हेल्पलाइन नंबर 112 के संबंध में जानकारी दी।

वही वन स्टॉप सेंटर की परियोजना प्रबंधक आरती कुमारी ने महिला सुरक्षा एवं महिला उत्पीड़न आदि के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए कहा कि स्कूली बच्चियां हो या महिलाएं यदि उनके साथ कहीं कोई अप्रिय घटना होती है तो उस को छुपाए नहीं क्योंकि ऐसा करने से मनचले को बढ़ावा मिलता है और और उनके हौसले बुलंद होते हैं। आप जागरूकता दिखाएंगे तो ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने वन स्टॉप सेंटर के क्रियाकलापों के बारे में बताते हुए कहा कि महिलाओं एवं लड़कियों के खिलाफ हो रही हिंसा के विरुद्ध न्याय दिलाती है। महिला हेल्पलाइन नंबर 181 पर अपनी शिकायत दर्ज करें। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यालय की छात्राएं उपस्थित थी। धन्यवाद ज्ञापन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सरोज कुमारी ने किया।

## वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल ने किया ज्वेलरी डिमांड एंड ट्रेड का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** उपभोक्ता के व्यवहार में आए परिवर्तन के बाद सोने के आभूषणों की मांग और महत्व का आकलन किया गया है। यह रिपोर्ट भारत में आभूषणों के वर्गीकरण पर रोशनी डालती है और सोने के आभूषणों के लिए क्षेत्रीय आय एवं लोगों की मांग का विश्लेषण करती है। इस रिपोर्ट में भारत से आभूषणों का निर्यात करने के लिए सबसे बड़े बाजारों और उद्योग के ठोस परिदृश्य को भी टटोला गया है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल में क्षेत्रीय सीईओ, भारत, सोमसुंदरम पीआर ने कहा, भारत विश्व में सोने के बाजारों के लिए एक मजबूत स्तंभ है, और स्वर्णकारों के लिए दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। विवाहोत्सव और त्योहार आभूषणों की मांग को बल देते हैं, हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और ऐतिहासिक स्थिति वैश्विक कारोबार में एक महत्वपूर्ण शक्ति हैं, जिससे सोने के साथ हमारा मजबूत सामाजिक-आर्थिक संबंध प्रदर्शित होता है। समय के साथ हमने सोने को संजोने के लिए अनेक कारणों और खुशी के अवसरों का निर्माण कर लिया है। अकेले ब्राईडल ज्वेलरी का सेगमेंट बाजार के लगभग आधे हिस्से के बराबर है, और देश में सोने के आभूषणों का सबसे बड़ा उपभोक्ता ग्रामीण बाजार है।

## मुंगेर विश्वविद्यालय का नाम फणीश्वरनाथ रेणु विश्वविद्यालय करने की मांग

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** लोकमंच ( सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था) बरियारपुर, मुंगेर के महासचिव विनय कुमार सिंह ने बिहार के राज्यपाल महामहिम फागू चौहान मुख्यमंत्री नितीश कुमार, उपमख्यमंत्री तेजस्वी यादव, शिक्षा मंत्री प्रो. चंद्रशेखर तथा मुंगेर विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. डॉ श्यामा राय से मुंगेर विश्वविद्यालय का नाम भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के प्रखर स्वाधीनता सेनानी और हिन्दी साहित्य के अमर कथा शिल्पी फणीश्वर नाथ रेणु जी के नाम पर करने की मांग करते हुए कहा है कि फणीश्वरनाथ रेणु एक ऐसे साहित्यकार हैं, जिन्होंने



न सिर्फ भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन में शामिल हुए बल्कि कई बार वे जेल भी गए। आजादी के बाद वर्ष 1974 में लोकनायक जयप्रकाश नारायण जी के नेतृत्व में चलाए जा रहे छात्र आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और उस समय भारत सरकार द्वारा दिया गया पद्मश्री का सम्मान भी वापस कर दिया। फणीश्वरनाथ रेणु ही एक मात्र ऐसे साहित्यकार हैं जिनकी कृतियों का सर्वाधिक अनुवाद देश की अलग - अलग भाषाओं में ही नहीं बल्कि विदेशों की भी भाषाओं में अनुवाद और शोध का काम हुआ है और हो रहा है।

मैं मुंगेर जिला प्रशासन से भी मांग करता हूं कि मुंगेर जिला मुख्यालय के प्रमुख चौंक पर फणीश्वरनाथ रेणु की आदम कद प्रतिमा स्थापित किया जाय।

इससे भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़े स्वाधीनता सेनानी के साथ - साथ एक साहित्यकार का भी सम्मान होगा।

## गरीब -मजलूमो के घरों पर बुलडोजर की करवाई के खिलाफ विरोध जारी रखेगा माले

### बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए बगैर घर उजाड़ने की करवाई नियम संगत नहीं है : भाकपा माले

राष्ट्रीय खबर

**छौड़ादानो/पू.च :** भाकपा माले की जिला स्तरीय जांच टीम छौड़ादानो अंचल के खैरवा बाजार गांव पहुंची।जिला प्रशासन की बुलडोजर की कार्रवाई से पीड़ित गरीबों से मिलकर उनके दुख दर्द को सुना समझा।मोहम्मद जुबैर, मुन्नी खातून,बदरे आलम, शेख सुखाड़ी, अब्दुल खालिद ने बताया की दिनांक 19 जनवरी को पुलिस प्रशासन दल बल के साथ आई और कार्रवाई शुरू कर दी जबकि आज 20 जनवरी को सिपाही की उपस्थिति में जमीन की माफी की



जा रही थी। घर तोड़ने के बाद अमानत करने से दबंगता की पोल खुली है। घटनास्थल पर रैयती जमीन पर भी घर क्षतिग्रस्त की बात सामने आई।जांच दल में शामिल भाकपा माले के नेताओं ने कहा-बुलडोजर राज की शुरूआत उत्तर प्रदेश से हुई थी और आज बिहार में भी उसको स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन भाजपा की मोदी सरकार से संचालित हो रही है। कोई बहाना बनाकर गरीबों के घरों पर बुलडोजर चलाकर तोड़ा जा रहा है! जिसे भाकपा माले बर्दाश्त नहीं करेगी। हम महागठबंधन सरकार का समर्थन जरूर कर रहे हैं। लेकिन किसी भी गांव में गरीबों को उजाड़ने का प्रयास होगा तो हम इसका पुरजोर विरोध करेंगे! गरीब जनता की आवाज के साथ सड़कों पर माले के कार्यकर्ता अगली पंक्ति में रहेंगे जांच दल में भाकपा माले जिला सचिव प्रभूदेव यादव जिला कमिटी सदस्य रूपलाल शर्मा, जीत लाल सहनी के साथ स्थानीय नेता अतिउल्लाह मियां भी शामिल थे।

## बदमाशों के मन से पुलिस का खौफ खत्म

### दिनदहाड़े घर में घुसकर युवक को दाग दी चार गोलियां

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** खबर राजधानी में बेखौफ अपराधियों ने घर में घुसकर एक शख्स को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बदमाश युवक को चार गोलियां दागने के बाद मौके से फरार हो गए।गोली लगने से घायल हुए युवक को आनन-फानन में पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है। घटना फुलवारीशरीफ थाने के राधामोहन नगर मित्रमंडल कॉलोनी की है।

युवक की पहचान राधामोहन नगर के मित्रमंडल कॉलोनी निवासी पुतुल कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि शुक्रवार की दोपहर जब पुतुल कुमार अपने घर में मौजूद था, अपराधी उसके घर में घुस गए और गोली मारकर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद युवक के परिजनों में कोहराम मच गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस मामले के छानबीन में जुट गई है। किस कारण से अपराधियों ने पुतुल कुमार को गोली मारी फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो सका है। फिलहाल पुलिस आसपास के लोगों से घटना से संबंधित जानकारी जुटा रही है। पुलिस ने जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर लेने का भरोसा दिलाया है।

## प्रखंड स्तरीय दक्ष वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन संपन्न



राष्ट्रीय खबर

**फेनहारा, पू. च. :** प्रखंड के आदर्श मध्य विद्यालय में कला संस्कृति एवम युवा विभाग के तत्वधान में फेनहारा खेल मैदान में एक दिवसीय प्रखंड स्तरीय दक्ष वार्षिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रखंड प्रमुख राधेश्याम सिंह की अध्यक्षता में हुई इसका मंच संचालन मो. असलम जावेद ने किया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला परिषद आकाश गुप्ता, बीडीओ अर्पित आनंद, सीओ बिजेंद्र सिंह, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी कपिलदेव राम ने पहुँच कर संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित किया।

प्रखंड प्रमुख ने दक्ष वार्षिक खेल कार्यक्रम को फीता काटकर शुभारम्भ किया। प्रखंड के सभी उच्च विद्यालय के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता का नेतृत्व शिक्षक सुबोध सिंह और हरिदेव शर्मा ने किया। अपने स्कूल के छात्र छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए शिक्षक दिनेश सिंह, संजय कुमार, मोहम्मद फैज अरीफ, सजीव कुमार शर्मा, प्रकाश प्रियदर्शि, मोहम्मद इरसाद हमद, मोहम्मद फारूक मौजूद रहे। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को अंचलाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी और प्रखंड प्रमुख ने पुरस्कार देकर बच्चों को सम्मानित किया। मौके पर मुखिया पति सह वर्तमान पैक्स अध्यक्ष अमजद कमाल उर्फ संबिल उप प्रमुख पति रंजीत प्रसाद सहित सैकड़ो बच्चे उपस्थित थे।

## समाधान यात्रा के दौरान आज गया पहुंचेंगे सीएम

### जदयू नेताओं का दल ने तैयारी का लिया जायजा

राष्ट्रीय खबर

**गया :** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज 21 जनवरी को समाधान यात्रा के लिए गया आएंगे। यहां दिन में बोधगया और बांके बाजार में जाने का कार्यक्रम है। शाम को वे राजगीर के लिए रवाना हो जाएंगे। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री बोधगया प्रखंड के इलरा पंचायत और अति नक्सल प्रभावित इलाका बांके बाजार प्रखंड के बेला गांव जाएंगे। सीएम इलाके में हो रही लेमन ग्रास की खेती को देखकर किसानों से मिलेंगे वही इलरा पंचायत में नीरा से बनने वाले तिलकुट को देखेंगे। इलरा पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने की पहल चल रही है। इसके लिए डीएम डॉ त्यागराजन ने पंचायत का भ्रमण किया है। इस पंचायत में सात निश्चय योजना के सभी कार्य



कराए जा रहे हैं। गांव में पोखर का निर्माण,पंचायत सरकार भवन बनकर तैयार हो गया है, जिसे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार उद्घाटन करेंगे। इधर बांके बाजार में लेमन ग्रास की खेती में लोगों को बहुत आकर्षित किया है। नक्सल और सूखा प्रभावित इलाका होने के कारण लेमन ग्रास की खेती किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा है। समाधान यात्रा के दौरान सीएम स्थानीय सांसद और विधायक के अलावा जनप्रतिनिधियों से मुलाकात करेंगे। उनके साथ सभी विभागों के सचिव रहेंगे। शुक्रवार को जदयू महानगर अध्यक्ष राजू बरनवाल के नेतृत्व में जदयू नेताओं का एक शिष्टमंडल ने मुख्यमंत्री के सभा स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह दौरा कई मायने में बेहद खास है। जहां भी लोगों की समस्याओं को सुनकर त्वरित समाधान का उपाय बताएंगे। उन्होंने बोधगया के इंदिरा और बांके बाजार के बेला गांव का भ्रमण तैयारी से संबंधित जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर पूर्व विधायक कृष्ण नंदन प्रसाद यादव, अजय पासवान, पूर्व जिला अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद, सतीश पटेल, शंभू सिंह, सोनम दास, मनोज कुशवाहा, रंजीत कुशवाहा, कमलेश वर्मा, डब्लू पटेल सहित कई अन्य नेता शामिल थे।

## मारपीट में घायल सुनील की इलाज के दौरान मौत

राष्ट्रीय खबर

**तुरकौलिया/ पू.च. :** चरगाहां पंचायत के कचहरिया टोला के सुनील उपाध्याय की मौत इलाज के दौरान हो गई। गत शुक्रवार को मारपीट में वह घायल हो गया था। जिसका इलाज पटना पीएमसीएच में चल रहा था। जहां उसकी मौत गुरुवार को पटना में हो गई। शुक्रवार को शव घर पर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन शव को सड़क पर रखकर एसपी या वरीय पदाधिकारी को बुलाने का मांग कर रहे थे। फिलहाल प्रशिक्षु आईएएस प्रवीण कुमार, मुफस्सिल इंस्पेक्टर नेयाज अहमद, बीडीओ रमेंद्र कुमार, थानाध्यक्ष मिथलेश कुमार आदि पदाधिकारी परिजनों को मनाने में जुटे थे। वही आक्रोशित परिजन सीओ व पुलिस प्रशासन पर आरोप लगा रहे थे कि समय रहते ये लोग चाहते तो जमीनी विवाद सलझा देते तो सुनील की मौत नही होती। जमीनी विवाद को लेकर अंचल कार्यालय में आवेदन देने के



बाद भी कोई कार्रवाई नही हुई। साथ ही मारपीट होने के बाद थाना पर आवेदन दिया गया था। बावजूद इसके मामले पुलिस कोई ठोस कार्रवाई नही की। प्राथमिकी दर्ज करने के 7 दिनों बाद भी किसी आरोपित की गिरफ्तारी नही हुई है। इसी मुद्दे को लेकर मृतक के परिजन शव के साथ सड़क पर बैठे थे। इधर परिजनों से सदर डीएसपी ने बात करके भरोसा दिलाया है कि दोषियों को एक सप्ताह के भीतर हर हाल में गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही स्पीडी ट्रायल चलाकर शीघ्र ही आरोपियों को सजा दिलाई जाएगी। तब जाकर परिजनों ने शव का दाहसंस्कार किया। विदित हो कि मारपीट को लेकर जख्मी सुनील उपाध्याय ने गत 13 जनवरी थाना पर आवेदन देकर गांव के ही विरेंद्र उपाध्याय, पवन कुमार, चंदन कुमार, कृष्णा उपाध्याय, रंजन कुमार व सुभाष बैठा के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराया था। जहां उसने बताया था कि वह पैसे लेकर अपने रिश्तेदार के यहां जा रहा था। जब वह गांव के ही नजरुद्दीन मियां के घर के पास पहुंचा तो उक्त सभी लोग पहले से सड़क किनारे घात लगाकर बैठे थे। जहां देखते ही वे लोग गाली गलौज देते हुए मारने लगे। सभी लोग हाथ में लोहे का रड, फरसा, लाठी व डंडा लिए हुए थे।

## हजारों की संख्या में त्रिवेणी स्नान के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु, सजने लगी दुकानें



**बगहा :** वाल्मीकि की तपोस्थली और लव कुश का कीड़ास्थली वाल्मीकिनगर श्रद्धालुओं से खचाखच भर गया है।बताते चलें कि ऐतिहासिक वाल्मीकिनगर के त्रिवेणी संगम पर माघ मौनी अमावस्या मेले के अवसर पर 21 जनवरी को श्रद्धालु आस्था की डुबकी लगाएंगे। वाल्मीकि नगर क्षेत्र में पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश और बिहार के दूर दूर से भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का तांता लगा हुआ है। स्थानीय तीन आर डी पुल से गोल चौक और गंडक बराज जाने वाले सड़क में अनेक प्रकार के वस्तुओं की दुकानें सज गई है।भीड़ होने के कारण लोगों का पैदल चलना भी मुशकिल हो गया है। मौसम भी श्रद्धालुओं के अनुकूल हो गया है, इस कारण भारी संख्या में श्रद्धालु वाल्मीकि नगर नारायणी तट पर स्थित लव कुश घाट, कालीघाट, सोनहा घाट समेत नेपाल के त्रिवेणी घाट पर भारी संख्या में पर्यटक आस्था की डुबकी लगाकर दान पुण्य कर पुण्य के भागी बनेंगे। सीमा सुरक्षा में तैनात एसएसबी 21वीं वाहिनी गंडक बराज के द्वारा पड़ोसी देश नेपाल में जाने वाले वाहनों समेत लोगों और उनके सामान की गहन तलाशी ली जा रही है। वाल्मीकिनगर पुलिस और एसएसबी के जवान थानाध्यक्ष शशि शेखर चौहान के नेतृत्व में सभी भीड़भाड़ वाले चौक चौराहा तथा मुख्य मार्ग में तैनात किए गए हैं।जगह जगह पर सुरक्षा कर्मियों को सादे और वर्दी में तैनात किया गया है।ताकि सुरक्षा में कोई कमी न रह जाये। इस बाबत जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष शशि शेखर चौहान ने बताया कि मेले में आने वाले लाखों की संख्या में श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए वाहनों का रूट निर्धारित कर दिया गया है। सुरक्षा में एसएसबी के प्रशिक्षित डौग्स भी जांच में लगाए गए हैं। मेले में पहुंच रहे भारी भीड़ के कारण व्यवसाईयों के चेहरे पर मुस्कान है और अच्छे व्यापार की उम्मीद है।

## इमैजिनेशन का सांतवा परवाज अंतरराष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर

**पटना :** सांस्कृतिक संस्था इमैजिनेशन का सांतवा अंतरराष्ट्रीय नाट्य महोत्सव परवाज-2023 प्रेमचंद रंगशाला में शुरू हुआ। अंतरराष्ट्रीय महोत्सव के पहले दिन फिल्म और ओटीटी के चर्चित कलाकार जतिन सरना और प्रियंका शर्मा ने खड़िकी नाटक में अपने अभिनय से दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। साथ ही झारखंड से आए अनुभूति संस्था के कलाकारों ने नृत्य की उत्पत्ति पर शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। सांतवें परवाज अंतरराष्ट्रीय नाट्य महोत्सव का उद्घाटन विजय कुमार सिन्हा, नेता प्रतिपक्ष, शिक्षाविद मयाशंकर, पदम्श्री प्रो० एच.सी वर्मा, प्रोफेसर, आई.आई.टी,




कानपूर, वरुण सिंह, अध्यक्ष, भाजपा कला संस्कृति प्रकोष्ठ बिहार, विनोद अनुपम, फिल्म समीक्षक, संजय उपाध्याय, (वरिष्ठ रंग निर्देशक), संतोष कुमार, प्रोफेसर, कॉलेज ऑफ कॉमर्स, आर्ट्स एवं साइंस द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

विकास बाहरी द्वारा लिखित एवं निर्देशित नाटक खिड़की एक ऐसे लेखक की कहानी है जो अपने कमरे में अकेला रहता है। नाटक के कई प्रसंग ऐसे हैं जो लेखक के जीवन की समस्त वास्तविकताओं को प्रदर्शित करते हैं। जैसे किराया देर से चुकाने और मकान मालिक से बात करने की चिंता। ग्राहक के सामने गिड़गिड़ाना ताकि वह उसके बिलों का भुगतान जल्द कर दे इत्यादि, इत्यादि। लेखक को समकालीन तरीके से भी प्रस्तुत किया गया है जिसमें उसे गुजारा करने के लिए संघर्ष करने में परेशानी हो रही है। नाटक में ऐसा दृश्य दिखाता है जहां वह अपने पड़ोस में रहने वाली लड़की के बारे में हर अनुमान को सही पाता है और यह जान के वह चौंक जाता है। नाटक को रोचक तकनीकों के साथ मजेदार भी बनाया गया है। जैसे लेखक के सपनों में नेताओं के भाषणों को बीच-बीच में दिखाया जाता है। नाटक के प्रेमकथा पहलू को भी सुचारू रूप से संचालित किया गया है। एक लड़की जिसे उसने कई महीनों तक अपने खिड़की से देखा था, वह अब उसकी पड़ोसन बन जाती है। रात में चाय बनाने के लिए कुछ चीनी माँगने के साथ उनकी बातचीत शुरू होती है। धीरे-धीरे वे एक-दूसरे को जानने लगते हैं। नाटक में ऐसे कई क्षण होते हैं जहां पात्र डरते हैं जो प्यार के विभिन्न भावनाओं को दशार्ते हैं। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को प्रवीण सांस्कृतिक मंच के कलाकार काशी की कहानी पर आधारित नाटक गुंडा की प्रस्तुति देंगे।

## शहर >> अपडेट

### साइकिल चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ पुलिस को सौंपा

**चकिया/पू चंपारण :** थाना क्षेत्र के बांसघाट कोन्हिया टोला में दरवाजे से नई साइकिल चोरी कर रहे चोर को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ पुलिस के हवाले कर दिया। जिसकी पहचान इश्तेखार आलम कोन्हिया टोला बांसघाट के रूप में हुई है। ग्रामीणों द्वारा की गई पुछताछ में उसने बुधवार रात्रि बांसघाट बाजार स्थित जफीर आलम की दुकान में सेंधमारी कर चोरी करने की बात भी स्वीकार की है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे कब्जे में ले लिया। इसको लेकर बांसघाट कोन्हिया टोला निवासी नईम अंसारी पिता करीम अंसारी ने स्थानीय थाने में एक आवेदन दिया है।

# सांसद चिराग पासवान के गया आगमन पर होगा जोरदार स्वागत : दिलीप

## 30 जनवरी को गया आएंगे चिराग

राष्ट्रीय खबर

**गया :** लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की बैठक पुलिस लाइन स्थित प्रधान कार्यालय में पार्टी के जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में पार्टी के किसान प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राजीव कुमार सिंह का नवनिर्मित शिव गुरु एग्रो इंडस्ट्रीज उसना राइस मिल का उद्घाटन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद चिराग पासवान के द्वारा 30 जनवरी को होना सुनिश्चित है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व पूर्व प्रत्याशी अतरी विधानसभा श्री अरविंद कुमार सिंह के द्वारा सभी प्रदेश एवं जिला



पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए एक कमीटी का गठन किया गया। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार हेतु डॉ बृजनंदन चौधरी एवं पार्टी के नेता इरफान खान को बनाया गया। कार्यक्रम की जानकारी हेतु प्रबुद्ध लोग एवं पार्टी के तमाम साथियों के जानकारी के लिए रंजन पासवान जितेंद्र पासवान एवं विजय पासवान प्रदेश सचिव के नेतृत्व में कमीटी बनाई गई।लगभग 25000 से 30000 की संख्या में लोजपा कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत करेंगे। बैठक में रॉबिन सिंह को पार्टी का जिला उपाध्यक्ष सह शेरघाटी विधानसभा अध्यक्ष एवं राघवेंद्र शर्मा को जिला उपाध्यक्ष सह टिकारी विधानसभा प्रभारी साथ साथ मोहम्मद अशरफ आलम को बेलागंज विधानसभा प्रभारी जिला अध्यक्ष दिलीप कुमार सिंह द्वारा नियुक्त किया गया। इस मौके पर विजय पासवान, रंजन पासवान, जितेंद्र पासवान,राजीव कुमार सिंह, सुबोध सिंह, दीपक आनंद उर्फ दीपू, डॉ बी एन चौधरी, अमित शर्मा, मीना देवी उपेंद्र पासवान, रोबिन सिंह राघवेंद्र शर्मा रामप्रवेश यादव जीतू सरदार सरयू पासवान, सोहन पासवान, जमशेद आलम, बैजनाथ कुमार, ह्रदय कुमार, राकेश रंजन, लक्ष्मण यादव, चंचल सिंह, अजय कुमार, मुन्ना सिंह, सतीश कुमार आदि मौजूद रहे।

# करियर के लिए लॉन्च किया डेल्हीवरी ट्रेनिंग एण्ड रिक्रूटमेन्ट प्रोग्राम

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** भारत के सबसे बड़े पूर्णतया एकीकृत लॉजिस्टिक्स सेवा प्रदाता डेल्हीवरी ने लॉजिस्टिक्स उद्योग में करियर बनाने की चाह रखने वाले युवाओं के लिए डेल्हीवरी ट्रेनिंग एण्ड रिक्रूटमेन्ट प्रोग्राम के लॉन्च की घोषणा की है। यह प्रोग्राम प्रवेश एवं मध्यम-स्तर की संचालनात्मक भूमिकाओं में गारंटी के साथ नौकरियां उपलब्ध कराता है। कंपनी गंगानगर, उज्जैन, कुरूर, पुरूलिया एवं श्रीनगर जैसे दूसरे और तीसरे स्तर के 25 शहरों को ध्यान में रखते हुए 19 फरवरी को राष्ट्रीय प्रवेश परीक्षा का संचालन करेगी। इस प्रशिक्षण में क्लासरूम के साथ-साथ व्यवहारिक प्रशिक्षण भी शामिल होगा, जहां ऑपरेशनल प्रोसेस, सॉफ्टवेयर टूल्स, सॉफ्ट स्किल्स एवं पीपल मैनेजमेन्ट जैसे सभी विषयों को कवर किया जाएगा। प्रशिक्षण को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद देश भर में डेल्हीवरी की युनिट्स में प्रबंधकीय भूमिकाओं के लिए भर्तियां की जाएंगी।

22 से 32 वर्ष के उम्मीदवार जो 10वीं/12वीं पास हैं या डिप्लोमा धारक हैं और जो अंग्रेजी पढ़ने एवं लिखने की क्षमता रखते हैं, वे इस प्रोग्राम के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस पहल के बारे में बात करते हुए पूजा गुप्ता, चीफ ह्युमन रिसोर्स ऑफिसर, डेल्हीवरी ने कहा, हमारी यह पहल देश भर के प्रतिभाशाली युवाओं के साथ जुड़ने के दीर्घकालिक दृष्टिकोण के अनुरूप है, जिसके तहत हम भारत के तेजी से विकसित होते सेक्टरों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराना चाहते हैं। हम रिक्रूटर्स के पहले सेट का स्वागत करने जा रहे हैं और डेल्हीवरी में उनके विकास एवं सफलता में निवेश करने जा रहे हैं।

प्रोग्राम के बारे में बात करते हुए सुराजु दत्ता, हैड ऑफ डेल्हीवरी एकेडमी ने कहा, ह्यह्यहमारा 5 सप्ताह का प्रशिक्षण व्यापक, इन-हाउस प्रोग्राम जिसे डेल्हीवरी एकेडमी द्वारा डिजाइन किया गया है।

# जीविका की गतिविधियों से रूबरू हुए वेमनीकौम पुणे के सदस्य

### हेल्थ हेल्प डेस्क, दीदी की रसोई और संगम सीएलएफ पर हुई विस्तृत चर्चा

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** बिहार सरकार की महत्वकांक्षी परियोजना जीविका के तहत जिले में चलाए जा रहे तमाम क्रियाकलापों के बारे में पुणे स्थित वैकुंठ मेहता राष्ट्रीय सहकारी प्रबंध संस्थान के प्रतिनिधि प्रोफेसर अनिल कुमार तिवारी और प्रोफेसर महेश कदम के साथ ही सहायक निबंधन पदाधिकारी वात्सल्य मिश्रा और राज्य परियोजना इकाई से आए परियोजना प्रबंधक रितेश कुमार ने जीविका समूह द्वारा संचालित गतिविधियों का जायजा लिया। मुसहरी प्रखंड के संगम जीविका महिला संकुल स्तरीय संघ में



अध्यक्ष,सचिव कोषाध्यक्ष और सभी बोर्ड के सदस्यों के साथ वार्ता कर संकुल स्तरीय संघ द्वारा संचालित गतिविधियों के बारे में विस्तृत जानकारी लेने के बाद समर्पण जीविका महिला प्रोड्यूसर कंपनी के द्वारा बीज उत्पादन से लेकर मार्केट में सप्लाई और पैकेजिंग की तमाम गतिविधियों पर जीविका सदस्यों और फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी के अधिकारियों से बातचीत की। जीविका द्वारा संचालित शिक्षण और प्रशिक्षण केंद्र में जेंडर गतिविधि के तहत प्रशिक्षित होने वाली जीविका मित्रों से बातचीत की। इसके साथ ही दीदी की रसोई और जीविका ग्रामीण बाजार, हेल्थ हेल्प डेस्क के बारे में जानकारी लेने के पश्चात जिला कार्यालय में जिला में कार्य करने वाले सभी थीम के प्रबंधकों से विस्तृत रूप से बातचीत की। इस संबंध में जिला परियोजना प्रबंधक अनीशा ने बताया कि वैमानिकाम के प्रतिनिधियों ने जीविका की गतिविधियों पर जानकारी ली। इसके बाद आगे की कार्य योजना और गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी।सभी आगंतुकों को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदा किया गया। इस मौके पर संचार प्रबंधक राजीव रंजन, मनीष कुमार, शोभा कुमारी, दिव्या स्वरूप, आनंद शंकर, रितेश कुमार, विनोद कुमार, अमानुल्लाह, शिव शंकर, पन्नालाल, कुणाल कुमार, सिद्धार्थ गुप्ता, दिव्या चौरसिया, खुशबू कुमारी उपस्थित थे।

# पैक्स के कार्यकारिणी सदस्यों की पहली बैठक संपन्न

राष्ट्रीय खबर

**ठकराहा :** प्रखंड के कोईरपट्टी पैक्स की पहली बैठक नए पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। बैठक में प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार, कार्यकारिणी सदस्य सुनीता साह, नंदा कुशवाहा, इसरातल,जुबैदा खातून, मीनू देवी, रामप्रीत प्रसाद,निजामुद्दीन मियां सहित दर्जनों किसान उपस्थित रहे। पैक्स में जल्द से जल्द किसानों की धान की खरीदारी के लिए धान खरीदारी केंद्र खोलने पर विचार विमर्श किया गया। वही नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने सहकारिता पदाधिकारी अरुण कुमार से कहा कि जल्द से जल्द कोईरपट्टी पैक्स में राशन वितरण करने के लिए पीडीएस का दुकान निर्धारित किया



जाए। साथ ही जरूरतमंद किसानों को ऋण भी दिया जाए इस पर भी नवनिर्वाचित पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा के द्वारा कार्यकारिणी सदस्य किसान एवं सहकारिता अधिकारी के सामने वार्ता किया गया। तो वही पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुशवाहा ने पंचायत के जनता को पैक्स में शानदार जीत दिलाने के लिए आभार व्यक्त किया और बताया कि पैक से मिलने वाले सभी जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंचायत के सभी व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए संकल्पित हूं।

# बीडीओ ने वार्ड सदस्यों के साथ नल जल को लेकर की बैठक




राष्ट्रीय खबर

**भितहा :** शुक्रवार को भितहा प्रखंड विकास पदाधिकारी पन्नालाल के अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय में वार्ड सदस्यों के साथ बैठक किया गया। जिसमें प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा कई दिशा निर्देश भी दिया गया जिसमे भितहा प्रखंड के हर एक पंचायत के वार्ड में चल रहे नल जल योजना को सुचारू व मरम्मत हेतु वार्ड के ग्रामीणों से सरकार के गाइड लाइन के अनुसार हर माह रसीद के साथ निर्धारित मंथली वसूली पर विशेष जोर देने की बात की गई, वहीं कई वार्ड सदस्ययों ने बताया की कुछ तकनीकी कारण से वार्ड में जलापूर्ति ठप है। जिससे आम जनों को काफी परेशानियां हो रही हैं इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहां माशिक सुविधा शुल्क को वशुली कर जल नल की देखरेख मे उसके मरम्मती कार्यों को कराया जाए और जल्द से जल्द सुचारू रूप से पानी चालू कराया जाए। बैठक में शामिल वार्ड सदस्य व उपमुखिया, मुकेश गोंड, संतोष यादव, मनोज पांडे, नरेश कश्यप, मनोज शर्मा, हरकेश गुप्ता, सोनू कुशवाहा, रामाशंकर सिंह, मृत्युंजय राय मैनुद्दीन शेख, मन्नू राम आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर बाइक चोर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राष्ट्रीय खबर

**बगहा/रामनगर :** सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस को भारी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक बाइक चोर को गिरफ्तार किया है। सीसीटीवी फुटेज शुक्रवार की सुबह से ही तेजी से वायरल हो रही थी। बाइक चोरी की घटना लेकर पुलिस की किरकिरी हो रही थी। इधर चोरी के बाद बाइक का स्वामी ने रामनगर थाना में आवेदन देकर चोरी का एफआईआर दर्ज कराया था। एफआईआर के बाद पुलिस जांच करते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चोर को गिरफ्तार कर लिया है। चोरी की घटना दो दिन पूर्व की बताई जा रही है। रामनगर थाना अध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि दो दिनों के अंदर ही पुलिस ने चोरी के मोटरसाइकिल के साथ शातिर चोर को हिरासत में लिया है। शातिर चोर की पहचान डैनमरवा गांव निवासी नीतीश



कुमार (30) के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

वीडियो सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें साफ-साफ देखा जा सकता है कि कैसे बेफिक्र होकर एक चोर आता है और इंडियन एटीएम के सामने लगी मोटरसाइकिल लेकर रफूचक्कर हो जाता है। चोरी की घटना रामनगर थाना क्षेत्र के रैली बाजार की है। जहां 2 दिन पहले एक व्यक्ति किसी निजी काम रैली बाजार आता है। अपने निजी काम से मोटरसाइकिल लगाकर एटीएम के सामने चला जाता है। थोड़ी देर बाद आता है तो देखता है मोटरसाइकिल गायब थी। पूछताछ में चोर नितेश कुमार ने स्वीकार किया है कि हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल साहित्य अन्य कई गाड़ियां रामनगर थाना क्षेत्र से चोरी का वरदान मैंने किया है। जिसमें तीन अन्य लोगों को भी उन्होंने नाम बताया है। वही रामनगर पुलिस ने नितेश को नगर के रैली बाजार से गिरफ्तार करने की पुष्टि की है। इसके साथ ही लौरिया थाना क्षेत्र के सुनाहटा गांव से एक मोटरसाइकिल भी बरामद की है।

# स्किल की बदौलत आत्मनिर्भर बन रहें युवा : सारा असरफ

राष्ट्रीय खबर

**मुजफ्फरपुर :** तकनीकी युग में लड़कियां अगर हुनर को अपनाती है और अपने अंदर किसी ना किसी स्किल को बढ़ाती हैं तो वह आत्मनिर्भर बन सकती है। लड़कियों और लड़कों को दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत प्रशिक्षित करा रोजगार के नए रास्ते जीविका दे रही है। युवा अपनी सफलता से परिवार और समाज के आइकन बन रहें हैं। उक्त बातें वरीय उप समाहर्ता सारा असरफ ने जीविका द्वारा आयोजित एल्यूमिनाई मीट में शुक्रवार को बोचहां में कहीं। आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत एलुमनाई मीट का आयोजन बोचहां प्रखण्ड में सफलतापूर्वक किया गया। एलुमनाई मीट में मुख्य अतिथि सारा असरफ वरीय उपसमाहर्ता, प्रखंड विकास पदाधिकारी सुभद्रा कुमारी, डीपीएम अनिशा, जिला रोजगार प्रबंधक अभिषेक शेखर , संचार प्रबंधक राजीव रंजन, स्वास्थ्य एवं पोषण प्रबंधक शोभा कुमारी, एवम बीपीएम जीविका संजीव रंजन ने दीप प्रज्वलित कर एलुमनाई मीट का उद्घाटन किया। सभा को संबोधित करते हुए रोजगार प्रबंधक अभिषेक शेखर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से जीविका बोचहां द्वारा बेरोजगार युवा युवतियों को संगठित क्षेत्रों के गैर सरकारी संस्थाओं में कौशल प्रशिक्षण के उपरांत रोजगार उपलब्ध कराने हेतु डिडियूजीकेवाई एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। इसके तहत बोचहां के विभिन्न पंचायतों से युवा एवम युवतियों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार से जुड़ कर अपने परिवार एवम क्षेत्र का नाम रौशन कर रहे है। कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन जिले के विभिन्न प्रखंडों में किया जाता है। ताकि समाज के गरीब और वंचित लोगों को जागरूक कर उनका उत्थान हो सके। जीविका की डीपीएम अनिशा ने युवाओं को रोजगार और ज्ञान की बदौलत विकास की ओर अग्रसर रहने की बात कही।

बीपीम संजीव रंजन ने संबोधित करते हुए कहा कि जीविका द्वारा संचालित प्रोजेक्ट द्वारा बेरोजगार लोगों का कौशल प्रशिक्षण करा रोजगार से जोड़ रही है। इससे समाज में बहुत सकारात्मक प्रभाव हो रहा है। इस कार्यकर्म में युवा युवतियों तथा जीविका महिलाओं की भागीदारी बहुत उत्साहवर्धक थी। कार्यक्रम में उपस्थित रोजगार प्राप्त कर चुके छात्रों और उनके अभिभावकों द्वारा अपने अनुभव साझा किए गए। कार्यक्रम का संचालन संचार प्रबंधक राजीव रंजन ने किया और धन्यवाद ज्ञापन बीपीएम संजीव रंजन ने किया। इस मौके पर कल्पना कुमारी, प्रियंका कुमारी, श्रवण कुमार, रजनीगन्धा, वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

# मूंग के बीज के लिए ऑनलाइन आवेदन करें किसान - बीओ

राष्ट्रीय खबर

**भितहा :** प्रगतिशील किसानों के लिए गेहूं कटने के तुरंत बाद ही खेत खाली ना रहे हैं तथा किसानों की आय बढ़े इसके लिए सरकार द्वारा समय-समय पर किसानो को सहयोग अनुदानीत दरों पर बीज एवं कृषि यन्त्र किया जाता है। उसी क्रम मे गरमा मूंग की के बीज के लिए ऑनलाइन आवेदन कर बीज प्राप्त करने के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी अवनीश राय के द्वारा बताया गया कि ऑनलाइन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिन किसानों को बीज लेना हो वो किसान अपना ऑनलाइन करा ले अभी ऑनलाइन के हिसाब से आवंटन का आकलन हो सके। सभी को समय से बीज प्राप्त हो जाय वही श्री राय ने बताया कि मूंग की खेती करने से फसल से फायदे तो होते ही हैं साथी साथ जमीन की उर्वरक क्षमता भी बढ़ती है। इसीलिए सरकार मुग की खेती पर पर विशेष ध्यान दे रही है। वह श्री राय ने मुरली पांडेय सहित सभी किसान सलाहकारों को मूंग की खेती करने वाले सभी किसानों को सूचना देने की बात कही


# 74वां गणतंत्र दिवस : अभिनेता राजन कुमार 26 जनवरी की ऐतिहासिक परेड की जोर शोर से कर रहे हैं तैयारी

## कृषि मंत्रालय की झांकी को लीड करेगें राजन कुमार इस वर्ष राजस्थान के किसान के लुक में आएंगे नजर

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** कोरोना काल के बाद इस साल देश गणतंत्र दिवस को बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ मना रहा है। इस वर्ष 74वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को होने वाले विशेष समारोह के लिए बड़े जोर शोर से तैयारियां जारी हैं। पिछले एक दशक से लगातार इस परेड का हिस्सा रहे राजन कुमार 26 जनवरी की परेड के रिहर्सल में लगे हुए हैं।इस वर्ष के खास मुख्य समारोह की परेड के लिए दिल्ली में राजन कुमार पूर्वाभ्यास कर रहे हैं।

बता दें कि देश की राजधानी



दिल्ली में कर्तव्य पथ पर हर वर्ष आयोजित होने वाले गणतंत्र दिवस परेड का अपना एक अलग ही जलवा होता है, इसे देखने के लिए दिल्ली के साथ साथ पूरे देश से और यहां तक कि विदेश से भी लोग पहुंचते हैं। ऐसे में गणतंत्र दिवस परेड के लिए राजन कुमार का रिहर्सल जारी है। राजन कुमार का जोश अपनी बुलंदी पर है। वह परेड की रिहर्सल में बढ़चढ़ कर भाग लेते हैं और दूसरे कलाकारों की हौसला अफजाई भी करते हैं।

गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर राजन कुमार पिछले साल गुजराती लुक में दिखाई दिये थे, लेकिन इस बार वह राजस्थान के किसान के रूप में नजर आने वाले हैं। वह पिछले एक दशक से दिल्ली की परेड में नजर आ रहे हैं और उनका यह 10 वर्षो का अनुभव कमाल का रहा है।

राष्ट्रीय रंगशाला शिविर में चार्ली चैपलिन2 के रूप में विख्यात राजन कुमार का रहना और वहां 26 जनवरी की परेड के लिए रिहर्सल करना एक सम्मान और गर्व की बात है। यहां पूरे देश से चुनिंदा कलाकारो को बुलाया जाता है और इसमे लगातार दस वर्षों से राजन कुमार की उपस्थिति अपने आप मे एक कारनामा है। यह सम्मान सिर्फ राजन कुमार के लिए ही नहीं है बल्कि यह सम्मान उस गांव उस जिला और उस राज्य के लिए भी है जहां से वह कलाकार सम्बंध रखता है। मुंगेर बिहार के लिए भी यह बेहद गौरव का लम्हा है कि राजन कुमार वहां लगातार एक डिकेड से परफॉर्म करते आ रहे हैं। राजन कुमार कहते हैं कि यह भारत का 74वां गणतंत्र दिवस है और इस भव्य समारोह का हिस्सा होना ही अपने आप मे बड़ी बात है। इस परेड में रक्षा मंत्रालय के तमाम अधिकारी लगे रहते हैं, देश की प्रतिष्ठा इससे जुड़ी रहती है। इस परेड से जुड़े रहना हम जैसे कलाकार के लिए गौरव की बात है।

फिलहाल राजन कुमार इस परेड के रिहर्सल में जोर शोर से लगे हुए हैं। उनके ऐक्ट को काफी पसन्द किया जा रहा है और इस बात को देखते हुए राजपथ अब कर्त्तव्य पथ पर उन्हें आर्टिस्ट के रूप में लीड करने की जिम्मेदारी दी गई है।

# बिहार युवा मोर्चा कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी/पू चंपारण :** बिहार युवा मोर्चा सामाजिक संगठन की बैठक शुक्रवार को आयोजित की गई। जिसमें आम सभा की बैठक कर सर्वसम्मति से कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। जिसमें अभिषेक पांडे को संस्थापक अध्यक्ष है डॉक्टर मुन्ना सिंह को राष्ट्रीय अध्यक्ष बृजेश पांडे को राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष शिवम चौधरी को प्रदेश अध्यक्ष बिट्टू सिंह को कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सूरज सागर को राष्ट्रीय प्रधान महासचिव प्रिंस यादव को जिलाध्यक्ष पूर्वी चंपारण अमित दुबे को पूर्वी चंपारण महासचिव मंजय सिंह को जिला मीडिया प्रभारी पूर्वी चंपारण चंदन झा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राहुल मिश्रा को प्रदेश प्रवक्ता बनाया गया है। वही राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर मुन्ना सिंह ने बताया कि हम लोग हमेशा गरीबा असहाय लोगों को मदद करते आ रहे हैं, आगे भी मदद करते रहेंगे। हम सभी साथी एक बैनर के तले आवाज बन कर मदद करेंगे। मौके पर सूरज चौधरी जिला प्रवक्ता बंटी गुप्ता, सोनू साहनी, धीरज साहनी, गुड्डू आलम, जिया साहनी, किशन सिंह, अमरेंद्र तिवारी, गुलशन सिंह, छोटू शुक्ला, सुभाष पासवान, रिंकी राम, सुरेश बैठा सहित सदस्यगण मौजूद थे।

**शहर >> अपडेट**

### देशी शराब के साथ धंधेबाज गिरफ्तार

सुगौली,पू.च : स्थानीय पुलिस ने आठ लीटर देसी शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार एसआई मों.अनस पुलिस बल के साथ गश्ती पर निकले हुए था। पुलिस की वाहन बंगरा गुमटी पर पहुंची। पुलिस को देख एक व्यक्ति भागने के फिराक में इधर उधर कर रहा था। उसकी संदिग्ध हालत को देख एसआई ने उसे पकड़ा और उसकी तलाशी ली। जिसमें उसके पास से 8 लीटर देसी शराब बरामद की गई। पुलिस ने उसे शराब के साथ हिरासत में ले लिया। उसकी पहचान बंजरिया थाना के फुलवार का रंजन साह के रूप में की गई। थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार शराब धंधेबाज पर केस कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

# पुजारी परमहंस की शीघ्र गिरफ्तारी, सीबीआई जांच की मांग : नागरिक मंच

## विश्व का कोई ग्रंथ आलोचना से परे नहीं : रवीन्द्र रवि

**ब्रज भूषण कुमार**



**बेतिया :** राम मंदिर के पुजारी परमहंस द्वारा बिहार के शिक्षा मंत्री प्रो. चन्द्रशेखर की जीभ काटने के फतवा जारी करने और 10 करोड़ रुपये इनाम देने की बात, दिन प्रतिदिन तुल पकड़ते जा रही है। नागरिक मंच के सैकड़ों कार्यकताओं द्वारा पिउनी बाग बसवरिया से एक जुलूस के शक्ल में, संविधान बचाओं- लोकतंत्र बचाओं गगन भेदी नारों के साथ प्रतिवाद मार्च निकाला गया, जो इमली चौक होते हुये जगजीवन नगर, टाउन हाल, सागर पोखरा चौक, जनता सिनेमा चौक, तीन लालटेन चौक, लालबाजार चौक से होते हुये बाटा चौक पर एक सभा में तब्दील हो गया। सोवा बाबू चौक पर राम मंदिर के पुजारी परमहंस और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का पुतला दहन करते हुये मनुस्मृति की प्रतियां जलाई गयी। सभा को संबोधित करते हुये भाकपा माले के जिला नेता रवीन्द्र कुमार रवि ने कहा की कोई भी ग्रंथ आलोचना से परे नहीं है। मनुस्मृति को तो डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ही खारिज कर चुके हैं। जो हिंदू धर्म में जाति व्यवस्था को सैद्धांतिक स्तर पर सही ठहराता है और बंच ऑफ थॉट तो आरएसएस के ब्रह्मणवादी मॉडल का ही दस्तावेज है। जहां तक रामचरित्र मानस की बात है,उसके कई उद्धरण घोर महिला व दलित विरोधी है। ऐसे उद्धरण समाज में दलितों व महिलाओं की दोयम दर्जे की स्थिति को स्थापित करता है, जो आधुनिक मानदंडों के बिल्कुल खिलाफ है। आगे रवीन्द्र रवि ने कहा की रामचरित्रमानस की चौपाइयों से महिलाओं,दलितों व समाज के कमजोर वर्गों की भावना आहत नहीं होती। आगे उन्होंने कहा कि बिहार के शिक्षा मंत्री का जीभ काटने वालों को 10 करोड़ का इनाम देने जैसी हिंसक व उन्मादी बातें एक बार फिर से शुरू हो गई है। राजद नेता डीपी चौधरी एवं समाजसेवी हरिशंकर राम ने कहा की मोदी-साह की 8 वर्षों की सरकार में जातीय हिंसा व उच-नीच का भेद-भाव चरम पर है। नेताद्वय ने कहा की अब वह जमाना नहीं है कि कोई एकलब्य का अंगुठा कटवाने की बात करें। अब हम 21 वीं शदी में हैं, अंगुठा कटवाने वालें की कलाई कट जायेगी। आजाद समाज पार्टी सह भीम आर्मी के जिला नेता डा. रामचंद्र राम एवं राकेश अम्बेडकर ने कहा की प्रधानमंत्री मोदी की सरकार रामचरितमानस से कुछ चौपाइयों को शीघ्र संशोधन करवाने की बात करे। सभा को कृतलाल राम, मदन राम, धनराज राम, नितेश कुमार, लालबाबू गौतम, बाबूभाई पटेल, मुन्ना यादव, मो. समसुल, मोबारक हुसैन नेतागण भी संबोधित किया।

# शिव की नगरी में घुसा पानी, लाखों का सीमेंट हुआ बर्बाद



**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** शिव का नगरी हुआ जलमग्न, लोग हैं त्राहिमाम। जी हां.... यह क्षेत्र बेतिया नगर निगम के नवसृजित संन सरैया पंचायत के पर्वतीया टोला केआर से सटे दक्षिण वाले भाग में पड़ता है। जिसमें पिपरा पकड़ी नहर के बांध के टूटने से जलमग्न हुआ मोहल्ला। कितनों के घरों में नव निर्मित भवन के लिए रखे गए सीमेंट में घुसा नहर पानी। इसको देखने के लिए जल संसाधन नहर -1 के अंतर्गत यह पिपरा पकड़ी नहर आता है, जिसका निर्माण हाल ही में लाखों की लागत से की गई। नहर का बांध टूट कर लोगों के घरों में पानी घुसा, जिससे लोगों के घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। एक तो ठंढी का मौसम, दूसरा दरवाजे पर पानी, इसको देखने के लिए विभाग ने कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता पदस्थापित किया है। जल संसाधन प्रमंडल कार्यालय से महज दो-तीन किलोमीटर की दूरी पर लगभग यह नहर है, लेकिन सभी घरों में पानी घुस गया तो लोग त्राहिमाम संदेश दिया, लेकिन विभाग को पता नहीं कि नहर टूटा है या नहीं। इस पर पूछने पर कनीय अभियंता कन्नी काट रहे हैं, वही संजीव कुमार, कार्यपालक अभियंता जल संसाधन एक से पूछने पर कर बताया कि मामले की जांच की जा रही है, इस पर कार्रवाई की जाएगी।

# तीव्र गति वाहन रेलवे फाटक तोड़ हुआ फरार

**राष्ट्रीय खबर**



**सुगौली :** स्टेशन के समीप बंगरा रेलवे गुमटी में एक चार पहिया वाहन ने बल्ले को तोड़ते हुए भाग निकला। रेलवे के द्वारा मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह चारो ओर कुहासा छाया हुआं था और रक्सौल लाइन कि फाटक बंद थी। इसी बीच रक्सौल की ओर से गुजर रही स्कॉर्पियो फाटक के बल्ले को तोड़ते हुए घने कुहासे का फायदा उठाते हुए निकर गई। इसकी जानकारी मिलने पर आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर शशिभूषण सिंह रेलवे गुमटी पर पहुंचे और स्थिति की जानकारी ली और इसकी सूचना स्टेशन अधीक्षक को दी। सूचना पर रेल कर्मियों की टीम गुमटी पर पहुंच कर फाटक की मरम्मत करवाया। इस बीच करीब एक घंटे से अधिक रेलवे गुमटी बंद रही और एन एच 527 डी पर घंटा भर से अधिक रोड़ पर वाहनों का आना-जाना बांधित रहा और छपवा नहर पुल से लेकर आजाद चौक से आगे तक वाहनो की लंबी कतार लग गई। घटना को लेकर आरपीएफ प्रभारी ने बताया कि रेलवे फाटक तोड़ने के विरुद्ध अज्ञात वाहन पर केश दर्ज कर विभागीय कार्रवाई की जा रही है। स्थानीय स्टेशन अधीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि फाटक के क्षतिग्रस्त होने पर तत्काल स्लाइडिंग बूम के माध्यम से गाड़ियों को लगातार चलाया गया। दोपहर के करीब रेल फाटक को दुरुस्त करा दिया गया। इस बीच सभी गाडियां नियमित रूप से अपने समय से चलती रही।

# जन सरोकार से जुड़ी समस्याओं के निदान के लिए उठने लगी आवाज

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** राज ड्योढी में सार्वजनिक शौचालय की आवाज अब उठने लगी है। बेतिया की हृदय स्थली राज बेतिया के महाराजा का राज कचहरी, बेतिया के मध्य स्थित इकलौता ऐसी जगह है, जहां शहर के हर जगह से आने वाले लोग तथा ग्रामीण इलाकों से आने वाले लोगों का ठहराव स्थल है। इतना सब कुछ होने के बावजूद वहां कोई सार्वजनिक शौचालय अथवा मूत्रालय नहीं है। जिसके कारण आस पास के लोग और बाहर से आने वाले लोगों विशेषकर महिलाओं को प्रसाधन की समस्या उत्पन्न होती है। विषम परिस्थितियों में बेतिया राज के मालखाना तथा मेला ग्राउंड में मल मूत्र त्याग करने को विवश हैं लोग। पिछले कुछ माह पहले दुर्गा पूजा के अवसर पर लगने वाले फैंसी मेला में आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तथा दूरदराज से आए हुए मेले के दुकानदारों के लिए मल मूत्र का त्याग करना एक बहुत बड़ी समस्या रही। मेला संवेदक एक भी चलंत शौचालय अथवा अस्थाई मुत्रालय की व्यवस्था नहीं देने से लोग मल मूत्र का त्याग दूरदर्शन रिले केंद्र के पास वाले रास्ते मे करने को विवश रहे। बेतिया नगर निगम बनने के साथ ही लोगों को आशा है कि जो काम पिछले कई वर्षों से अधर में लटका रहा। वह काम अब पूरा होने के भरपुर आसार है। लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास पार्टी के प्रदेश महासचिव राजीव रंजन ने बेतिया की मेयर गरिमादेवी को बधाई दिया है। उन्होंने जन सरोकार से जुड़ी समस्याओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की अपील किया है।

# ब्रिज सेवानिवृत्त कर्मी की मौत

**राष्ट्रीय खबर**

**रीगा :** राजकीय नलकूप विभाग के अवकाश प्राप्त कर्मचारी का निधन 90 वर्ष की आयु में पैतृक गांव मझौरा में हो गई है। रीगा प्रथम पंचायत निवासी कृष्ण देव प्रसाद सिंह उर्फ काली बाबू के नाम से जाने जाते थे। पूरी ईमानदारी एवं निष्ठा पूर्वक नलकूप विभाग में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते विभाग से अवकाश प्राप्त किया। पैतृक गांव मझौरा में लंबे समय तक जीवन व्यतीत किया। मंडल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष रमेश प्रसाद सिंह के पिता कृष्ण देव प्रसाद सिंह सरल एवं मृदुभाषी थे। उनके निधन पर मंडल भाजपा अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, चंदेश्वर पूर्वे, नवीन गुप्ता, पूर्व मुखिया मुरारी शर्मा, कौशल किशोर सिंह, रजनीश रंजन उर्फ गोलू मंडल, अध्यक्ष दक्षिणी दया शंकर प्रसाद ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# नगर निगम क्षेत्र में जाम की समस्या से ग्रस्त हैं नगरवासी



**राष्ट्रीय खबर**

**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया नगर निगम क्षेत्र में दिनों दिन जाम की समस्या गहराती जा रही है। जिसके कारण बेतिया नगरवासी हलकान हैं। मेन रोड मे जाम की समस्या तो है ही, लिंक रोड भी अब जाम से अछूते नहीं है। यहां तक की बेतिया राजकीय महाविद्यालय अस्पताल जाने वाला मार्ग भी जाम की समस्या से अछूता नहीं रह गया है। जाम इतना है कि एंबुलेंस को आने जाने में भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। महज 10 मिनट जाने वाले रास्ते में जाम के चलते घंटों लग जाता है। यातायात व्यवस्था यहां पूरी तरह चौपट नजर आ रहा है। सुआ बाबू चौक से पुराना बस स्टैंड, लाल बाजार से जनता सिनेमा चौक सब्जी मंडी, राज देवडी स्टेशन चौक से छावनी चौक, राजगुरु चौक से छावनी जानेवाले रोड सुबह से शाम तक जाम रहता है। जिसके चलते महिलाएं, बच्चों एवं गाँव से ईलाज कराने आने वाले मरीज काफी परेशानियों से जूझ रहे हैं। आए दिन जाम में फंसकर एंबुलेंस में ही मरीज दम तोड़ रहे हैं। घटना दुर्घटना तो आम बात हो चला है। लेकिन सभी इस गंभीर समस्या से त्रस्त है। लेकिन समस्या के सामाधान के लिए कोई आगे नहीं आता।

# जलजमाव ग्रस्त कॉलोनियों की जल - निकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी : गरिमादेवी

**बानूछापर के वार्ड 28 में 33.77 लाख के अधिक से नाला निर्माण का महापौर ने किया शिलान्यास**

**बानूछापर को जल जमाव मुक्त बनाने के लिए मुहल्ले वासियों को किया आश्वस्त**

**अवधेश कुमार शर्मा**



**बेतिया :** पश्चिम चम्पारण जिला मुख्यालय बेतिया स्थित नगर निगम क्षेत्र के बानूछापर के नागरिकों को जल जमाव से मुक्ति दिलाने के अभियान का आगाज महापौर गरिमादेवी सिकारिया ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण नगर निगम क्षेत्र के बानूछापर का लगभग दो तिहाई क्षेत्र जलजमाव से ग्रस्त रहा है। श्रीमती सिकारिया ने बताया कि जन संपर्क के क्रम उपर्युक्त त्रासदी से निजात दिलाने की मांग घर घर से उठी। नगर आयुक्त शम्भू कुमार इस पर तत्पर होने से बानूछापर के मूल बस्ती में स्थित स्वर्गीय गंगाधर झा के घर के समीप वाले जाम पुल से तेल डिपो के पीछे तक 33.77 लाख से अधिक की लागत से बनने वाले आरसीसी नाला निर्माण का शिलान्यास कर के इस क्षेत्र को जलजमाव मुक्त बनाने के अभियान का आगाज गरिमा देवी सिकारिया ने किया। इस अवसर पर महापौर कहा कि सबको विश्वास दिलाना चाहती है कि यह कार्यक्रम अभियान का शुभारंभ है। क्योंकि उन्हें पता है कि इस क्षेत्र के लगभग दर्जनभर कॉलोनियों में अधिकांश में जलनिकासी की संरचना आवश्यकता अनुरुप उपलब्ध नहीं है। उन्हे बताया गया है कि महेंद्र कॉलोनी में लाखों की लागत से बने नाले के निर्माण में तकनीकी चूक और जल निकासी लिंक नहीं होने से वर्षों पूर्व बने उस नाले का सही उपयोग अब तक नहीं हो पाया है। बानूछापर की मुख्य सड़क, संत कबीर रोड के किनारे वाले नालों से दुर्गा मंडम चौक का पुल ध्वस्त हो जाने से जल निकासी बाधित होने की जानकारी जनता जनार्दन ने जन संपर्क के दौरान दी है। इसके अतिरिक्त रेलवे विभाग की पीसीसी सड़क में भी पहले की तरह एक पुल के निर्माण की कार्रवाई सुनिश्चित कराने के लिए जिला पदाधिकारी से मदद मांगेंगी। इस अवसर पर निगम आयुक्त शम्भू कुमार, उपमेयर गायत्री देवी, नगर पार्षद वार्ड 28 श्वेता कुमारी, अभय मोहन झा, सोनेलाल गुप्ता, अनील दत्त झा, टिंकू झा, अजय पटेल, अरुण ठाकुर उपस्थित रहे।

# अनुमंडल पदाधिकारी ने विकास कार्यों का किया औचक निरीक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**टेटिया बंबर :** अनुमंडल पदाधिकारी एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ने टेटिया बंबर प्रखंड के भुना पंचायत के मजुरा और मोहनपुर गांव में विकास कार्यों की जांच की। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद झा जी ने 5 नंबर वार्ड का निरीक्षण किया। जिसमें उन्होंने वहां पर जनगणना से संबंधित समस्याओं की गहन जांच की। जिसमें उन्होंने वहां उपस्थित कर्मचारियों को फटकार लगाई उन्होंने कहा कि मकान गनना में भूल हुई है। जिस मकान में लोग निवास नहीं कर रहे हो उससे अलग श्रेणी में रखा जाए और जो मकान कमर्शियल है उसे उसी श्रेणी में रखा जाए इसी आधार पर मकान गनना की जानी चाहिए। पांच नंबर वार्ड के आराजी किलकारी के एक विद्यालय में जांच के लिए पहुंचे अनुमंडल पदाधिकारी ने वहां उपस्थित शिक्षक से और बच्चों से भी उनकी पढ़ाई के बारे में पूछा। उन्होंने खुद विद्यालय में जाकर विद्यार्थियों से बोर्ड पर सवाल लिखकर उनसे सवाल पूछा। इसी क्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विनोद कुमार प्रसाद ने भी शिक्षकों से समय पर विद्यालय आने और बच्चों की संख्या बढ़ाने पर बात की। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक से कहा कि विद्यालय में बच्चों की उचित शिक्षा हो इसके लिए उन्हें सतत प्रयत्नशील रहना चाहिए और सरकार के द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं को उन्हें बच्चों के बीच लानी चाहिए। इस अवसर पर पैक्स अध्यक्ष धर्मेंद्र झा आवास सहायक कृष्ण मोहन पाठक मौजूद थे। भुना पंचायत के मुखिया अनिल ताती एवं उप मुखिया हिमांशु पाठक मौजूद थे।

# विभिन्न विद्यालयों में 40 दिवसीय अध्यापन को भेजे गए टीपी वर्मा कॉलेज के बीएड प्रशिक्षु

**राष्ट्रीय खबर**



**बेतिया :** टीपी वर्मा कॉलेज के प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय के हवाले से बताया गया है कि एनसीटीई के नार्मस के अनुसार बीएड प्रथम वर्ष सत्र 2022-2024 के 100 प्रशिक्षुओं को 40 दिवसीय अवलोकनार्थ डीईओ पश्चिम चम्पारण के सूची के अनुसार नरकटियागंज के विभिन्न विद्यालयों में अवलोकन के लिए भेजा। प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय के हवाले से बताया गया है कि अवलोकन में प्रशिक्षुगण कैसे सीखते हैं। सीखने के दौरान विद्यार्थियों को कहाँझकहाँ किस तरह की कठिनाइयाँ आती है व क्यों आती है, उसके लिए क्या किया जा सकता है। उसपर समझ बनाने का प्रयास करेंगे तथा नियमित विचार कर उसका सतत आकलन करते हुए आगे बढ़ेंगे। टीपी वर्मा कॉलेज के बीएड प्रभारी प्रो. आलोक रंजन ने बताया कि छात्राध्यापक विधालय से फीडबैक प्राप्त कर अपने अधिगम अनुभवों के आधार पर अधिक से अधिक सीखने का प्रयास करते है, जिससे उसका प्रभाव उसके शिक्षण में दिखाई देगा। अवलोकन प्रभारी सहायक प्राध्यापक अतुल कुमार ने बताया कि अवलोकन के लिए मतिसरा कुंवर कन्या उच्च विद्यालय, +2 उच्च विद्यालय, रेलवे प्रवेशिका उच्च विद्यालय, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय,बनवरिया, उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय अजुआ - सुगौली विद्यालय में गये। अवलोकन करने के क्रम में सभी प्रशिक्षुगण चालीस दिनों का रिपोर्ट तैयार कर उसका अनुभव प्राप्त करेगे। जिससे शिक्षण प्रक्रिया में काफी सहायता मिलेगी। प्रो. अतुल कुमार ने बताया कि वह कार्यों का स्वमूल्यांकन व विश्लेषण कर आगामी शिक्षण कार्य योजना बनाते है, जिससे बच्चों को अधिगम के अधिक से अधिक अवसर मिलते हैं। इज अवसर पर डॉ. दुर्बादल भट्टाचार्य, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. चंद्रभूषण बैठा, डॉ. विकास मंडल, डॉ. दशरथ राम, डॉ अनंत झा, खेल निदेशक सुनील वर्मा, प्रो. आलोक रंजन, प्रो. दिव्या वर्मा, प्रो. शिप्रा शुक्ला, प्रो. गजाला अनीस, डॉ मदन मोहन मालवीय, डॉ. अपर्णा ओझा, सुजीत कुमार वर्मा, प्रियंका श्रीवास्तव, अनूप तिवारी, सत्येन्द्र गुप्ता, अजय श्रीवास्तव, अखिल स्नेह श्रके भविष्य की कामना की।

### दो बाइक की टक्कर में एक जख्मी

**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत भैरोगंज थाना क्षेत्र रामनगर मुख्य मार्ग के कपरधीका जुड़ा चौंक के समीप दो बाइकों की टक्कर हो गई जिसमें एक जख्मी हो गया है। मौके पर मौजूद रहगिरो ने इसकी सूचना भैरोगंज थाना पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुँची पुलिस ने बाइक सवार को पुलिस वाहन से इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उपस्थित चिकित्सक डॉक्टर चंचल बाला ने घायल का प्राथमिक उपचार किया। डॉक्टर चंचल बाला ने बताया कि सर पर गहरा जख्म एवं जबड़ा समेत दांत बुरे तरीके से जख्मी हो गया है। प्राथमिक उपचार के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए जीएमसीएच बेतिया रेफर कर दिया गया है। घायल व्यक्ति की पहचान भैरोगंज थाना क्षेत्र के नोनिया पट्टी निवासी कमलेश सिंह के 35 वर्षीय पुत्र सतीश सिंह के रूप में की गई है।

# मौनी अमावस्या आज गंगा स्नान व शनि शांति का योग : आचार्य अभिषेक

**राष्ट्रीय खबर**

**मोतिहारी पू चं :** मौनी अमावस्या के दिन पू. षा. नक्षत्र में चंद्रमा और सूर्य के साथ शनि, शुक्र मकर राशि में होने से महायोग बन रहा है। महायोग में कुंभ की डुबकी और पितरों का पूजन करना शुभ फलदायी माना जाता है। मौनी अमावस्या इस बार 21 जनवरी को है। इस दिन महायोग में तिल का दान और भगवान विष्णु को तिल और दीप अर्पित करना बहुत ही शुभ फलदायी कहा गया है। इससे पाप का क्षय होता है और स्वर्ग की प्राप्ति होती है। पुराणों में बताया गया है कि सतयुग में हजारों वर्ष तपस्या करने का पुण्य कलियुग में मौनी अमावस्या के दिन मौन रहने और गंगा स्नान करने से प्राप्त हो जाता है।


माघ माह की अमावस्या इस बार इसलिए खास है, क्योंकि अमावस्या के अधिपति देवता स्वयं शनि हैं। इस दिन दान-पुण्य का कई गुना फल मिलता है। अमावस्या के दिन शनि स्व राशि में अधिक बलवान रहेंगे। अमावस्या का दिन हो और शनि मकर राशि में हो तो वृद्ध और रोगियों की सेवा करना शुभ फलदायी रहेगा। शनि न्याय के देवता हैं, इसलिए इन्हें न्यायाधिपति भी कहा जाता है।

मौनी अमावस्या के दिन पीपल को जल देना और पीपल के पत्तों पर मिठाई रखकर पितरों को अर्पित करना चाहिए। इससे पितृदोष दूर होता है। उक्त बातें चकिया प्रखण्ड परसौनी खेम स्थित महर्षि गौतम ज्योतिष परामर्श एवं अनुसंधान केन्द्र चम्पारण 'काशी' के आचार्य अभिषेक कुमार दूबे, आचार्य आशुतोष कुमार द्विवेदी, आचार्य रोहन कुमार पाण्डेय ने संयुक्त रूप से बताया।

संपादकीय

# दिल्ली का दंगल में एक फर्जी पहलवान क्यों


दिल्ली का दंगल दरअसल भाजपा वनाम आम आदमी पार्टी है। दोनों दलों के नेता दिल्ली नगर निगम के महापौर के लिए जोर आजमाइश कर रहे हैं। इस दंगल में फिर से भाजपा ने एक उपराज्यपाल को आगे कर दिया है। उप राज्यपाल के बहाने सारे फैसले केंद्रीय गृह मंत्रालय ले रहा है, इस पर अब संदेह की कोई गुंजाइश नहीं है। फिर भी विवाद जारी रहने के बाद अब शब्दों की मयार्दा भी समाप्त हो रही है। दूसरी तरफ शीर्ष अदालत में इस बात पर जोरदास बहस हुई है कि दिल्ली में कार्यरत अधिकारियों पर प्रशासनिक अंकुश किसका रहे। सुप्रीम कोर्ट की यह टिप्पणी इस मायने में महत्वपूर्ण है कि अगर सारे फैसले केंद्र सरकार को ही लेने हैं तो वहां एक चुनी हुई राज्य सरकार क्यों हैं। दरअसल केंद्र वनाम दिल्ली सरकार का विवाद इससे पहले कभी भी इस स्थिति तक नहीं पहुंचा था। इसलिए समझा जा सकता है कि दरअसल भाजपा की परेशानी आम आदमी पार्टी के तेजी से बढ़ते जनाधार को लेकर है।



दिल्ली विधानसभा में भाजपा की मौजूदगी नगण्य है और अब मेयर पद के जरिए वह दिल्ली की जनता के बीच अपनी सक्रियता बनाये रखने की कोशिश कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट में इस विषय पर बहस पहली बार नहीं हो रहा है। पूर्व में भी अरविंद केजरीवाल की सरकार के फैसलों पर रोक लगाने के लिए इससे पहले के राज्यपाल विवादों में आये थे। इस बार निशाने पर बीके सक्सेना आ गये हैं। वैसे इस पर भी विचार होना चाहिए कि इस देश में बोलने की आजादी का अधिकार हर किसी को है। लेकिन इस अधिकार के साथ इसकी गरिमा का खयाल रखने की जिम्मेदारी भी लोगों की ही है। अगर इस सुविधा को बेलगाम बोली और बर्ताव की छूट के तौर पर देखा जाएगा तो इस पर सवाल उठेंगे। खासतौर पर किसी जिम्मेदार पद पर बैठ कर कोई जनप्रतिनिधि इस संवैधानिक अधिकार की गरिमा कायम रखने के बजाय बोली में मयार्दा का खयाल रखना जरूरी न समझे, तो यह एक गंभीर स्थिति है। इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप में अरविंद केजरीवाल के पास यहां के शासन को संचालित करने के लिए पद से जुड़े कई अधिकार हैं। लेकिन जनप्रतिनिधि और विशेष रूप से मुख्यमंत्री होने के नाते अपने पद और उसकी मयार्दा को बनाए रखना भी उनकी नैतिक जिम्मेदारी है। इसके उलट हालत यह है कि अगर उनकी सरकार में कामकाज से जुड़ी प्रक्रिया से संबंधित कोई अड़चन खड़ी होती है तो इस पर विचार करने के बजाय वे नाहक बिफर जाते हैं। जबकि उनके पद और कद को देखते हुए यह स्थिति खुद उनकी ही गरिमा को कठघरे में खड़ा करती है। गौरतलब है कि सरकारी कामकाज में उपराज्यपाल की ओर से कथित हस्तक्षेप के आरोप के साथ अरविंद केजरीवाल न सिर्फ उनके कार्यालय तक निकाले गए जुलूस में खुद शामिल हुए, बल्कि इससे बाद उन्होंने कुछ ऐसी भाषा में बात की, जिसे मयार्दा के अनुकूल नहीं कहा जा सकता। उन्होंने उपराज्यपाल पर ह्यसामंती मानसिकता से ग्रस्तह्न होने का आरोप तो लगाया, लेकिन खुद ही जिन शब्दों का प्रयोग किया, वह उनकी मंशा को कठघरे में खड़ा करता है। दूसरी तरफ खुद उप राज्यपाल भी अपने फैसलों से यह साफ कर रहे हैं कि वे सिर्फ भारतीय जनता पार्टी के हितों की रक्षा के लिए वहां हैं। अपुष्ट जानकारी के मुताबिक एक अनौपचारिक बात चीत में उन्होंने यह कहा भी है कि उनकी वजह से ही भाजपा को दिल्ली नगर निगम के चुनाव में इतनी सीटें आयी हैं। इसलिए उन्हें भी इस बात को स्वीकार करना चाहिए कि जो सरकार अभी दिल्ली की गद्दी पर बैठी है, उसे दिल्ली के मतदाताओं ने ही चुनकर वहां भेजा है। लेकिन तथ्य यह भी है कि जनता ने उनके पद के साथ संवैधानिक व्यवस्था के तहत कुछ जवाबदेही निभाने के लिए भी चुना है, जिसमें लोकतंत्र की गरिमा और मयार्दा कायम रखना सबसे ऊपर है। दिल्ली के शासन-प्रशासन और सरकार के ढांचे में उपराज्यपाल पद की एक भूमिका और उसके मुताबिक जिम्मेदारियां तय की गई हैं। अब दोनों तरफ से इस जिम्मेदारी का सही तरीके से पालन नहीं हो रहा है। यह अलग बात है कि अब भाजपा वाले दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की अपनी पुरानी मांग का उल्लेख नहीं करते हैं। कुल मिलाकर दोनों दलों की इस खींचतान का असली राज राजनीतिक वर्चस्व को लेकर है। पंजाब में चुनाव जीतकर तथा गुजरात में राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा हासिल करने के बाद अरविंद केजरीवाल की पार्टी उस राजनीतिक शून्य का लाभ उठाना चाहती है जो इन दूसरे दलों के द्वारा नहीं भरा गया है। दूसरी तरफ भाजपा यह जानती है कि दिल्ली के शासन में नीचे से ऊपर तक नहीं होने का राष्ट्रीय राजनीतिक नुकसान उसके लिए भारी पड़ सकता है। इसलिए उसने दंगल में अपनी तरफ से नकली पहलवान को उतार रखा है।

# अरबपतियों की संख्या बढ़ना अच्छा है पर गरीबों की आर्थिक सेहत कब सुधरेगी?

दुनियाभर में अमीरी और गरीबी के बीच खाई निरन्तर बढ़ती जा रही है, जो कोरोना काल के बीच और तेजी से बढ़ी है। इसी बढ़ती खाई को लेकर पूरी दुनिया में एक नई बहस छिड़ी है। गरीबी उन्मूलन के लिए कार्यरत संस्था ऑक्सफैम इंटरनेशनल की वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम की बैठक से ठीक पहले आई रिपोर्ट ह्यसर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरीह्न में इसे लेकर कई चौंका देने वाले खुलासे किए गए हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत के 21 सबसे अमीर अरबपतियों के पास इस समय देश के 70 करोड़ लोगों से भी ज्यादा धन-दौलत है और वर्ष 2021 में भारत की कुल संपत्ति में से 62 फीसदी हिस्से पर देश के केवल 5 प्रतिशत लोगों का ही कब्जा था जबकि भारत की निचले तबके की बहुत बड़ी आबादी का देश की केवल तीन फीसदी सम्पत्ति पर ही कब्जा रहा। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारत में 2020 में अरबपतियों की संख्या 102 थी, जो 2022 में 166 पर पहुंच गई पिछले साल नवम्बर तक भारतीय अरबपतियों की सम्पत्ति में 121 फीसदी तक बढ़ोतरी देखी गई। एक ओर जहां आम आदमी कोरोना महामारी के दौर में पेट भरने का जुगाड़ करने के लिए संसाधन जुटाने को तरसता रहा, नौकरी संबंधी समस्याओं का सामना करता रहा, वहीं उस दौर में भी भारत के अरबपतियों की दौलत में प्रतिदिन 3608 करोड़ रुपये प्रतिदिन बढ़े। ऑक्सफैम की इस रिपोर्ट में पिछले दस वर्षों में देश में पैदा हुई सम्पत्ति के गैर-बराबर बंटवारे के मुद्दे को भी उठाते हुए कहा गया है कि 2012 से 2021 के बीच भारत में जितनी भी संपत्ति अस्तित्व में आई, उसका 40 प्रतिशत हिस्सा देश के सबसे अमीर एक फीसदी लोगों के हाथ में गया जबकि 50 फीसदी जनता के हाथ में केवल तीन फीसदी सम्पत्ति ही आई। रिपोर्ट के अनुसार भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की सम्पत्ति 54.12 लाख करोड़ रुपये के पार जा चुकी है, जिससे 18 महीनों तक देश का पूरा बजट चलाया जा सकता है। यही कारण है कि सरकार को सलाह दी जाती रही है कि यदि भारतीय अरबपतियों की कुल सम्पत्ति पर महज दो फीसदी टैक्स ही लगा दिया जाए तो उसी से आगामी तीन वर्षों तक कुपोषण के शिकार बच्चों की सभी जरूरतों को बहुत आसानी से पूरा किया जा सकता है। 1980 के दशक की शुरूआत में एक फीसदी धनाढ़्यों का देश की कुल आय के छह फीसदी हिस्से पर ही कब्जा था लेकिन बीते वर्षों में यह लगातार बढ़ता गया है और तेजी से बढ़ी आर्थिक असमानता के कारण स्थिति बिगड़ती गई है।



योगेश कुमार गोयल
पत्रकार

वैसे तो पिछले कुछ वर्षों से लगातार यह तथ्य सामने आ रहे हैं कि देश की आधी सम्पत्ति देश के चंद अमीरों की तिजोरियों में बंद है और अमीर-गरीब के बीच खाई निरन्तर गहरी हो गई है लेकिन बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति अब और भी बदतर होती जा रही है और यह केवल भारत की ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया की समस्या है।

कटु सत्य यही है कि महामारी के दौर में तो अमीर जहां और ज्यादा अमीर हुए, वहीं गरीबों तथा मध्यम वर्ग का हाल और बुरा हुआ है तथा आर्थिक विषमता चिंताजनक स्थिति तक बढ़ गई है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट में पहले भी कहा जा चुका है कि अमीर लोग महामारी के समय में आरामदायक जिंदगी का आनंद ले रहे थे जबकि स्वास्थ्य कर्मचारी, दुकानों में काम करने वाले और विक्रेता जरूरी भुगतान करने में असमर्थ थे और इस परिस्थिति से निकलने में वर्षों लग सकते हैं। ऑक्सफैम के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ बेहर के मुताबिक रिपोर्ट से स्पष्ट है कि अन्यायपूर्ण आर्थिक व्यवस्था से किस तरह सबसे बड़े आर्थिक संकट के दौरान सबसे धनी लोगों ने बहुत अधिक सम्पत्ति अर्जित की जबकि करोड़ों लोग बेहद मुश्किल से गुजर-बसर कर रहे हैं।


ऑक्सफैम की पिछले साल की रिपोर्ट में भी कहा गया था कि यदि कोरोना के कुबेरों से वसूली होती तो देश में आर्थिक असमानता को लेकर स्थिति इतनी खराब नहीं होती। इससे पूर्व 'रिफ्यूजी इंटरनेशनल' की एक रिपोर्ट में भी खुलासा हुआ था कि कोरोना महामारी ने दुनियाभर में 16 करोड़ से भी ज्यादा ऐसे लोगों के रहने का ठिकाना छीन लिया, जो भुखमरी, बेरोजगारी तथा आतंकवाद के कारण अपने घर या देश छोड़कर दूसरी जगहों पर बस गए थे। रिपोर्ट के मुताबिक कोरोना महामारी सामाजिक असमानताओं को और उभार रही है। संयुक्त राष्ट्र और डेनवर विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में भी कहा जा चुका है कि महामारी के दीर्घकालिक परिणामों के चलते वर्ष 2030 तक 20.7 करोड़ और लोग बेहद गरीबी की ओर जा सकते हैं और यदि ऐसा हुआ तो दुनियाभर में बेहद गरीब लोगों की संख्या एक अरब को पार कर जाएगी। विश्व खाद्य कार्यक्रम के एक आकलन के अनुसार दुनियाभर में 82 करोड़ से भी ज्यादा लोग हर रात भूखे सोते हैं और बहुत जल्द 13 करोड़ और लोग भुखमरी तक पहुंच सकते हैं। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट (सीएसई) की ह्यस्टेट ऑफ इंडियाज एनवायरनमेंट इन फिगर्स 2020ह्न रिपोर्ट में कहा गया था कि कोरोना से वैश्विक गरीबी दर में 22 वर्षों में पहली बार बढ़ोतरी होगी और भारत की गरीब आबादी में 1.2 करोड़ लोग और जुड़ जाएंगे, जो दुनिया में सर्वाधिक हैं।

विश्व के कई अन्य देशों के साथ भारत में भी बढ़ती आर्थिक असमानता बेहद चिंताजनक है क्योंकि बढ़ती विषमता का दुष्प्रभाव देश के विकास और समाज पर दिखाई देता है और इससे कई तरह की सामाजिक और राजनीतिक विसंगतियां भी पैदा होती हैं। विश्व आर्थिक पत्रिका ह्यफोर्ब्सह्न की अरबपतियों की सूची में सौ से भी ज्यादा भारतीय हैं जबकि तीन दशक पहले तक इस सूची में एक भी भारतीय नाम नहीं होता था। हालांकि देश में अरबपतियों की संख्या बढ़ना हर भारतीय के लिए गर्व की बात होनी चाहिए लेकिन गर्व भी तभी हो सकता है, जब इसी अनुपात में गरीबों की आर्थिक सेहत में भी सुधार हो।

ऑक्सफैम की हालिया रिपोर्ट में मांग की गई है कि धनी लोगों पर उच्च सम्पत्ति कर लगाते हुए श्रमिकों के लिए मजबूत संरक्षण का प्रबंध किया जाए। दरअसल बड़े औद्योगिक घरानों पर टैक्स लगाकर सार्वजनिक सेवाओं के लिए आवश्यक संसाधन जुटाए जा सकते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मत है कि देश के शीर्ष धनकुबेरों पर महज डेढ़ फीसदी सम्पत्ति कर लगाकर ही देश के कई करोड़ लोगों की गरीबी दूर की जा सकती है लेकिन किसी भी सरकार के लिए यह कार्य इतना सहज नहीं है। दरअसल यह जगजाहिर है कि बहुत से राजनीतिक फैसलों पर भी इन धन कुबेरों का ही नियंत्रण होता है। आर्थिक विषमता आर्थिक विकास दर की राह में बहुत बड़ी बाधा बनती है। दरअसल जब आम आदमी की जेब में पैसा होगा, उसकी क्रय शक्ति बढ़ेगी, आर्थिक विकास दर भी तभी बढ़ेगी। यदि ग्रामीण आबादी के अलावा निम्न वर्ग की आय नहीं बढ़ती तो मांग में तो कमी आएगी ही, इससे विकास दर भी प्रभावित होगी।

# शुक की बातें सुन कर क्यों आश्चर्य में पड़ा रावण?

रावण को आजीवन अगर किसी ने कष्ट दिया, तो वह था उसका मतिभ्रम। उसे सदैव यही लगता रहा, कि संसार में उससे कुशल व श्रेष्ठ बुद्धि का देवता, अन्य कोई नहीं है। उसे यही लगता रहा, कि जगत के किसी भी विषय को लेकर, उसका अवलोकन सदैव अनुकरणीय व दिशा प्रदाता होता है। श्रीविभीषण जी के पीछे अपने दूतों को भेजना भी, उसकी इसी स्वयं सिद्ध श्रेष्ठ बुद्धि का भ्रम होना ही है। उसे लगता है, कि दूत सदैव अपने स्वामी का हित चाहता है। उसके मस्तिष्क में यही अक्स था, कि जैसे श्रीहनुमान जी ने, अपने स्वामी श्रीराम जी के मान सम्मान का ध्यान रखा, ठीक वैसे ही, मेरे दूत भी मेरे सम्मान का, ऐसे ही ध्यान रखेंगे। वे कभी मेरे विरुद्ध एक स्वर भी अपने होठों पर नहीं लायेंगे। लेकिन उसे क्या पता था, कि



आदर्श अनुसरणकर्ता पाने के लिए, सर्वप्रथम स्वयं को आदर्श सम्पन्न होना आवश्यक है। स्वयं की गठड़ी झूठों का पुलिंदा हो, और आशा रखें, कि सब हमारे प्रत्येक वाक्य को ब्रह्म वाक्य-सा सम्मान दें। तो यह मान कर चलिए, कि ऐसा यथार्थ में संभव नहीं हो पाता है।रावण ने सोचा, कि शुक अभी तुरन्त ही, श्रीराम जी के दल की एक-एक जानकारी हमारे समक्ष रख देगा। लेकिन रावण देख रहा है, कि कुछ कहने की बजाये, शुक तो मौन साधना का पथिक अधिक प्रतीत हो रहा है। कारण कि शुक रावण में यही पा रहा है, कि रावण श्रीराम जी एवं श्रीलक्ष्मण जी को एक तिनके के बराबर भी नहीं समझ रहा है। और कह रहा है, कि अंत में उन तपस्वियों के बारे में बता। उनसे तेरी भेंट भी हुई, अथवा वे दोनों अपने कानों से मेरा सुयश सुनकर ही वापस लौट गए?शुक सोच रहा है, कि पहली बात तो यह, कि हे रावण! अब तेरा सुयश कब से होने लग गया? कारण कि सुयश तो उसका होता है, जो अपने जीवन में यशस्वी कार्यों को प्रार्थमिक्ता व अंगीकार करता है। जो कि रावण के जीवन में कभी हुए ही नहीं। फिर रावण तूने यह सोच भी कैसे लिया, कि श्रीराम जी अपने महाअभियान को बीच में छोड़कर वापस भी जा सकते हैं। .. ..जारी।

नजरिया

# सरकारों के बीच पिसता आम आदमी

एक दशक से देश की सियासत में एक तरह की राजनीति कुछ अलग ही तरीके से चल पड़ी है, जिसके चलते छोटे-छोटे मामलों पर बड़े-बड़े पदों पर बैठे लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। केंद्र से अलग पार्टी की सरकार वाले राज्यों के पास अक्सर इस बात का रोना रहता है कि फलाँ-फलाँ काम यहाँ अटका पड़ा है। क्योंकि केंद्र में अलग पार्टी की सरकार है। इसलिए काम की फाइल अटकना तो बहाना है, उसके पीछे की सियासत कुछ और ही है। कुल मिलाकर निष्कर्ष यही निकलता है कि केंद्र और राज्य में अलग अलग पार्टी की सरकार होने के मायने विकास में असंतुलन और प्रचार की रस्साकसी है इनके बीच खड़ा वोटर यानि की आम आदमी केंद्रीय और राज्य के संघीय ढांचे में काम के बटवारे से होने वाले नुकसान का भुगतभोगी है। संघवाद सरकार की एक प्रणाली है जिसमें शक्तियों को केंद्र और उसके घटक भागों जैसे राज्यों या प्रांतों के बीच विभाजित किया गया है। यह राजनीति के दो सेटों को समायोजित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र है, कई बार यह विवाद की ओर ले जाता है जिसके कारण आम आदमी पीड़ित होता है। कल्याण नीतियों, योजनाओं और सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत की केंद्र सरकार की पहल को कुछ राज्यों द्वारा बाधित किया गया था, उदाहरण के लिए पश्चिम बंगाल ने योजना में शामिल होने से इंकार कर दिया, जिससे कई लाभार्थी सेवाओं से बाहर हो गए।



प्रियंका सौरभ
स्तंभकार

**यह राजनीति के दो सेटों को समायोजित करने के लिए एक संस्थागत तंत्र है, कई बार यह विवाद की ओर ले जाता है जिसके कारण आम आदमी पीड़ित होता है।**

एक दशक से देश की सियासत में एक तरह की राजनीति कुछ अलग ही तरीके से चल पड़ी है, जिसके चलते छोटे-छोटे मामलों पर बड़े-बड़े पदों पर बैठे लोगों को अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। केंद्र से अलग पार्टी की सरकार वाले राज्यों के पास अक्सर इस बात का रोना रहता है कि फलाँ-फलाँ काम यहाँ अटका पड़ा है। क्योंकि केंद्र में अलग पार्टी की सरकार है। इसलिए काम की फाइल अटकना तो बहाना है, उसके पीछे की सियासत कुछ और ही है।

नई शिक्षा नीति में केंद्र सरकार देशभर में शिक्षा के समान मानक चाहती है ताकि देश भर में शिक्षा की पहुंच और समानता सुनिश्चित की जा सके, कुछ राज्यों द्वारा इसका विरोध किया गया था, यह आम आदमी को समग्र शिक्षा के नुकसान को प्रभावित करता है। कृषि विपणन क्षेत्र में हालिया कृषि अधिनियम जो किसानों को अपनी उपज कृषि उपज बाजार समिति (एपीएमसी) के बाहर बेचने की अनुमति देते हैं और अंतर-राज्य व्यापार को बढ़ावा देने का लक्ष्य रखते हैं। मॉडल एपीएमसी अधिनियम को अपनाने के लिए राज्य की अनिच्छा के साथ-साथ एकीकृत कृषि बाजार की कमी और ई-एनएएम प्लेटफॉर्म में शामिल होने के उत्साह की कमी ने 2022 तक किसान की आय को दोगुना करने के उद्देश्य से केंद्र की क्षमताओं को सीमित कर दिया है।

आधार आधारित योजनाएं देखे तो पश्चिम बंगाल सरकार का मामला 2017 में संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत 'आधार अधिनियम' की वैधता को चुनौती देते हुए दायर किया गया था। इन गतिविधियों ने आधार पर आधारित विकास योजनाओं का गला घोंट दिया। महामारी नीति के दौरान राष्ट्रीय लॉकडाउन की प्रभावकारिता में राज्यों और केंद्र द्वारा आरोप और प्रत्यारोप लगाए गए हैं।

जानकारी

# सिंगापुर मलेशिया की सैर

आईआरसीटीसी के ट्वीट के मुताबिक टूर की शुरूआत 18 जनवरी को होगी, यात्रा में सबसे पहले पर्यटकों को दिल्ली से क्वालालम्पुर ले जाया जायेगा, जहां क्वालालम्पुर के खूबसूरत स्थानों की सैर कराई जाएगी। इस पैकेज में आने-जाने की हवाई यात्रा,होटल का किराया, खाने पीने का खर्च लंच डिनर ब्रेकफास्ट, वीजा का खर्च आईआरसीटीसी वहन करेगी।

**टूर पैकेज की डिटेल्स**

यात्रा 23 जनवरी 2023 को दिल्ली एयर पोर्ट से शुरू होगी, यात्रा की शुरूआत सुबह 10:5 मिनट पर होगी 6 दिन और 7 रात की इस जर्नी में आपको लंच, ब्रेकफास्ट, और डिनर फ्री मिलेगा।

**पैकेज का खर्च**

सिंगल व्यक्ति का कुल खर्च 1,35, 000 रुपए है। अगर आपके साथ 5 से 11 साल का बच्चा है तो बेड के साथ कुल



खर्च 1,03,700 रुपये है। 5 से 11 साल के बच्चे का किराया बिना बेड के 92,200 रुपये है। यदि आप कम्फर्ट क्लास में डबल या ट्रिपल बुकिंग करते हैं तो प्रति व्यक्ति कुल खर्च 1,15, 500 रुपये होगा।

**कैसे कराएं बुकिंग**

इस पैकेज की बुकिंग आप आईआरसीटीसी की ऑफिशियल व े ब ा स ा ा इ ट www.irctc.tourism.com से ऑनलाइन करा सकते हैं, इसके अलावा आईआरसीटीसी पर्यटक सुविधा केंद्र और क्षेत्रीय और स्थानीय कार्यालयों से भी करा सकते हैं।

साइबर दुनिया

# 46,999 रु. में मिल रहा 79,900 MRP वाला iPhone

नई दिल्लीः iPhone 14 खरीदने का सोच रहे हैं तो फ्लिपकार्ट पर चल रही सेल में सिर्फ आज का मौका है। जी हां Flipkart Big Saving Days में आईफोन 14 की खरीद पर भारी डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके साथ डील को ज्यादा आकर्षक बनाने के लिए बैंक ऑफर और एक्सचेंज डिस्काउंट भी लगा सकते हैं। आइए आईफोन पर ऑफर से लेकर स्पेसिफिकेशंस के बारे में विस्तार से जानते हैं।



iPhone 14 के 128GB स्टोरेज वेरिएंट को 14 प्रतिशत छूट के बाद 67,999 रुपये सस्ता खरीदा जा सकता है, जबकि वास्तविक कीमत 79,900 रुपये है। भारत में आईफोन बीते साल सितंबर में लॉन्च हुआ था।

बैंक ऑफर की बात करें तो सिटी क्रेडिट कार्ड और ईएमआई ट्रांजेक्शन पर 10 प्रतिशत (1 हजार रुपये) तक डिस्काउंट लिया जा सकता है। वहीं फ्लिपकार्ट एक्सिस बैंक कार्ड से पेमेंट पर 5 प्रतिशथ कैशबैक भी मिल सकता है। अगर ईएमआई पर यह आईफोन चाहिए तो आप 4,211 रुपये प्रति माह एटक पर इसे खरीद सकते हैं।

\सबसे आखिरी और सबसे खास ऑफर एक्सचेंज ऑफर डिस्काउंट है, जिसमें आपको पुराने फोन से छुटकारा मिलेगा और नए फोन खरीदने में 20,000 रुपये तक बचत भी होगी। हालांकि ध्यान इस बात पर देना है कि ऑफर का लाभ एक्सचेंज में दिए जाने वाले फोन की कंडीशन और मॉडल पर निर्भर करता है। इस ऑफर को लगाने के बाद प्रभावी कीमत 47,999 रुपये हो सकती है, जिसमे 1 हजार रुपये बैंक ऑफर जोड़ने पर कीमत 46,999 रुपये हो सकती है।

**iPhone 14 के स्पेसिफिकेशंस**

स्पेसिफिकेशंस की बात करें तो iPhone 14 में 6.1 इंच की सुपर रेटिना एक्सडीआर ओएलईडी डिस्प्ले दी गई है।

टॉप ट्वीट

"भारत सतत विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए निवेश आर्थिक विकास और रोजगार सृजन को बढ़ावा देकर श्री मोदी के दृष्टिकोण का पालन करके आत्मनिर्भरता के मार्ग पर है"।

नितिन गडकरी
केंद्रीय मंत्री





"माधुरी दीक्षित फिल्म कला के गाने घोड़े पे सवार पर थिरक रही हैं। इस गाने को अनुष्का शर्मा पर फिल्माया गया है। माधुरी ने इस डांस वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बलमा घोड़े पे क्यों सवार हैं?' ।

माधुरी दीक्षित
बॉलिवुड अभिनेत्री

संपादक के नाम पत्र

## खुद के गड्ढे में गिरता पाकिस्तान

आर्थिक बदहाली में पाकिस्तान को तालिबानी चुनौती ने जिस मुकाम पर पहुंचा दिया है वह उसके लिए खतरे की घंटी है। वैसे देखा जाए तो आतंकवाद को पोसने में पाकिस्तान ने भी कोई कसर बाकी नहीं रखी है चाहे वह भारत के खिलाफ हो या अमेरिका या दुनिया के अन्य देशों के। पाकिस्तान के इसमें हाथ होने के हजारों सबुत सामने आ चुके हैं लेकिन वहां के प्रशासक है कि सच को स्वीकारते ही नहीं। लादेन को अपने यहां शरण देकर इतना बड़ा झूठ पाकिस्तान बोलता रहा उसे अमेरिकी कार्यवाही ने एक झटके में दुनिया के सामने ला दिया। अब तक पाकिस्तान तालिबान के कंधे पर बंदूक रखकर अपना स्वार्थ सिद्ध करता आया है। ताजे हालातों में जिस तरह वह बदहाली के दलदल में धंसा जा रहा है आतंकवाद को पोषण भी उसकी एक बड़ी वजह है। आतंक से ग्रस्त देशों ने अपनी मदद क्या बंद कर दी पाकिस्तान के आर्थिक हालात लगातार बद से बदतर होते जा रहे हैं। अगर अब भी पाक प्रशासक अपनी करनी से बाज नहीं आते तो बहुत जल्द ही एक ऐसा समय आएगा जब हमारे पड़ोस का देश टुकड़ों टुकड़ों में बंटा दिखेगा।

अमृतलाल मारू 'रवि'
महालक्ष्मी नगर इंदौर

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

**शहर >> अपडेट**

## दो नामजद अभियुक्त गिरफ्तार

**तारापुर :** अनुमंडल के हरपुर थाने के अंतर्गत बेल बीहमा गांव से कांड संख्या 34 के दोषी नामजद अभियुक्त को हरपुर थाने के एएसआई टुडडु के नेतृत्व में सशस्त्र पुलिस बल ने गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार और रात्रि 8 बजे के करीब पुलिस ने सघन छापेमारी के दौरान दोनों अभियुक्तों को उनके घर से गिरफ्तार किया। दोनों नामजद अभियुक्त मुरारी मंडल और राजकिशोर मंडल जो शौकीन बेल बीहमा के रहने वाले हैं यह कुछ दिनों से फरार चल रहे थे। जिन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# नीतीश के आगमन की तैयारी का जिलाधिकारी एवम पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** आगामी 28 एवं 29 जनवरी 2023 को मुख्यमंत्री बिहार के प्रस्तावित समाधान यात्रा की तैयारी के संदर्भ में आज जिलाधिकारी नवीन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक जगुनाथ जलारेड्डी ने संयुक्त रूप से विभिन्न विभागीय पदाधिकारियों के साथ सम्भावित कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त संजय कुमार, सिविल सर्जन, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, भवन/जल संसाधन, पथ निर्माण, ग्रामीण कार्य विभाग, लघु सिंचाई सहित विभिन्न तकनीकी एवं गैर तकनीकी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारीगण मौजूद थे।



उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री बिहार का राज्यव्यापी समाधान यात्रा विगत 4 जनवरी से जिलावार निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम आरंभ है जो आगामी 7 फरवरी 2023 तक चलेगा। इसी क्रम में मुंगेर जिलांतर्गत दिनांक 28 एवं 29 जनवरी 2023 को माननीय मुख्यमंत्री बिहार का समाधान यात्रा कार्यक्रम प्रस्तावित है।

सम्भावित कार्यक्रमों के अनुसार मुंगेर में जिलास्तरीय समीक्षात्मक बैठक, जीविका एवं चिन्हित समूहों/संगठनों के साथ संवाद कार्यक्रम एवं पंचायत स्तर पर योजनाओं का क्षेत्र भ्रमण के तहत निरीक्षण कार्यक्रम संभावित है। साथ ही नवनिर्मित मुंगेर वाणिकी महाविद्यालय का भी माननीय मुख्यमंत्री के कर कमलों से लोकार्पण कार्यक्रम प्रस्तावित है। इसी क्रम में आज जिलाधिकारी ने माननीय मुख्यमंत्री के समाधान यात्रा के अंतर्गत मुंगेर जिला में संभावित कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर विभिन्न कार्यक्रम स्थलों का विभागीय पदाधिकारियों के साथ स्थल निरीक्षण किया।

सर्वप्रथम श्रीकृष्ण सेतु स्थित चेक पोस्ट एवं मार्ग का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के पूर्व जिला के कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात मुंगेर प्रवेश एवं आगमन के संदर्भ में सुरक्षा संबंधी बिंदुओं को लेकर विचार विमर्श कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके बाद जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा नवनिर्मित वाणिकी महाविद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्हांने महाविद्यालय स्थित आडिटॉरियम, गेस्ट हाउस, एडमिनस्ट्रेटिव ब्लॉक सहित महाविद्यालय परिसर का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। वाणिकी महाविद्यालय के लोकार्पण संबंधी तैयारियों एवं वहां के गेस्ट हाउस की व्यवस्था को सुदृढ करने का निर्देश महाविद्यालय प्रबंधन को दिया।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से दो युवक की मौत

राष्ट्रीय खबर

**पकड़ीदयाल :** थाना क्षेत्र के चोरमा रोड एवं चकई टोला रोड में सड़क दुर्घटना से दो युवकों की मौत हो गई। दोनों घटनाएं गुरुवार की देर रात्रि की बताई जा रही है। मृतक इंद्रजीत साहनी की पत्नी प्रमिला देवी ने बताई की वे पकडीदयाल से सामान खरीद कर ससुराल कटास जा रहे थे। इसी दौरान चीनी मिल धर्म कांटा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वही चकाई टोला सड़क दुर्घटना में मृतक परसा परसौनी आकाश पटेल की मां ने बताई की आकाश टेंट में काम करता था। वह बड़कागांव में काम करने गया था, लौटने के क्रम में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। तथा घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वह चार भाई मैं सबसे छोटा था। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए प्रभारी थाना अध्यक्ष शशि भूषण शर्मा ने बताया कि चोरमा रोड चीनी मिल धर्म कांटा के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से मधुबन थाना के चैनपुर भेलवा निवासी इदंरजीत साहनी के सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। दूसरी तरफ चकई टोला सिसहनी रोड में परसा परसौनी के टेंट कारीगर अकाश पटेल की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वह बड़कागांव में टेंट का काम कर घर वापस लौट रहा था। वह टेंट में लाइट मिस्त्री का काम करता था। वही दोनों शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सौंप दिया गया।

# अन्नानयन दिवस कार्यक्रम आयोजित बच्चों में बांटी गई मिठाईयां



राष्ट्रीय खबर

**पिपराकोठी/पू चंपारण :** प्रत्येक वर्ष माघ कृष्ण चतुर्दशी के रोज श्री सर्वेश्वरी समूह में श्रद्धालु भक्तों द्वारा अनन्य दिवस मनाया जाता है जो एक अलौकिक घटना को याद दिलाता है। महाप्रभु के शब्दों में मैं अपना जीवन भिक्षाटन कर गुजरता था जहां हर जगह मुझे तिरस्कार पुणे शब्दों का सामना करना पड़ता था। मेरा जीवन उपेक्षित था मुझे भूखा भी रहना पड़ता था। माघ चतुर्दशी के रोज अन्नपूर्णा माता एक बुढ़िया मां के रूप में प्रकट हुई तथा मुझे एक मुट्ठी अनाज प्रदान की उसी समय से मुझे अन्य और वस्त्र मिलने लगा जिसका उपयोग दीन दुखियों के बीच करता था जिसके आलोक में कीनाराम अघोर शोध संस्था बनारस के तत्वधान में झाखरा मठ पर अनन्य दिवस के अवसर पर अघोर पंथ के अनुयाई प्रकाश बाबा द्वारा संस्था के भाई बहनों के साथ पूजन हवन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जहां बच्चों के बीच मिठाइयां बांटी गई मौके पर बहुत सारे गुरु भाई एवं बहन उपस्थित थे।

# दलाई लामा ने महाबोधि मंदिर में की विशेष पूजा - अर्चना

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** बौद्ध धर्म के शीर्ष गुरु परम पावन दलाई लामा ने बृहस्पतिवार को महाबोधि मंदिर पहुंचकर गर्भ गृह में स्थित भगवान बुद्ध की विश्व शांति के लिए विशेष पूजा अर्चना की। उन्होंने लगभग 50 मिनट तक ध्यान मग्न होकर पूरे बौद्ध मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया। इस दौरान उन्होंने पवित्र बोधि वृक्ष की छांव तले कुछ पल बिताया और बौद्ध श्रद्धालुओं को हाथ उठाकर आशीर्वाद दिया।इस बीच पूरा मंदिर परिसर बौद्ध श्रद्धालुओं से पट गया था। श्रद्धालुओं ने परम पावन दलाई लामा के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में कतार में खड़े होकर आशीर्वाद लिया। सभी लोग हाथों में खादा और पुष्प लेकर



दलाई लामा का अभिवादन किया। इस दौरान मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई थी। चप्पे-चप्पे पर अर्धसैनिक बलों के जवान तैनात थे। सुरक्षा के मद्देनजर श्रद्धालुओं के नियंत्रण चाहिए पुलिस बल तैनात किए गए थे। इस अवसर पर बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमिटी के सचिव एनजी दोरजे, सदस्य अरविंद कुमार सिंह सहित बड़ी संख्या में विभिन्न देशों के बौद्ध श्रद्धालु उपस्थित थे। बता दे 19 दिसंबर से 20 जनवरी तक दलाई लामा बोधगया प्रवास पर है। आज विशेष विमान से वे लौट जाएंगे।

# एक रात में 3 सड़क हादसे 3 हुए गंभीर रूप से जख्मी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** पुलिस जिला अंतर्गत गुरुवार की रात अलग-अलग जगहो पर लगातार तीन सड़क हादसे हुए । इन हादसों में तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जिन्हें इलाज के बाद बेतिया के लिए रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि मदनपुर व सिरिसिया के बीच का एक बाइक पर तीन लोग सवार होकर वल्मीकि नगर से बगहा के तरफ आ रहे थे।घना कोहरा होने के कारण दिखाई नहीं दिया, जिसके कारण बाइक सवार ने गन्ना लदे ट्रैक्टर में पीछे से टक्कर मार दी। इस घटना में चालक सहित दो की स्थिति गंभीर हो गई। जिन्हें स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने सदर अस्पताल बगहा पहुंचाया। घायलों की पहचान वाल्मीकि नगर थाना क्षेत्र के हवाई अड्डा गांव निवासी कपिल देव दास का 18 वर्षीय पुत्र अकाश कुमार, अंगद भगत के 25 वर्षीय पुत्र रामसुंदर और पहाड़पुर के नूनिया पट्टी टोला निवासी जग बहादुर दास के 35 वर्षीय पुत्र टीपू कुमार के रूप में हुई है। डॉ. तारीख नदीम ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद दो को को बेतिया ऋटउळ के लिए रेफर कर दिया गया है। जबकि एक व्यक्ति का इलाज और मंडली अस्पताल में चल रहा है। दूसरे हादसे में बगहा-बेतिया मुख्य मार्ग पर टेंगराहा पुल के पास 18 चक्का का ट्रक अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर पुल पर लटक गया। ऊपरवाले की करम से चालक और खलासी सुरक्षित है। पुलिस के पहुंचने से पहले लगभग आधा घंटा तक सड़क जाम रहा। ट्रक चालक और खलासी के साथ कोई हताहत नहीं हुई है। ट्रक चालक बगहा चीनी मिल से गन्ना गिरा कर जा रहा था। उसी दरमियान अनियंत्रित होकर पुल की रेलिंग तोड़कर पुल पर लटक गया। इसकी जानकारी देते हुए नगर थाना प्रभारी अनिल कुमार सिन्हा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही गश्ती में निकले एएसआई नवल किशोर को सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस ने ट्रक को हटवा दिया। बताया जा रहा है कि घना कोहरा होने के कारण यह हादसा हुआ। तीसरे दुर्घटना में बड़गांव के पास नेशनल हाईवे पर गन्ना लदा ट्रैक्टर पलटने के कारण कुछ देर के लिए एनएच जाम हो गया। जिसे स्थानीय लोगों और पुलिस के सहयोग से खाली कराया गया। संयोग अच्छा रहा कि ट्रैक्टर पलटने के समय बगल से गुजर रहा राहगीर किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाए।

# गणतंत्र दिवस पर झंडारोहण के लिए प्रखंड सभागार में हुई बैठक

राष्ट्रीय खबर

**ठकराहां :** गणतंत्र दिवस पर झंडरोहण का समय व कार्यक्रम निर्धारित करने के लिए शुक्रवार को ठकराहां प्रखंड के सभागार बैठक की गई। इसमें बीडीओ द्वारा प्रखंड व प्रमुख व उपस्थित जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभागीय पदाधिकारी से विचार विमर्श करके झंडातोलन के लिए समय निर्धारित किया गया। बीडीओ ने बताया कि प्रखंड मुख्यालय पर पूर्वाह्न 9:15 बजे,पीएचसी पर 9:35 बजे, बीआरसी भवन पर 9:50 बजे,ठकराहां पंचायत की सरकार भवन पर 10:05 बजे,ठकराहां थाना पर 10:30 बजे व महादलित वस्ती में 11:00 बजे झंडा फहराया जायेगा। बीडीओ ने बताया कि अभी कोरोना गया नही है। इस लिए झंडरोहण कार्यक्रम में प्रोटोकॉल का पालन



जारी रहेगा। झंडरोहण कार्यक्रम में कोरोना प्रोटोकॉल का पूरा पूरा पालन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रखंड मुख्यालय पर प्रमुख व अन्य विभागों व संस्थानों पर संस्थान के प्रधान झंडा फहरायेंगे। बीडीओ ने बैठक में शामिल जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों व कर्मचारियों को प्रखंड मुख्यालय पर झंडरोहण कार्यक्रम में शामिल होने हेतु बैठक के दौरान ही आंमत्रण स्वीकार करने की अपील करके कहा इस बार ई-निमंत्रण कार्ड से झंडातोलन में शामिल होने के लिए सबको आंमंत्रित किया जायेगा। इस बैठक की अध्यक्षता प्रखंड प्रमुख अंजु देवी और संचालन की कार्रवाई बीडीओ अजित कुमार सिंह ने की। इसमें मुखिया रुपेश चौधरी, बिनोद यादव, एमएलसी व मुखिया प्रतिनिधि बीरेन्द्र तिवारी, श्रीनगर मुखिया प्रतिनिधि हरेश यादव,सरपंच अमेश यादव,पंसस श्रीप्रकाश गुप्ता, समाजिक गण रविकांत राम, प्रमुख प्रतिनिधि डा. हर-देव प्रसाद कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# पनियहवा घाट पर गंगा आरती के साथ श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी

राष्ट्रीय खबर

**बगहा :** बिहार उत्तर प्रदेश के सीमा पर छितौनी-बगहा रेल पुल स्थित पनियहवा नारायणी तट पर तीन दिवसीय मां नारायणी सामाजिक कुंभ का कलश पूजन पुरोहितों के मंत्रोच्चार के बीच गंगा आरती कर विधिवत रूप से शुभारंभ किया गया। सामाजिक कुंभ मौनी अमावस्या के दिन संपन्न होगा। शुक्रवार को नारायणी में श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाकर दानपुण्य किया।

कुंभ स्थल पनियहवा तट पर वैदिक मंत्रोचार के साथ कलश स्थापित कर काशी से आये पुरोहित आशीष मिश्रा, आशुतोष पांडेय, सोनू तिवारी, सुमंत पांडेय, शिवम मिश्रा के वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आरती किया गया, जिससे बार्डर का दियारा भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पथलेश्वरनाथ धाम के महंथ डॉ. सत्येंद्र गिरी तथा संचालन प्रभाकर पांडेय ने किया। कुंभ



संयोजक मनोज कुमार पांडेय ने अतिथियों व श्रद्धालुओं के प्रति आभार व्यक्त किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्वामी दिव्य सागर महाराज ने कहा कि इस प्रकार का आयोजन हमारी महान सभ्यता व संस्कृति और विरासत मजबूत बनाने में सहायक सिद्ध होगा। नारायणी नदी तट पर स्नान दान का विशेष महत्व है। देश दुनिया में हिन्दू संस्कृति के विभिन्न पूजन उत्सव विशेषकर श्री सत्यनारायण व्रत कथा आदि महत्वपूर्ण पूजन अनुष्ठान में प्रयुक्त होने वाला शालिग्राम पत्थर केवल नारायणी नदी में ही पाया जाता है। लोग इस नदी में पवित्र स्नान कर शालिग्राम का पूजा पाठ कर मन्नतें मांगते हैं। शुक्रवार को श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर गौदान किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता डा.निलेश मिश्र, विहिप जिलाध्यक्ष मुकेश तिवारी, भुजौली मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र राव, बद्रीनाथ तिवारी, कपिलदेव तिवारी, कार्यक्रम प्रमुख प्रवीण गुंजन, विकास सिंह, सुनील यादव, मनीष शर्मा, दीनबंधु साहनी, वीरेंद्र निषाद, सुरेंद्र साहनी, राकेश निषाद आदि मौजूद रहे।

# पुलिस अधीक्षक ने किया जनता दरबार का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**बेतिया :** पुलिस अधीक्षक उपेंद्र नाथ वर्मा ने जनता दरबार का जनता दरबार में विभिन्न थाना क्षेत्र से आये लोगों की समस्याओं को क्रमवार अवलोकन किया। तदुपरांत संबंधित पुलिस पदाधिकारी को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई एवं समस्याओं को त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। जनता दरबार में मामलों की सुनवाई उपरांत पुलिस मुख्यालय से प्राप्त निर्देश के आलोक में पुलिस अधीक्षक बेतिया उपेंद्र नाथ वर्मा की अध्यक्षता में जिलान्तर्गत पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) बेतिया, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस निरीक्षकों के साथ बैठक कर 300 दिनों से अधिक लंबित कांडों का समीक्षा किया। समीक्षा के क्रम में सभी संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को व्यक्तिगत रुचि लेकर विशेष अभियान संचालित करते हुए उपर्युक्त कांडों का शीघ्र निष्पादन कर लंबित कांडों की संख्या शुन्य करने को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

# मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण के मुद्दे पर हस्ताक्षर अभियान का हुआ शुभारंभ

## संविधान निमार्ता सह भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ अभियान का आगाज

### मेडिकल कॉलेज के मुद्दे पर सर्वदलीय संघर्ष समिति द्वारा चलाया जा रहा है आंदोलन

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** एम्स की तर्ज पर मुंगेर प्रमंडलीय मुख्यालय के आसपास बनने वाले मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण के मुद्दे को लेकर गुरुवार को सर्वदलीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण संघर्ष समिति के बैनर तले हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ संविधान निमार्ता सह भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा नौवागढ़ी चौक पर माल्यार्पण के साथ शुभारंभ हुआ। हस्ताक्षर अभियान में सभी दलों के नेताओं



तथा पार्टी कार्यकताओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। हस्ताक्षर अभियान के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक प्रणब कुमार यादव थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत विद्यार्थी कर रहे थे। हस्ताक्षर अभियान डॉ. भीमराव अंबेडकर चौक से शुरू हुआ जो संपूर्ण नौवागढी बाजार में देर शाम तक जारी रहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री कुमार ने कहा कि नौवागढ़ी मौजा में मेडिकल कॉलेज बनने से जिले के संग्रामपुर, टेटिया बंबर, हवेली खड्कपुर, बरियारपुर, असरगंज तथा तारापुर प्रखंड सहित खगड़िया और बेगूसराय जिले के लोगों को समुचित लाभ मिल पाएगा और यह क्षेत्र बाढ़ प्रभावित नहीं है। अध्यक्ष संबोधन में रंजीत विद्यार्थी ने कहा कि एक साजिश के तहत नौवागढ़ी मौजा से मेडिकल कॉलेज को बाढ़ प्रभावित इलाका ले जाया जा रहा है। जबकि पूर्व में जिला प्रशासन के द्वारा नौवागढ़ी मौजा में मेडिकल कॉलेज निर्माण के लिए भूमि की पैमाइश की गई थी। उन्होंने ने कहा कि हमेशा से ही नौवागढ़ी क्षेत्र के लोगों के साथ छल होता रहा है और मेडिकल कॉलेज के मुद्दे पर भी राजनीतिक दबाव में छल हो रहा है, जिसे किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हमारा सामाजिक संगठन नौवागढ़ी के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतम कुमार ने कहा कि मेडिकल कॉलेज के मुद्दे पर चरणबद्ध आंदोलन चलाया जाएगा। कार्यक्रम को क्षेत्रीय विकास मंच नौवागढ़ी तथा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर सेवा समिति के कार्यकताओं ने भी संबोधित किया। मौके पर नवल किशोर सिंह, चंद्रशखर मंडल, अंजू भारद्वाज, मनीष कुमार, शुभम कुमार, विपिन पासवान, अरुण कुमार पासवान, मनोज साह, धीरज कुमार, राजद नेता कैलू कुमार, कैलाश ठाकुर, कृष्ण मोहन मंडल, रणधीर सिंह , अक्षय लाल पासवान, उदय मंडल, सुदीन पासवान, सानू कुमार सहित बड़ी संख्या में विभिन्न राजनीतिक दलों सहित सामाजिक संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद थे। हस्ताक्षर अभियान नौवागढ़ी बाजार, बारिश टोला, रामदिरी, कनतपुर, सिंघेश्वर टोला सहित आदि गांव में भी चलाया गया। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता रंजीत विद्यार्थी ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के मुद्दे को लेकर मुख्यमंत्री के मुंगेर आगमन पर समाधान यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को नौवागढ़ी मौजा में मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल निर्माण को लेकर स्मार पत्र सौंपा जाएगा।

# कंबल वितरण कर स्वर्गीय चंद्रकला देवी की मनाई गई पुण्यतिथि

### पटेल सेवा संघ मुंगेर के बैनर तले 205 जरूरतमंदों के बीच बांटे गए कंबल

राष्ट्रीय खबर

**मुंगेर :** प्रखंड के हलिमपुर गांव में स्वर्गीय चंद्रकला देवी की 17 वीं पुण्यतिथि समारोह पटेल सेवा संघ मुंगेर के बैनर तले मनाई गई। पुण्यतिथि समारोह के मुख्य अतिथि सामाजिक राजनीतिक नेता प्रीतम सिंह व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी ऋतुराज वसंत दिवंगत सामाजिक नेत्री के पहले चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना किए। वही दोनों अतिथियों ने जरूरतमंदों को कंबल वितरण करते हुए कहां की मानव जीवन का पहला कर्तव्य है जरूरतमंदों की सेवा करना। दोनों अतिथियों ने यह भी कहा।

यह एक सराहनीय प्रयास है जैसे पूर्वजों के चित्र पर माला पहनाने से, पिंडदान श्राद्ध करने से उनकी आत्मा को शांति और तृप्ति मिलती है। उसी प्रकार परिवार के विशेष तिथियों पर बहुजन सुखाय बहुजन हिताय जैसे कार्यक्रम करने पर हमारे पूर्वज और आने वाली पीढ़ियों को यश और शौर्य की प्राप्ति होती है। वही पटेल सेवा संघ के सचिव लटोरी मंडल व तनुजा मंडल ने दिवंगत आत्मा की शांति हेतु नर सेवा नारायण सेवा का कार्य करते हुए गरीबों को खाना खिलाया। मौके पर पटेल सेवा संघ के संरक्षक स्वामी मुक्ति यंत्र, वरिष्ठ पत्रकार विजय आनंद, रामचंद्र प्रसाद सिंह, अनिल कुमार सिन्हा, कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार राय, नेशनल रेसलर सनी राय, जदुपति राय, सुरेश मंडल, पूर्व मुखिया राजकिशोर मंडल, पप्पू मंडल, बाल किशोर मंडल, कल्लू ठाकुर, कमलेश्वरी मंडल, राहुल, पुष्कर, दीपक, अरुण मंडल, विजय मंडल सहित सैकड़ों मौजूद थे।

## शहर >> अपडेट

### बच्चों को स्वेटर का हुआ वितरण

**जयनगर:** गरगी आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 98 में बच्चों स्वेटर दिया गया। जयनगर प्रखंड अंतर्गत पंचायत गर्गी में आंगनबाड़ी केंद्र उत्तरी यादव टोला केंद्र संख्या 98 में मुखिया फरीदा खातून के हाथों उपस्थित 40 बच्चों को स्वेटर वितरण किया गया। उपस्थित सेविका सीमा देवी एवं सहायिका संध्या देवी ने कहा कि सरकार के द्वारा जो भी बच्चों को आवश्यक चीजें दी जाती है हम सभी बच्चों को प्रदान करते हैं।

## सिटी अपडेट्स >>

### श्राद्ध कार्यक्रम में शामिल हुए जानकी

**जयनगर:** इस बढ़ती ठंड में आए दिन ठंड के कारण बड़े बुजुर्गों को सतर्क रहने के बावजूद भी इस ठंड की मार झेलनी पड़ रही है। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जयनगर प्रखण्ड, पंचायत खरियोडीह के ग्राम खरपोका निवासी छोटेलाल यादव एवं परमेश्वर यादव की माँ के श्राद्धकर्म में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सम्मिलित हुए। मौके पर पूर्व बीस सूत्री अध्यक्ष जयनगर बिरेन्द्र मोदी, पूर्व भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष प्रदीप यादव, द्वारिका यादव, अरुण यादव, लक्ष्मण यादव, संतोष यादव, सरयू यादव, पचु यादव तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।

### अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे हैं चार ट्रैक्टर जप्त

**जयनगर:** थाना क्षेत्र अंतर्गत कटहाडीह व हीरोडीह से अवैध रूप से बालू परिवहन कर रहे चार ट्रैक्टर को जयनगर पुलिस ने जप्त किया और थाना में लाया। थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि इस दौरान चार चालक को हिरासत में लिया गया एवं अग्रिम कार्रवाई हेतु जिला खनन पदाधिकारी कोडरमा को प्रतिवेदन सौंपा गया। कानून के साथ खिलवाड़ करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### विवाहिता ने भैसुर पर लगाया बदनीयता का आरोप

**मरकच्चो:** नवलशाही थाना अंतर्गत तोलखार बक्सपुरा निवासी राम यादव की 20 वर्षीय पत्नी खुशबू देवी ने नवलशाही थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में कहा कि मेरे भैसुर बिनोद यादव पिता बासुदेव यादव मेरे पति एवं मुझे कई वर्षों से मारपीट करते आ रहे हैं तथा छह महीने से मुझे बुरे नीयत से देखते आ रहा है। अभी मेरे पति घर पर नही है बेंगलोर में हैं। तीन दिन पूर्व मेरे भैसुर बिनोद यादव रात को लगभग 10 बजे दो दिन दरवाजा खटखटाया ओर धमकी भरे आवाज से बोले कि तुम दरवाजा नही खोली इसका मजा तुमको चखाएंगे। 19 जनवरी को लगभग 10 बजे मेरे भैसुर मेरे घर अचानक घुस गए तब मैं चिल्ला कर घर से बाहर निकली और अपने पति को सारी बातें बता दी। उसी दिन 1:30 बजे अपने घर से बगल सुखा जलावन लकड़ी लेकर घर आ रही थी इसी बीच मेरे भैसुर अभद्र गाली गलौज देने लगे और मेरी गोतनी बबिता देवी को बुलाकर मेरे साथ मारपीट करने लगे।

# फांसी पर लटकती मिली अनीशा

## ससुराल वालों पर हत्या का लगा आरोप

- शादी के एक साल बाद ही ससुरालजनों ने दहेज को लेकर मारपीट शुरू कर दी थी
- आरोप है कि समझौता होने पर चार पहिया वाहन की मांग की गई

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा:** लखनऊ गोमतीनगर विस्तार के खरगापुर इलाके में अनीशा कुमारी (24, पिता बिनोद मोदी) फांसी पर लटकती पायी गयी। उसने फांसी लगा ली या उसकी हत्या कर फांसी पर लटकाया गया यह जांच का विषय है। मृतका के परिजनों ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। मृतका के चाचा नरेश मोदी ने बताया कि मूलरूप से गिरिडीह जिले के अटका के रहने वाले हैं। साल 2016 जुलाई में खरगापुर निवासी संजय (पिता अर्जुन मोदी) से अनीशा की शादी की थी। ससुराल पक्ष भी मूल रूप से झुमरीतिलैया के इंदरवा का रहने वाला है। दोनों परिवार के लोग लखनऊ में रहकर व्यवसाय करते हैं। शादी के एक साल बाद ही ससुरालजनों ने दहेज को लेकर मारपीट शुरू कर दी थी। प्रताड़ना से तंग आकर अनीशा अक्सर घर आ जाती थी। आरोप है कि छह महीने पहले अनीशा की पिटाई कर इलाके में रेलवे क्रॉसिंग के पास छोड़ दिया था। होश आने पर सूचना मिली तो उसे घर ले आए। आरोप है कि समझौता होने पर चार पहिया वाहन की मांग की गई। पूरी न होने पर ससुरालजन उसे ले जाने को तैयार नहीं हुए। हालांकि, डेढ़ महीने पहले कोर्ट की दखल से पति उसे साथ ले गया था। गुरुवार को अनीशा फांसी पर लटकती पायी गयी। मायके वालों ने मामले की सूचना थाना को दी जिसके बाद शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेजा गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है, पर जिस तरह शव फांसी पर लटकता पाया गया वह कई संदेह को जन्म दे रहा है। परिजनों ने मृतका के पति संजय, सास उमा देवी, ससुर अर्जुन मोदी, भैसुर विजय मोदी, गोतनी रीना देवी, बिट्टू मोदी और अंकिता देवी पर हत्या का आरोप लगाया है।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन आज

**कोडरमा:** डोमचांच थाना कांड संख्या 137/ 22 एवं डोमचांच थाना कांड संख्या 46 /21 एवं अनुसूचित जाति जनजाति थाना कोडरमा कांड संख्या 4/ 22 एवं कई कांडों को लेकर दिनांक 21 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे कोडरमा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के समक्ष अखिल भारतीय नौजवान संघ एवं भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद कोडरमा संयुक्त रूप से धरना प्रदर्शन करेगी जिसका तैयारी पूरी कर ली गई है। धरना के पूर्व उर्मिला चौधरी क्लीनिक कोडरमा से दोपहर 12:30 बजे जुलूस निकाला जाएगा वह जुलूस पुलिस अधीक्षक कार्यालय कोडरमा पहुंचकर धरना में तब्दील होगा धरना के मुख्य वक्ता भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री प्रकाश रजक, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष रंजन कुमार रजक, जिला सचिव कयूम उद्दीन, पूर्व जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम यादव, पूर्व उप प्रमुख वीरेंद्र यादव आदि संबोधित करेंगे। धरना के पश्चात पुलिस अधीक्षक को स्मार पत्र सौंपा जाएगा।

## न्यूज फटाफट

### आम पेड़ से गिरा युवक, गंभीर

**गुमला:** जारी प्रखंड अंतर्गत सिकरी गांव के 22साल का युवक आम पेड़ से गिरा लगा कमर व पैर पर गंभीर चोट। सिकरी अंबाटोली गांव के 22साल के अरनेश तिर्की पिता खीस्तो तिर्की आम पेड़ पर लकड़ी काटने के लिए आज सुबह लगभग 10बजे दिन को चढ़ा तथा लकड़ी काटने के दौरान पैर फिसल गया जिसे युवक लगभग 25 फीट नीचे जमीन पर गिरा ।आस पास के लोगों आनन फानन में इलाज के लिए चैनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र लाये जहां से चिकित्सकों ने युवक की हालत देखते हुए सदर अस्पताल गुमला रेफर किया शाम लगभग 7:बजे सदर अस्पताल लाये परिजन वहीं घटना की जानकारी पर मजदूर संघ सीएफटीयुआई झारखंड प्रदेश सचिव जुमन खांन अपने टीम के साथ सदर अस्पताल रात 9:बजे सदर अस्पताल पहुंच कर घायल युवक के परिजन से मिल कर सारी जानकारी लिए तथा हालत की जानकारी लिए।

### गर्म वस्त्र का वितरण

**कोडरमा:** मोदी बरनवाल महिला समिति कोडरमा ने शुक्रवार को जरूरतमंदों को गरम कपड़ा देने का काम किया। यह कार्यक्रम वार्ड नंबर 7 हरिजन टोला में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि झारखंड प्रांत महिला समिति मोदी बरनवाल की उपाध्यक्ष सह कोडरमा जिला के मोदी बरनवाल महिला समिति की अध्यक्ष योगी सुषमा सुमन के अगुवाई में हुआ। मौके पर योगी प्रदीप कुमार सुमन, समाजसेवी महादेव दास, ओम प्रकाश दास, जितेंद्र दास, किशन दास, पवन दास ने सहयोग किया। कार्यक्रम का प्रारूप तैयार करने वाले सुभाष बरनवाल, गायत्री देवी, मंजू देवी, सावित्री देवी, मनोरमा देवी, राधा देवी, पूरन मोदी, बरनवाल महिला समिति की टीम ने सहयोग किया।

### छात्रा अनन्या का इन्सपायर अवार्ड के लिए चयन

**कोडरमा:** ग्रिजली विद्यालय की छात्रा अनन्या सिंह ने भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अन्तर्गत राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान भारत (नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन) द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सफल होकर अपने विद्यालय का नाम पुरे जिले और राज्य मे रौशन किया है। उपरोक्त मंत्रालय के इन्सपायर अवार्ड मानक के द्वारा पुरस्कार के स्वरूप दस हजार रुपए नकद तथा एक सर्टिफिकेट अनन्या सिंह पिता अविनाश सिंह, को दिया गया है। छात्रा ने अपनी विज्ञान प्रोजेक्ट रिपोर्ट जिसका विषय सेफ्टी नेकलेस फॉर विमेंस एंड गर्ल्स था मंत्रालय में जमा कराया था जिसके बाद उनकी प्रोजेक्ट रिपोर्ट झारखण्ड राज्य में चयन की जाने वाली सूची में शामिल हुई। अब प्राप्त हुए उपरोक्त राशि का प्रयोग करके उन्हे अपने प्रोजेक्ट को अंतिम रूप देना है और जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होकर अपने प्रोजेक्ट को प्रदर्शित करना है। गौरतलब हो की पूर्व में भी ग्रिजली विद्यालय के 8 छात्र इस पुरस्कार को हासिल कर चुके है। अनन्या की इस सफलता पर विद्यालय के निदेशक द्वय मनीष कपसीमे, अविनाश सेठ, सीईओ प्रकाश गुप्ता, प्राचार्या अपर्णा सिन्हा, प्रशासक अशरफ खान, संयोजक विजय कुमार सिंह, जितेन्द्र चौधरी, बी डी नस्कर, सकिन्दर कुमार, तुषार रॉय चौधरी, प्रीति जगनानी ने अनन्या एवं उनके अभिभावकों तथा उनके मेंटर सुधांशु कुमार, कुणाल अम्बस्टा को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### द रामेश्वर वैली स्कूल में मना पहला वार्षिकोत्सव

**झुमरीतिलैया:** रांची पटना मुख्य मार्ग पर स्थित द रामेश्वर वैली स्कूल में विद्यालय का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के अलावा विशिष्ट अतिथि समाजसेवी राखी भदानी व योग प्रचारक सुषमा सुमन ने भाग किया। शिक्षिका श्रृष्टि पाठक ने अतिथियों का अभिवादन व स्वागत बुके व मोमेंटो दिलवाकर किया। मुख्य अतिथि शालिनी गुप्ता ने विद्यालय के वार्षिक उत्सव पर सभी को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास का मुख्य मूलमंत्र शिक्षा है। उन्हें खुशी है कि द रामेश्वर वैली स्कूल क्षेत्र के बच्चों को बेहतर और उच्च शिक्षा के साथ साथ खेल,योग, नृत्य जैसे शिक्षा दे रहे हैं। उन्होंने विद्यालय के निदेशक प्रवीण कुमार व प्राचार्या रश्मि बर्णवाल को बधाई देते हुए कहा कि शहर में शिक्षा की अलख जलाने के लिए विद्यालय चलाना अपने आप में महत्वपूर्ण काम है। वहीं विशिष्ट अतिथि रखी भादानी ने भी विद्यालय में दी जा रही सुविधाओं को सराहा। योग शिक्षक सुषमा सुमन ने बच्चो की प्रतिभा की सराहना की और विधालय परिवार को बधाई दी। विद्यालय के उन बच्चों को सम्मानित किया गया जिन्होंने परिक्षाओं के अलावा अन्य कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।मौके पर विद्यालय के बच्चों द्वारा हिंदी व अंग्रेजी नाटक, नृत्य,भाषण सहित विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। स्कूल प्रचार्या रश्मि बर्नवाल ने कहा कि हम बच्चों को हरसंभव सभी सुविधाएं दे रहे हैं। स्मार्ट कक्षा आज के आधुनिक युग में किसी भी विषय वस्तु को बड़े ही आसान ढंग से समझाने का एक स्मार्ट तरीका है।


### डीएवी का 31वां स्थापना दिवस मनाया गया

**झुमरीतिलैया:** 20 जनवरी को डीएवी पब्लिक स्कूल का 31वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संजीवन परमार व श्रीमती कमलजीत परमार बतौर मुख्य अतिथि झारखंड प्रक्षेत्र डी की सहायक क्षेत्रीय निदेशिका डॉ उर्मिला सिंह बतौर विशिष्ट अतिथि के रूप में तथा रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक हवन से शुरू हुआ। सामूहिक वैदिक हवन में विद्यालय के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे। मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ उर्मिला सिंह ने विद्यालय के 31वें स्थापना दिवस पर सभी को स्थापना दिवस की बधाई व शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यालय की प्रगति व विकास पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह विद्यालय कोडरमा जिले में शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ अन्य क्रियाकलापों, खेलकूद, एथलीट्स में अपनी अग्रणी भूमिका निभाते हुए अपनी अनूठी पहचान बनाए हुए है। प्रतिवर्ष विद्यालय का परीक्षा फल भी उत्कृष्ट रहा है। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय 1992 में महात्मा नारायण दास ग्रोवर के दिशा- निर्देश में खोला गया था, जो भिन्न-भिन्न प्राचार्यो की देखरेख में उत्तरोत्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर होते हुए शिक्षा की अलख जगा रहा है। डॉ उर्मिला सिंह ने विद्यालय के फाउंडर प्रिंसिपल एनपी वर्मा, एलबी चड्ढा व ओम प्रकाश यादव द्वारा दिए गए योगदान व विद्यालय के उत्तरोत्तर विकास पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक कुमार सतीश सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों और विकास पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आराध्या सिंह, सारा खान, स्मृति काजल, अर्णव कुमार, समृद्धि सिंह, सलोनी मोदी, अन्वी सेठ, शान्वी कुमारी ने स्वागत गान प्रस्तुत किया।

# खतियानी रैयत जमीन की नापी पर रोक लगाने की मांग

- डीसी अनुमंडल पदाधिकारी एवं थाना प्रभारी को पत्र देकर किया गया आग्रह

**राष्ट्रीय खबर**



**गुमला:** सिसई थाना क्षेत्र के बांस टोली निवासी सिकंदर उरांव एवं विजय उरांव ने अपने रैयती जमीन को गलत तरीके से ठग फुसला कर रजिस्ट्री कराए जाने का आरोप लगाया है। इस संबंध में सिकंदर उरांव के द्वारा गुमला के उपायुक्त तथा भूमि सुधार उप समाहर्ता को पत्र देकर रैयती जमीन के नापी के लिए दिए नोटिस पर रोक लगाने की मांग की है।सिकंदर उरांव एवं विजय उरांव के द्वारा उपायुक्त भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं सिसई के थाना प्रभारी को अलग-अलग पत्र देकर भूमि नापी संबंधी कार्य को रोक लगाने का आग्रह किया है। उन्होंने उपायुक्त एवं अधिकारियों को सौंपा गए पत्र में लिखा है कि हम लोग सिसई बांसटोली के मूलनिवासी खतियानी रैयत हैं। उन्होंने पत्र में लिखा है कि खाता नंबर 48प्लॉट नंबर654 कुल 40 डिसमिल जमीन है जिस पर मनमोहन लोहरा पिता स्वर्गीय सोहन लोहरा ग्राम बांसटोली सिसई थाना जिला गुमला ने ठग फुसलाकर मेरे पिता स्वर्गीय रघुनाथ उरांव से 5 डिसमिल जमीन वर्ष 2005 में रजिस्ट्री करा लिया ।चुकी मेरे पिताजी शराबी थे और हम लोग उस समय नाबालिग थे।मेरे चाचा जी का दिमागी हालत भी ठीक नहीं था। जिसका फायदा उठाते हुए मेरे चाचा जी से 10 डिसमिल जमीन को रजिस्ट्री करा लिया। तथा मेरा चाचा का जमीन 10 डिसमिल कुल 15 डिसमिल जमीन को कब्जा करना चाहता है। इस तरह मेरे पिता एवं चाचा जी से धोखाधड़ी कर जमीन को ले लिया है?। इस संबंध में सिविल जज सीनियर डिविजन गुमला में पट्टा रद्द करने के लिए दीवानी मुकदमा संख्या 26/ 2022 दायर किया हूं जिस पर न्यायालय द्वारा करवाई चल रहा है और वर्तमान अंचल अधिकारी के द्वारा सीमांकन के लिए अंचल अमीन एवं राजस्व कर्मचारी को बार-बार भेजा जा रहा है। उन्होंने कहा है कि अगला वादी पैसा वाला व्यक्ति है एवं दबंग किस्म तथा अपराध प्रवृत्ति का व्यक्ति है मेरे घर में चोरी भी कराया था जिसका केस नंबर थाना में दर्ज है। सिकंदर एवं विजय उरांव ने जिला पुलिस प्रशासन के अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाते हुए जमीन की नापी पर रोक लगाने का अनुरोध किया है। इस संबंध में सिसई के थाना प्रभारी को भी चिट्ठी देकर अनुरोध की गई है।

# 108 कुंडीय यज्ञ को लेकर बैठक 22 को



- कोडरमा बाजार में गोष्ठी का आयोजन, अनुष्ठान को सफल बनाने पर चर्चा

**राष्ट्रीय खबर**

**झुमरीतिलैया :** गायत्री शक्ति पीठ में रविवार को झारखंड बिहार के गायत्री परिवार से जुडे कार्यकताओं की एक बैठक आहुत की गई है। बैठक में आगामी 3 से 6 अप्रैल तक झुमरी तिलैया में आयोजित होने वाले 109 कुंडीय यज्ञ को सफल बनाने 23 जनवरी के बाद उत्तरी छोटानागपुर एवं बिहार के कई जिलो में हरिद्वार से आये शक्ति कलश के भ्रमण कार्यक्रम के साथ घर-घर से अगले दो माह तक एक-एक मुटठी चावाल के संग्रह की जानकारी देने 26 जनवरी को 40 दिनों से चला रहे हैं। जाप कार्यक्रम के संपन्न होने जैसे मुददों पर चर्चा होगी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से विधायक डॉ नीरा यादव, शांतिकुंज हरिद्वार के प्रतिनिधि सच्चिदानंद सिंह, हजारीबाग से डॉ ललिता राणा, गिरिडीह के ट्रस्टी सुरेश यादव, उप जोन पदाधिकारी रघुनंदन साव व स्थानीय मुख्य ट्रस्टी अर्जुन राणा शामिल होंगे। वहीं दुसरी ओर यज्ञ को लेकर वर्णवाल धर्मशाला कोडरमा में 108 कुंडीय यज्ञ को लेकर बैठक किया गया।

# बीडीओ ने कई विद्यालयों का किया निरीक्षण



**राष्ट्रीय खबर**

**मरकच्चो:** बीडीओ पप्पू रज्जक ने शुक्रवार को मरकच्चो प्रखण्ड के मध्य विद्यालय कादोडीह, मध्य विद्यालय महूगांय, मध्य विद्यालय बरवाडीह, मध्य विद्यालय गुरहा, मध्य विद्यालय दुबारी समेत आधा दर्जन विद्यालयों का निरीक्षण किया। बीडीओ ने विद्यालयों का निरीक्षण करते हुए कई आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

इसके तहत कादोडीह पंचायत स्थित मध्य विद्यालय कादोडीह विद्यालय की व्यवस्था और साफ-सफाई को देख खुश हुए। शिक्षकों को और भी मेहनत करने की बात कही। वहीं कई विद्यालयों के शिक्षकों को व्यवस्था में सुधार लाने का भी निर्देश दि?या। बीडीओ ने कहा कि हम सभी सेवा के लिए हैं, इसलिए अपना काम ईमानदारी पूर्वक करते हुए बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दें।

साथ ही साथ मेन्यू के आधार पर बच्चों को एमडीएम का भोजन दें। निरीक्षण के क्रम में स्कूल में बच्चों की उपस्थित की जानकारी ली। इस मौके पर बी डीओ पप्पू रजक के अलावे बीसीओ लक्ष्मीकांत लोहरा, राजेश कुमार, पंचायत सेवक रामचन्द्र यादव उपस्थित थे।

# मनरेगा कर्मियों की मनमानी नहीं हो रहा गुणवत्तापूर्ण कार्य

**राष्ट्रीय खबर**



**हेरहंज:** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत लगभग सभी पंचायतों में मनरेगा के तहत चल रहे टी सी बी योजना में नही लगाया गया सूचना बोर्ड। जिसमे से मुख्य रूप से चिरु,सलैया, सेरनदाग व तासु पंचायत हैं। हेरहंज पंचायत में कुछ योजनाओं में बोर्ड नही लगा हुआ है और कई योजनाओं में बोर्ड लगा हुआ। सरकार के द्वारा मनरेगा अधिनियम के तहत सभी मनरेगा कर्मियों को साफ निर्देश दिया गया है कि योजना शुरू करने से पहले योजनस्थल में सूचना बोर्ड लगाना अनिवार्य है उसके बाद ही लेबर लगाना है लेकिन चिरु पंचायत क्षेत्र के सेरका एवं बिजरा गांवो में इस वर्ष 2022-23 से पहले वितीय वर्ष में भी योजनाओं में सूचना बोर्ड नही लगाया गया।दर्जनों बोर्ड पंचायत सचिवालय चिरु में ले जाकर रख दिया गया है। साथ ही टी सी बी योजना में जो काम करवाया जा रहा है गुणवत्ता को ताख में रखकर किया जा रहा है।हुलास गंझू एवं सरोज गंझू का टी सी बी निर्माण में पैसे की निकासी पूर्ण कर ली गई है योजना कम्प्लीट बता रहा है।बावजूद अभी तक सूचना बोर्ड नही लगा और टी सी बी की गहराई स्टिमिट से बहुत कम है जो जांच का विषय है।हेरहंज प्रखण्ड के मनरेगा योजनाओं की जांच एजेंसियों से करवाई जाय तो कई घोटाले के मामले निकलकर सामने आएंगे। मनरेगा योजनाओं में मनरेगाकर्मियों के मिलीभगत से हो रही है बंदरबांट।

# रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन, दौड़े जिले के अधिकारी

**राष्ट्रीय खबर**



**कोडरमा:** जिला परिवहन कार्यालय कोडरमा द्वारा आमजनों के बीच सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के संदेशों के प्रति जागरूक करने को लेकर शुक्रवार को रन फॉर रोड सेफ्टी (मैराथन दौड़) का आयोजन किया गया। सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत आयोजित रन फॉर रोड सेफ्टी में उपायुक्त आदित्य रंजन, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप विकास आयुक्त ऋतुराज समेत अन्य अधिकारी व कर्मी शामिल हुए। समाहरणालय से रवाना हुई यह रन फॉर रोड सेफ्टी (मैराथन दौड़) कोडरमा बाजार होते हुए बजरंगबली चौक, जयनगर डोमचांच मार्ग होते हुए वापस समाहरणालय पहुंची। इस मौके पर लोगों से सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों का अनुपालन करने की अपील की गई और यातायात नियमों के प्रति लोगों को जागरूक भी किया गया। उपायुक्त आदित्य रंजन ने कहा पूरे राज्य समेत जिला में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान मनाया जा रहा है। इसी के तहत आज रन फॉर रोड सेफ्टी का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी के कारण हर महीने 8 से 10 लोगों की जान चली जाती है और खासकर इसमें ऐसे बाईक चालक शामिल होते हैं जो हेलमेट का उपयोग नहीं करते हैं। उपायुक्त ने जिलेवासियों से अपील करते हुए कहा कि कार सवार लोग सीट बेल्ट का प्रयोग करें, शराब का सेवन कर वाहन ना चलायें, दो वाहनों के बीच उचित दूरी बनाकर चलें और सड़कों पर लगे यातायात संबंधी नियमों का पालन करने के साथ साथ बाइक सवार हेलमेट पहने और तेज गति में वाहन न चलाएं।

वहीं एसपी कुमार गौरव ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान के तहत जागरूकता और कार्रवाई दोनों जरूरी है। रन फॉर रोड सेफ्टी में अनुमंडल पदाधिकारी संदीप कुमार मीणा, जिला परिवहन पदाधिकारी भागीरथ प्रसाद, गोपनीय प्रभारी जयपाल सोय समेत पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

# आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा बेमिसाल है: योगेन्द्र

**राष्ट्रीय खबर**



**बेरमो/ललपनिया:** गोमिया प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत महुआटांड़ पंचायत के गांगपुर स्थित गांवमें आयोजित वार्षिक हिंडोल जतरा अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रम में दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। उन्होंने हिंडोल अनुष्ठानस्थल में मत्था टेका व क्षेत्र की सुख समृद्धि और शांति की मंगलकामना की। उन्होंने प्रसाद भी ग्रहण किया। समारोह में माननीय मंत्री महतो ने लोगों को हिंडोल जतरा अनुष्ठान सह मेला की शुभकामनाएं एवं बधाई दीं। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा बेमिसाल है,प्रकृतिपूजक आदिवासियों की संस्कृति में विश्व शांति का पाठ है।इस मौके पर आयोजकों ने मुख्य अतिथि माननीय मंत्री का जोरदार स्वागत और अभिनन्दन किया। वही मंत्री महतो ने मेला में आए ग्रामीणों से भी मुलाकात की और हालचाल भी लिया।

## न्यूज फटाफट

### बाला देवी नियुक्त हुईं मणिपुर पुलिस में निरीक्षक



इंफाल : मणिपुर सरकार ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल खिलाड़ी नगांगोम बाला देवी को यहां पुलिस निरीक्षक नियुक्त कर सम्मानित किया है। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह राज्य सचिवालय में आयोजित पिनिंग समारोह में शामिल हुए। सुश्री बाला देवी एक सम्मानित फुटबॉल खिलाड़ी हैं और यूरोपीय क्लब में शामिल होने वाली पहली भारतीय हैं। छह दिसंबर 2020 को, वह यूरोप में एक पेशेवर फुटबॉल लीग में स्कोर करने वाली पहली भारतीय बनीं। इस मौके पर मुख्यमंत्री सिंह ने सर्वश्रेष्ठ फुटबॉल खिलाड़ी घोषित की गयी इलांगबम पंथोई चानू को भी सम्मानित किया।

### झारखंड में 15 स्पोर्ट्स ट्रेनरों को मिला तीन वर्ष का अवधि विस्तार

रांची: झारखंड में खेलकूद एवं युवाकार्य निदेशालय ने राज्य के नियंत्रणाधीन संचालित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में संविदा पर कार्यरत 15 स्पोर्ट्स ट्रेनरों की संविदा अवधि तीन वर्षों के लिये विस्तारित करने का कार्यादेश दिया है। अपने आदेश में उल्लेखित शर्तों के अधीन इनके नाम के सामने अंकित आवासीय क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र में स्पोर्ट्स ट्रेनर के रूप में कार्य करने की स्वीकृति प्रदान की है। संविदा की अवधि को 28 अगस्त 2022 से 27 अगस्त 2025 तक विस्तारित किया गया है। निदेशालय ने अपने कार्यादेश में कहा है कि उक्त प्रशिक्षकों को 31,611 रुपये प्रतिमाह एकमुश्त भुगतान किया जायेगा। उन्हें नियत राशि के अतिरिक्त अन्य कोई भत्ता देय नहीं होगा और समय-समय पर लिये गये निर्णयों से संविदा राशि प्रभावित होगी। वहीं सरकारी कार्य से यात्रा की स्थिति में मात्र झारखंड यात्रा भत्ता नियमावली के अधीन अनुमान्य स्तर की सुविधा देय होगी।

### शुभमन गिल का खुलासा, रोज रात कमरे में टीम इंडिया का खिलाड़ी उनके साथ करता है गलत व्यवहार



मुंबई : शुभमन गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 मैचों की वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में हैदराबाद में 208 रन की बेमिसाल पारी खेली। वनडे में डबल सेंचुरी जमाने वाले गिल भारत को पांचवें भारतीय क्रिकेटर बने।-अढगिल ने हैदराबाद वनडे में 149 गेंद पर 19 चौके और 9 छक्के जमाते हुए 208 रन बनाए। इस पारी वो भारत की तरफ से सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बैटर रहे। गिल के अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ कोई अर्धशतक भी नहीं बना पाया।गिल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ दोहरा शतक जमाकर अपने कप्तान रोहित शर्मा और साथी ईशान किशन की बराबरी की। इस डबल सेंचुरी को जमाकर उन्होंने ईशान किशन के सबसे कम उम्र में जमाए दोहरा शतक के रिकॉर्ड को अपने नाम किया। गिल ने मैच के बाद कप्तान रोहित शर्मा और ईशान किशन से बात करते हुए एक बड़ा खुलासा किया। उन्होंने बात करते हुए इस बात को सामने रखा कि कैसे उनके साथ रात में टीम इंडिया का खिलाड़ी बुरा व्यवहार करता है। गिल ने कप्तान को बताया कि उनके साथी ईशान किशन जो रूम शेयर करते हैं वो रात में तेज आवाज में फिल्म देखते हैं। भारतीय युवा ओपनर ने बताया कि रात में उनको सोने नहीं मिलता है और पूरा रूटीन खराब हो जाता है।ईशान ने गिल के आरोप पर जवाब देते हुए कहा कि हां वो तेज आवाज में बिना ईयरपोड लगाए फिल्म देखते हैं। अब उनके साथ कोई रूम शेयर करेगा तो ये सब तो झेलना ही पड़ेगा। कप्तान रोहित ने बताया कि ईशान और शुभमन काफी अच्छे दोस्त हैं और दोनों के बीच ये नोक झोक चलती रहती है।

## हॉकी

### ऑस्ट्रेलिया ने ब्लेक गोवर्स के दमदार खेल की बदौलत शुक्रवार को

# गोवर्स के आगे दक्षिण अफ्रीका पस्त

- एकतरफा मुकाबले में गोवर्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिये चार गोल किये
- ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ पूल-ए से क्वार्टरफाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया



एजेंसियां

राउरकेला: ऑस्ट्रेलिया ने ब्लेक गोवर्स के दमदार खेल की बदौलत शुक्रवार को एफआईएच पुरुष हॉकी विश्व कप 2023 के पूल-ए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 9-2 से रौंद दिया। बिरसा मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम पर खेले गये एकतरफा मुकाबले में गोवर्स (तीसरा, 14वां, 18वां, 19वां मिनट) ने ऑस्ट्रेलिया के लिये चार गोल किये। इसके अलावा टॉम क्रेग (नौवां), जेक हार्वी (21वां), डेनियल बील (27वां), जेरेमी हेवर्ड (31वां) और टिम ब्रैंड (46वां मिनट) ने विजेता टीम के लिये एक-एक गोल किया। दक्षिण अफ्रीका के लिये एन्कोबिले एन्टुली (सातवां) और टेविन कॉक (57वां मिनट) ने गोल दागा।

ऑस्ट्रेलिया ने इस जीत के साथ पूल-ए से क्वार्टरफाइनल के लिये क्वालीफाई कर लिया, जबकि दक्षिण अफ्रीका पूल स्टेज के अपने सभी मुकाबले हारकर शीर्ष-आठ की दौड़ से बाहर हो गया। पहली सीटी बजते ही मैच में हावी हुए गोवर्स ने 20 मिनट के अंदर चार गोल दागकर ऑस्ट्रेलिया को मुकाबले में विशाल बढ़त दिला दी। तीसरे मिनट में फील्ड गोल करने के बाद गोवर्स ने 14वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर स्कोर किया, जबकि दूसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक को भी उन्होंने सफलतापूर्वक गोल में तब्दील किया। अगले ही मिनट गोवर्स ने एक और फील्ड गोल किया, जबकि क्रेग, हार्वी और बील ने भी एक-एक गोल करके पहले हाफ की समाप्ति से पूर्व ऑस्ट्रेलिया को अजेय स्थिति में पहुंचा दिया। एन्टुली ने सातवें मिनट में दक्षिण अफ्रीका के लिये गोल किया मगर ऑस्ट्रेलिया की प्रत्याक्रमण नीति से दक्षिण अफ्रीका पहला हाफ समाप्त होने तक 7-1 से पिछड़ चुका था। दक्षिण अफ्रीका की रक्षा पंक्ति ने तीसरे क्वार्टर में बेहतर खेल दिखाया और हेवर्ड को चार में से सिर्फ एक पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील करने दिया। ब्रैंड ने हालांकि चौथा क्वार्टर शुरू होते ही ऑस्ट्रेलिया का नौवां गोल दाग दिया। टेविन कोक ने मुकाबला खत्म होने से तीन मिनट पहले विश्व कप में अपना पहला गोल किया लेकिन यह दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाने के लिये काफी नहीं था। दक्षिण अफ्रीका ने पुरुष हॉकी के इतिहास में अब तक ऑस्ट्रेलिया को मात नहीं दी है।

## मेरे खिलाफ साजिश, मुंह खोला तो सूनामी आ जायेगी : ब्रजभूषण

एजेंसियां



गोण्डा: यौन उत्पीड़न के आरोपों से घिरे भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष और कैसरगंज के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वह एक बड़ी साजिश का शिकार हुए हैं और जब वह ह्लमुंह खोलेंगे तो सुनामी आ जायेगी।ह्व बृजभूषण ने नवाबगंज स्थित नंदनीनगर मिनी स्टेडियम में पत्रकारों से बातचीत में कहा, ''मैं विदेश नहीं भागा हूं बल्कि यहीं पर हूं। उनकी सरकार में किसी से कोई बातचीत नहीं हुई है। सही बोलूं तो मेरे साथ साजिश हुई है जिसका खुलासा मैं शाम को आपके समक्ष करूंगा।'' नयी दिल्ली में धरना दे रहे देश के दिग्गज पहलवानों विशेष कर महिला पहलवान विनेश फोगाट के रवैये के प्रति नाखुशी का इजहार करते हुए बृजभूषण ने कहा, '' अगर मैं मुंह खोल दूंगा तो सुनामी आ जायेगी।'' यहां शनिवार से शुरू हो रही ओपेन नेशनल कुश्ती चैंपियनशिप की तैयारियों का निरीक्षण करते हुए कुश्ती महासंघ अध्यक्ष ने कहा कि चैंपियनशिप में 300 पहलवान भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह 23 जनवरी तक कहीं जाने वाले नहीं बल्कि यहीं स्टेडियम में जमे रहेंगे। गौरतलब है कि तीन बार की राष्ट्रमंडल खेल गोल्ड मेडलिस्ट विनेश फोगाट ने गुरुवार को पहलवानों और खेल मंत्रालय की बैठक के बाद कहा था कि खिलाड़ी सिर्फ बृजभूषण का इस्तीफा नहीं बल्कि उनके खिलाफ कार्रवाई भी चाहते हैं। उन्होंने कहा था, ''यह कुश्ती का दुर्भाग्य होगा, अगर देश की बेटियां सामने आयेंगी और बतायेंगी कि हमारे साथ क्या हुआ था। हम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उम्मीद कर रहे हैं कि देश की बेटियों को इतना मजबूर न किया जाये कि हमें यह काला दिन देखना पड़े। '' उल्लेखनीय है कि विनेश, साक्षी मलिक और बजरंग पूनिया सहित कई पहलवान तीन दिन से डब्ल्यूएफआई के खिलाफ धरने पर बैठे हैं, जहां उन्होंने सिंह और महासंघ के कोचों पर यौन उत्पीड़न एवं जान से मारने की धमकी देने जैसे कई गंभीर आरोप लगाये हैं। विनेश ने कहा, ''बात सिर्फ इस्तीफे की नहीं है, हम इस्तीफा लेकर रहेंगे और अगर मजबूर किया गया तो उन्हें जेल भी भेजेंगे। हम चाहते हैं कि वह इस्तीफा दें और उनके खिलाफ कार्रवाई की जाये। खेल मंत्रालय ने उन्हें कार्रवाई का आश्वासन दिया है मगर पहलवान संतुष्ट नहीं हैं और तुरंत कार्रवाई चाहते हैं।''

## दिल्ली ने 42 साल बाद मुंबई को हराया



एजेंसियां

नयी दिल्ली: दिल्ली ने शुक्रवार को रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-बी मुकाबले में मुंबई को आठ विकेट से हरा कर 42 साल का सूखा खत्म किया। मुंबई ने दिल्ली के सामने 95 रन का लक्ष्य रखा, जिसे मेजबान टीम ने चौथे दिन दो विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। दिल्ली ने इससे पहले 1980 में मुंबई को रणजी ट्रॉफी मुकाबले में मात दी थी। यह 41 बार की रणजी चैंपियन मुंबई के खिलाफ दिल्ली की कुल दूसरी जीत है। इस ऐतिहासिक विजय की ओर कदम बढ़ाते हुए दिल्ली ने चौथे दिन की शुरुआत में ही मुंबई के आखिरी बल्लेबाज को आउट कर दिया। ऋतिक शौकीन ने 11वें नंबर के बल्लेबाज रॉयस्टन डियास को पगबाधा आउट किया जिसके बाद दिल्ली बल्लेबाजी करने उतरी। दिल्ली की पारी की शुरुआत करने आये अनुज रावत ने अपनी पहली तीन गेंदों पर ही दो चौके और एक छक्का जड़ा, हालांकि चौथी गेंद पर वह आउट हो गये। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने आये शौकीन ने भी दिल्ली की आक्रामकता कम नहीं होने दी और ओवर की आखिरी गेंद पर चौका जड़ दिया। पहली पारी में 45 रन का महत्वपूर्ण योगदान देने वाले ऋतिक ने दूसरी पारी में 39 गेंदों पर पांच चौकों और एक छक्के की बदौलत नाबाद 36 रन बनाते हुए सलामी बल्लेबाज वैभव शर्मा के साथ 69 रन की साझेदारी की। वैभव ने 49 गेंदों पर चार चौकों और एक छक्के के साथ 36 रन का योगदान दिया। उनके आउट होने के बाद विकेट पर उतरे नितीश राणा ने छक्का लगाकर दिल्ली को जीत दिलाई।

## माधुरी दीक्षित ने शेयर किया डांस वीडियो




एजेंसियां

मुंबई: बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने दीक्षित ने अपना एक वीडियो इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है, जिसमें वह डांस करती हुई नजर आ रही हैं। वीडियो में माधुरी दीक्षित फिल्म कला के गाने घोड़े पे सवार पर थिरक रही हैं। इस गाने को अनुष्का शर्मा पर फिल्माया गया है। माधुरी ने इस डांस वीडियो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'बलमा घोड़े पे क्यों सवार है?' । माधुरी के इस डांस वीडियो को फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं।

सोशल मीडिया पर डांस वीडियो शेयर किया है।

माधुरी दीक्षित सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। माधुरी

## खेसारी लाल यादव की भोजपुरी फिल्म संघर्ष 2 की शूटिंग पूरी



एजेंसियां

मुंबई: भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म संघर्ष 2 की शूटिंग पूरी हो गयी है। फिल्म संघर्ष 2 के निर्माता रत्नाकर कुमार ने इंस्टाग्राम पर एक फोटो शेयर की है, जिसमें फिल्म से जुड़ी टीम नजर आ रही है। ×फोटो के कैप्शन कंप्लीट संघर्ष2..हेलीकॉप्टर शॉट्स थैंक्स लिखा हुआ है।इस फिल्म में खेसारी के साथ मेघाश्री, माही श्रीवास्तव और सबा खान की तिकड़ी नजर आएगी। फिल्म का निर्देशन पराग पाटिल ने किया है। इस फिल्म में सुरेश ओबेरॉय सूत्रधार की भूमिका में हैं। वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स चैनल जितेंद्र गुलाटी प्रस्तुत संघर्ष 2 में खेसारी लाल यादव, मेघाश्री, माही श्रीवास्तव और सबा खान के अलावा संजय पांडेय, सुशील सिंह, अनूप अरोरा, पप्पू यादव, विनीत विशाल, नीलम वशिष्ठ, विनोद मिश्रा, समर्थ चतुर्वेदी, गौरव राय, मनीष चतुर्वेदी, निशा तिवारी, आकाश सिसोदिया उर्फ अक्की सहित कई अन्य कलाकार हैं। इसके सह निर्माता कुलदीप श्रीवास्तव हैं। फिल्म के राइटर एंड स्टोरी वीरू ठाकुर, म्यूजिक कृष्णा बेदर्दी, डीओपी आरआर प्रिंस, कॉस्ट्यूम बादशाह, मार्केटिंग हेड विजय यादव है।

## पवन सिंह को लेकर सात मेहारिया बनायेंगे धनंजय सिंह



एजेंसियां

मुंबईः भोजपुरी फिल्मों के जानेमाने फिल्मकार और डीआएस म्यूजिक के संचालक धनंजय सिंह पावर स्टार पवन सिंह को लेकर फिल्म 'सात मेहरिया' बनाने जा रहे हैं। हैप्पी फिल्म्स एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही फिल्म 'सात मेहारिया' में पवन सिंह की मुख्य भूमिका है।

इस फिल्म का निर्देशन डीओपी और निर्देशक देवेंद्र तिवारी करेंगे। निर्माता धनंजय सिंह ने बताया, ''सात मेहारिया में भोजपुरी फिल्मों के टॉप सात हीरोईन नजर आयेंगी, जिसकी कास्टिंग का काम शुरू हो रहा है। हमने पवन सिंह के साथ उनके जीवनी पर आधारित फिल्म पवन राजा का निर्माण किया था ,जिसने भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचाया था। सात मेहरिया में दर्शको को एंटरटेनमेंट का फूल डोज मिलने वाला हैं। वही फिल्म के निर्देशक देवेंद्र तिवारी ने कहा, सात मेहरिया इस वर्ष की सबसे बड़े कैनवास की फिल्म होगी।

## सेफ सेक्स के नाम पर पुरानी कहानी को भुनाने की नाकाम कोशिश है 'छतरीवाली'

एजेंसियां



मुंबई : जी 5 पर रकुल प्रीत सिंह की फिल्म 'छतरीवाली' रिलीज हो चुकी है। 'छतरीवाली' देखने के बाद दिमाग में पहला शब्द यही आया, 'नाम बड़े और दर्शन छोटे'। ऐसा कहने की एक नहीं, बल्कि कई वजहें हैं। 'छतरीवाली' पर बात करने से पहले आपको थोड़ा फ्लैश बैक में ले चलते हैं। पिछले साल नुसरत भरुचा सेफ सेक्स पर एक फिल्म लेकर आई थीं। फिल्म का नाम 'जनहित में जारी' था। अगर आपने 'जनहित में जारी' देखी है, तो फिर 'छतरीवाली' की कहानी समझने में ज्यादा दिमाग नहीं लगाना पड़ेगा। 'छतरीवाली' की कहानी सेफ सेक्स और सेक्स एजुकेशन बेस्ड है। फिल्म की लीड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हैं, जो फिल्म में सान्या ढींगरा के रोल में नजर आती हैं। 'छतरीवाली' की शुरूआत होती है सान्या ढींगरा (रकुल प्रीत सिंह) की केमिस्ट्री से। सान्या करनाल में रहने वाली एक साधारण लड़की है, जिसे केमिस्ट्री की काफी अच्छी नॉलेज है। वो घर पर बच्चों को ट्यूशन पढ़ा कर अपना घर चलाती है। सान्या को नौकरी की तलाश है। एक दिन उसकी तलाश खत्म होती है। सान्या को उसकी मुंह मांग सैलरी पर कंडोम फैक्ट्री में जॉब मिल जाती है सान्या की जिंदगी बदलती है। इस बीच एंट्री होती है ऋषि कालरा (सुमित व्यास) की। ऋषि, सानया को प्यार होता और दोनों शादी कर लेते हैं। पर सान्या, ऋषि को ये ये नहीं बताती कि वो कंडोम फैक्ट्री में काम करती है। सान्या जॉब छोड़ने वाली होती है, तभी उसे अपनी जेठानी के अबॉर्शन और मिसकैरेज के बारे में पता चलता है। यहां से सानया ठानती है कि वो लोगों के बीच कंडोम की जागरुकता फैलाएगी। हालांकि, उसके लिए ये सब आसान नहीं है। क्या सानया अपने परिवार के खिलाफ जाकर लोगों कंडोम का इस्तेमाल करने के लिए जागरुक कर पाएगी? क्या होता है जब सानया के पति को उसकी जॉब की हकीकत पता चलती है? इन सवालों के जवाब जानने के लिए आपको फिल्म देखनी होगी।

2022 में रिलीज हुई नुसरत भरूचा की फिल्म 'जनहित में जारी' की कहानी भी सेफ सेक्स और कंडोम की जरूरत पर आधारित थी। ठीक सात महीने बाद अब 'छतरीवाली' भी इसी कहानी को रिपीट करती दिखी। 'जनहित में जारी' देखने वालों के लिए 'छतरीवाली' की स्टोरी बिल्कुल नई नहीं है।

## प्रदेश >> अपडेट

**ओडिशा में अवैध भंडारण के आरोप में चार गिरफ्तार**

**भुवनेश्वर** : ओडिशा के भद्रक जिला में विशेष टास्क फोर्स (एसटीएफ) के अधिकारियों ने कोयले और क्रोमाइट के अवैध भंडारण के आरोप में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ सूत्रों ने यह जानकारी दी। बताया कि एक आरोपी बिजय शंकर मोहंती द्वारा पुरीपाड़ा में संचालित स्टॉकयार्ड पर गत बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात छापा मारा गया,जहां से चारों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

**सतना में एक वृद्ध की धारदार हथियार से हत्या**

**सतना** : मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक वृद्ध व्यक्ति का शव एक खेत में मिला है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मझगवां थाना क्षेत्र के हिरौंदी गांव में कल्लू रैकवार का शव एक खेत में मिला है। कल शाम से वह लापता था। धारदार हथियार से कल्लू रैकवार को अज्ञात बदमाशों ने मौत के घाट उतार दिया है।

**नरसिंहपुर में एक बस ने बुआ-भतीजे को रौंदा**

**नरसिंहपुर** : मध्यप्रदेश नरसिंहपुर जिले में सुबह एक बस की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस सूत्रों के अनुसार जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर दूर पुलिस थाना करेली के महेन्द्र वार्ड निवासी सागर विश्वकर्मा अपनी बुआ उमाबाई के साथ जा रहा था। तभी एक बस ने अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में सागर की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि उसकी बुआ की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गयी।

**चमोली,ब्रदीनाथ एवं औली में हिमपात**

**चमोली** : उत्तराखंड में अचानक बदले मौसम के कारण बद्रीनाथ,औली,गोरसों सहित चमोली जिले के ऊंचाई वाले गांवों में हिमपात जारी है।चमोली जिले के 30 से अधिक गांव बर्फबारी से प्रभावित हैं।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

**वाहन दुर्घटना में स्कूली छात्रा की मौत**

**सिवनी** : मध्यप्रदेश के सिवनी जिला मुख्यालय से नागपुर जाने वाले मार्ग में लगभग 15 किलोमीटर दूर ग्राम सुकतरा में कक्षा 9वीं की छात्रा अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार शासकीय हायर सेकेडरी स्कूल में अध्ययन के लिए अपने घर ग्राम कलबोडी निवासी से खुशबू शरणागत विद्यालय जा रही थी इस दौरान सडक मार्ग पर भारी अज्ञात वाहन ने छात्रा को टक्कर मार दी जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

**ट्रेक्टर-ट्राली पलटी एक महिला की मौत,29 घायल**

**भिण्ड** : मध्यप्रदेश के भिण्ड जिले में ट्रेक्टर की ट्रली पलटने से उसमें सवार एक महिला की मौत हो गई,जबकि 29 लोग घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने आज बताया कि मेहगांव थाना में एक ही परिवार के 29 लोग ट्रेक्टर ट्राली में कल बैठकर एक शादी समारोह में जा रहे थे। अचानक ट्रेक्टर ट्राली के पलट जाने से एक महिमा की मौत हो गयी तथा 29 लोग घायल हो गये। घायलों में आठ लोगों की स्थिति गंभीर होने से बेहतर उपचार के लिए ग्वालियर ले जाया गया है। बताया गया कि ब्रेक लगाने पर चका से ब्रेक चिपक गया था। इससे ट्राली असंतुलित होकर पलट गयी।

**सतना में धारदार हथियार से एक व्यक्ति की हत्या**

**सतना** : मध्यप्रदेश के सतना जिले में एक व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि अमरपाटन थाना क्षेत्र के खेरिया कोठार गांव में अज्ञात लोगों ने लालन सिंह की धारदार हथियार से हत्या कर दी। आज उसका शव रक्त रंजित हालत में मिला है। पुलिस इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर विवेचना कर रही है।

**राजनीति** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि

# सरकार के कामों में बाधा डाल रहे उपराज्यपाल वीके सक्सेना

▸▸ सूर्य अपना काम करे और चंदा अपना काम करे, तभी अच्छे लगते हैं

▸▸ अपने काम छोड़कर हमारे काम में दखल देंगे, तो व्यवस्था कैसे चलेगी



**एजेंसियां**

**नयी दिल्ली** : दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि राजधानी में कानून व्यवस्था बिगड़ रही है लेकिन उपराज्यपाल वीके सक्सेना अपना काम छोड़कर सरकार के कामों में बाधा डाल रहे हैं। केजरीवाल ने उपराज्यपाल से मिली चिट्ठी का जवाब देते हुए कहा,सूर्य अपना काम करे और चंदा अपना काम करे,तभी अच्छे लगते हैं। मुख्यमंत्री को अपना काम करने दीजिए और आप दिल्ली की कानून व्यवस्था ठीक कीजिए। आपका काम कानून व्यवस्था, पुलिस और डीडीए संभालना है। हमारा काम दिल्ली के अन्य सभी विषयों पर काम करना है। आप अपने काम छोड़कर रोज हमारे काम में दखल देंगे,तो व्यवस्था कैसे चलेगी। दिल्ली में लगातार अपराध बढ़ते जा रहे हैं। दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष पर हमला हुआ। महिला आयोग की अध्यक्ष ही सुरक्षित नहीं तो एक आम महिला की क्या बात करें। मुख्यमंत्री ने कहा,आपने अपने पत्र में दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था की काफी आलोचना की है। दिल्ली की जनता ने हमें तीसरी बार ऐतिहासिक बहुमत दिया है। जनता की नजरों में हम अच्छा काम कर रहे हैं। फिर भी आपकी आलोचना सर माथे पर है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की शिक्षा व्यवस्था में पहले के मुकाबले जबर्दस्त सुधार हुए हैं लेकिन अभी बहुत कुछ करना बाकी है। अभी बहुत लंबा सफर तय करना है। एक तरफ उपराज्यपाल दिल्ली के सभी मोहल्ला क्लिनिक के डॉक्टरों की सैलरी, लैब टेस्ट, किराया और बिजली बिल की पेमेंट रोक देते हैं और फिर कहते हैं कि मोहल्ला क्लिनिक अच्छे नहीं चल रहे ।


## सर्दियों में आने वाली साईबेरियन सारस पक्षी ने भारत आना बंद कर दिया



**एजेंसियां**

**उदयपुर** : सर्दियों में आने वाली साईबेरियन सारस पक्षी ने कई वर्षो से भारत आना बंद कर दिया है। पक्षी विशेषज्ञ एवं पूर्व वन संरक्षक डा सतीश शर्मा के अनुसार संसार में क्रेनों की 15 प्रजातियां ज्ञात है जो तीन वशों एन्टीगोन, बालिएरिका तथा ग्रूस में सम्मिलित की गई हैं। ज्ञात 15 प्रजातियों में कभी 5 भारत में मिलती थी लेकिन कई वर्षो से साइबेरिया क्षेत्र से सर्दियों में आने वाली साईबेरियन सारस ने आना बंद कर दिया और हमारे देशो में केवल 4 सारस या क्रेन प्रजातियां ज्ञात है। साईबेरियन सारस राजस्थान के केवलादेव घना राष्ट्रीय उद्यान में आती थी लेकिन अब वे नहीं आ रही है। उन्होंने बताया कि जानी पहचानी सारस क्रेन जिसे वैज्ञानिक भाषा में ग्रूस एन्टीगोन कहते है, स्थानीय प्रजाति है तथा देश छोड कर नहीं जाती। काली गर्दन की सारस की संख्या जम्मू कश्मीर एवं हिमाचल प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में गर्मी में तो उत्तर पूर्व भारत में सर्दी में पहुंचती है। कुरजां (ग्रूस विरगो) तथा कॉमन क्रेन (ग्रूस-ग्रूस) हमारे यहां हिमालय के उस पार के सूदूर क्षेत्रों में सर्दी की ऋतु में देशान्तर गमन कर अक्टूबर के आस-पास आने लगती है तथा फरवरी मार्च में गर्मी प्रारंभ होने पर प्रवास समाप्त कर वापस लौट जाती है। कुरजां को राजस्थान का जन-जन जानता है। जोधपुर जिले का खीचन गांव कुरजां प्रवास के लिये न केवल देश बल्कि विदेशों में भी जाना जाता है।

## राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर यमुनानगर में समारोह



**एजेंसियां**

**चंडीगढ़** : हरियाणा निर्वाचन आयोग राज्य स्तरीय राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर 25 जनवरी को यमुनानगर जिले के जगाधरी में महाराजा अग्रसेन कॉलेज में राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन करेगा जिसकी अध्यक्षता मुख्य सचिव संजीव कौशल करेंगे। हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग के निर्णयानुसार वर्ष 2011 से प्रति वर्ष 25 जनवरी को निर्वाचन आयोग का स्थापना दिवस राष्ट्रीय मतदाता दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर यह दिवस जिला मुख्यालय स्तर से मतदान स्तर तक मनाया जाएगा जिसमें मतदाताओं को उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाएगा। इस दिन जिला, विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा राज्य स्तर पर स्कूलों और कॉलेजों में विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटे में हल्की बर्फबारी



**एजेंसियां**

**श्रीनगर** : केन्द्र शासित प्रदेश के जम्मू-कश्मीर में पिछले 24 घंटों के दौरान हल्की बर्फबारी और बारिश हुई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में पिछले 24 घंटों के दौरान शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तक 1.2 मिलीमीटर बारिश और 0.5 सेंटीमीटर बर्फबारी हुई। श्रीनगर में न्यूनतम तापमान शून्य से 0.1 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात तापमान शून्य से 1.4 डिग्री सेल्सियस नीचे था। मौसम की इस अवधि के दौरान यह सामान्य से 2.0 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पिछले 24 घंटे के दौरान 9.7 मिमी वर्षा और 8.7 सेमी हिमपात, काजीगुंड में 11.0 मिमी वर्षा और 9.0 सेमी हिमपात, कोकरनाग में 17.9 मिमी वर्षा और 16.0 सेमी हिमपात और गुलमर्ग का स्की रिसॉर्ट में 10.5 मिमी वर्षा और 10.5 सेमी तक बर्फबारी हुई है।

## 97 पुलिस अधिकारियों और कार्मिकों को पदक की घोषणा



**एजेंसियां**


**देहरादून** : उत्तराखंड में गणतंत्र दिवस-2023 के अवसर पर सेवा के आधार पर एवं विशिष्ट कार्य के लिए 97 पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पदक दिए जाने की घोषणा की गई है। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल (सेवानिवृत) गुरमीत सिंह इन सभी को उत्कृष्ट सेवा पदक एवं उत्कृष्ट/सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह प्रदान करेंगे। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) अशोक कुमार ने बताया कि सराहनीय सेवा के लिए (सेवा आधार पर) राज्यपाल का उत्कृष्ट सेवा पदक दो अधिकारियों दिनेश चन्द्र बडोला, पुलिस उपाधीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र, नरेन्द्रनगर और पूरन सिंह रावत, निरीक्षक (मंत्रालय) गोपनीय सहायक पुलिस मुख्यालय को प्रदान किया जाएगा। जबकि उत्कृष्ट सेवा के लिए उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह कुल 08 अधिकारी तथा कार्मिकों को दिया जाएगा। इस पदक के लिए विपिन चन्द्र पन्त, उपाधीक्षक, जनपद चम्पावत, हर्षवर्धन तोमर, निरीक्षक (एम) एसडीआरएफ, सम्बद्ध पुलिस मुख्यालय, हरक सिंह निरीक्षक, एस डीआरएफ, ख्याली दत्त जोशी, उप निरीक्षक, दूरसंचार मुख्यालय, गजपाल सिंह रावत, ग्रुप नायक, मुख्यमंत्री सुरक्षा, मंगल सिंह अपर उप निरीक्षक नागरिक पुलिस, जनपद नैनीताल, योगेन्द्र सिंह अपर उप निरीक्षक, आरमोरर, एसडीआरएफ और दिनेश चन्द्र अपर ग्रुप नायक, एटीसी हरिद्वार को चयनित किया गया है। डीजीपी के अनुसार, विशिष्ट कार्य के लिये उत्कृष्ट सेवा सम्मान चिन्ह हेतु जगदीश चन्द्र पंत, प्रतिसार निरीक्षक, जनपद देहरादून, प्रमोद पेटवाल, निरीक्षक, दूरसंचार मुख्यालय और विमलेश्वर प्रसाद रतूड़ी, उप निरीक्षक (एम) पुलिस मुख्यालय सहित कुल तीन कार्मिकों का नाम निश्चित किया गया है। उन्होंने बताया कि सराहनीय सेवा के लिए (सेवा आधार पर) सराहनीय सेवा सम्मान चिन्ह 14 अधिकारी/कार्मिकों को दिया जाएगा।

**माघ मेला** विशाल यज्ञ वेदी में चार चरणों में एक हजार आठ त्रिशूल की स्थापना किया गया है

## सवा पांच लाख रुद्राक्ष से बने महाकाल की यज्ञशाला में राष्ट्र रक्षा महायज्ञ

▸▸ हिंदू धर्म में रूद्राक्ष का अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है

▸▸ मेले में एक बाबा ऐसे भी हैं जिन्होंने 1100 से अधिक माला धारण किए हैं



**एजेंसियां**

**प्रयागराज** : तीर्थराज प्रयाग में संयम, संस्कार एवं संस्कृति के संवाहक माघ मेला में ''राष्ट्रहित'' महायज्ञ आरंभ किया गया। यज्ञशाला में सवा पांच लाख रुद्राक्ष के मनकों से महाकाल का सवा पांच फुट ऊंचा शिवलिंग तैयार किया गया है। उसी के बगल में चार कुण्ड तैयार किए गए हैं जिसमें यज्ञ किया जाता है। विशाल यज्ञ वेदी में चार चरणों में एक हजार आठ त्रिशूल की स्थापना किया गया है। इसमें काले रंग के घेरा वाले त्रिशूल आतंक के विनाश, महामारी के नाश के लिए ,पीला त्रिशूल शत्रु (देश पर किसी भी अक्रांता के पराजय की कामना से लगाए गए हैं, सफेद रंग के घेरे वाले त्रिशूल ज्ञान-विद्या की गंगा देश सतत बहती रहे, लाल रंग के त्रिशूल देश की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ बनाने के लिए है। हिंदू धर्म में रूद्राक्ष का अत्यंत महत्वपूर्ण माना गया है। रुद्राक्ष सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है। सुरक्षा के लिए, ग्रह शांति के लिए और आध्यात्मिक लाभ के लिए प्रयोग किया जाता रहा है। रुद्राक्ष की विशेषताओं और महिमा का वर्णन शिवपुराण, लिंगपुराण, एवं सकन्दपुराण आदि में प्रमुखता से किया गया है। यह हर तरह की समस्या को हरने की क्षमता रखता है। जीवन रक्षक मंत्र महामृत्युंजय और लघुमृत्युंजय मंत्र का जाप रुद्राक्ष माला पर किए जाने से सकारात्मक लाभ मिलता है। सुरक्षा के लिए, ग्रह शांति के लिए और आध्यात्मिक लाभ के लिए इसका प्रयोग किया जाता रहा है। मेले में एक बाबा ऐसे भी पहुंचे हैं जिन्होंने निःस्वार्थ भाव से राष्ट्र हितार्थ 1100 से अधिक माला धारण किए हैं। माघ मेले में हजारों संत-महात्मा पहुंचे हैं लेकिन अमेठी जिले के बाबूगंज स्थित परमहंस आश्रम के महंत शिवयोगी मौनी महाराज श्रद्धालुओं के बीच आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। श्रद्धालु इन्हें रुद्राक्ष वाले बाबा के नाम से जानते हैं।

## न्यूज फटाफट

**कैबिनेट को कोविड प्रतिबंधों को संशोधित करने का निर्देश**

**टोक्यो** : जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने कोविड-19 प्रतिबंधों की समीक्षा करें और आगामी महीनों तक बीमारी से उत्पन्न जोखिमों का पुनर्मूल्यांकन करने के निर्देश दिये हैं। किशिदा ने शुक्रवार को मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा,संक्रामक कानून के तहत संशोधित श्रेणी के कारण, संक्रमित लोगों और उनके साथ संपर्क रखने वालों के आइसोलेशन के नियमों को संशोधित किया जाएगा। सरकारी वित्तीय सहायता भी विस्तृत पुनर्विचार के अधीन है।'कोरोना वायरस के साथ' रहने के उपायों के लिए एक क्रमिक संक्रमण पर विचार किया जाएगा। संक्रमण को रोकने के उद्देश्य से मास्क पहनने और अन्य उपायों को संशोधित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में, कोविड-19 संक्रामक रोगों पर कानून में सूचीबद्ध बीमारियों की दूसरी श्रेणी से संबंधित है, जो रोगियों को क्वारंटाइन में रखने और अन्य प्रतिबंधों को पेश करने पर जोर देती है। मंत्रियों ने इस बीमारी को मौसमी फ्लू में से एक पांचवीं श्रेणी में ले जाने की संभावनाओं और शर्तों पर चर्चा की है। वर्तमान नियमों के तहत, जापान के निवासियों को इमारतों के अंदर और सार्वजनिक परिवहन पर मास्क पहनना अनिवार्य है। स्कूली छात्रों को सिर्फ खेल गतिविधियों के दौरान ही मास्क उतारने की इजाजत है। यदि बाहर के लोगों के बीच की दूरी दो मीटर (6.5 फीट) से अधिक है, तो वे मास्क भी उतार सकते हैं। अनेक जापानी लोग हालांकि,उन्हें स्वेच्छा से पहनना पसंद करते हैं, भले ही वे कुत्ते को टहला रहे हों या साइकिल चला रहे हों। यदि कोविड-19 को एक नई श्रेणी में रखा जाता है,तो लोगों को अब अंदर मास्क पहनने की आवश्यकता नहीं होगी।

**चीन में हिमस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हुई**

**बीजिंग** : चीन में तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची जिले में हिमस्खलन से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। चाइनीज सेंट्रल टेलीविजन ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के अनुसार बचाव दल ने अब तक नौ मृतकों की पहचान कर ली है। हिमस्खलन से मेडोग तथा मेनलिंग काउंटी को जोड़ने वाला राजमार्ग पर सुरंग के प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गया और सुरंग के अंदर यात्री सवार कई वाहन फंस गए थे। यहां अभी भी बचाव कार्य जारी है। रिपोर्ट के मुताबिक प्रभावित क्षेत्र में 236 परिवहन और विशेष वाहनों के साथ 696 बचावकर्मी राहत अभियान में लगे हैं।

**अमेरिका यूक्रेन को दे रहा है सैन्य सहायता**

**वाशिंगटन** : अमेरिका में बाइडेन प्रशासन यूक्रेन के लिए 2.5 अरब डॉलर के नए सैन्य सहायता पैकेज को अधिकृत कर रहा है, जिसमें ब्रैडली पैदल सेना से लड़ने वाले वाहन और स्ट्राइकर बख्तरबंद कार्मिक वाहन सहित अन्य उपकरण शामिल हैं। रक्षा विभाग (डीओडी) ने एक बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि इस पैकेज की कीमत 2.5 अरब डॉलर तक है। बाइडेन प्रशासन द्वारा अगस्त 2021 से यूक्रेन के लिए रक्षा उपकरण का यह तीसवां पैकेज है। इसमें सैकड़ों बख्तरबंद वाहन, यूक्रेन की वायु रक्षा और अन्य महत्वपूर्ण क्षमताओं के लिए महत्वपूर्ण समर्थन शामिल हैं। पैकेज में 59 ब्रैडली और 90 स्ट्राइकर वाहनों के साथ-साथ विभिन्न प्रकार के तोपखाने और छोटे हथियार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त पैकेज में आठ एवेंजर वायु रक्षा प्रणाली और हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम के लिए गोला-बारूद और राष्ट्रीय उन्नत सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल प्रणाली शामिल हैं।

**रूस पर प्रतिबंध लगाना और मुश्किल : मिशेल**

**मास्को** : यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने कहा कि रूस पर नए प्रतिबंध लगाना और मुश्किल हो गया है। मिशेल ने कीव की यात्रा के दौरान संवाददाताओं से कहा कि यूरोपीय संघ तमाम संघर्षों के बावजूद,रूस के खिलाफ प्रतिबंधों का नया पैकेज लगाने का अपना विचार जारी रखेगा। इससे पहले यूरोपीय आयोग अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने गत मंगलवार को मास्को के खिलाफ प्रतिबंधों के दसवें पैकेज को पेश करने को लेकर यूरोपीय संघ के विचार व्यक्त किये थे।

**कोरोना से मरने वालों की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि : डब्ल्यूएचओ**

**वाशिंगटन** : विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने कहा है कि 19 दिसंबर से 15 जनवरी के बीच पिछले 28 दिनों की तुलना में कोविड-19 से मरने वालों की संख्या में 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जिससे मरने वालों की संख्या बढ़कर 53,000 तक पहुंच गई है। डब्ल्यूएचओ ने एक बयान में कहा कि पिछले 28 दिनों में लगभग एक करोड़ 30 लाख मामले और लगभग 53000 नई मौतें विश्व स्तर पर दर्ज की गईं। बयान के अनुसार 9 से 15 जनवरी के बीच 13,000 से ज्यादा मौतें और 20 लाख 80 हजार नए मामले दर्ज किए गए। 15 जनवरी तक दुनिया में 6620 लाख से अधिक कोरोनावायरस के पुष्ट मामले थे और 60 लाख 70 हजार से अधिक लोग मारे गए थे।

**अफगानिस्तान में ठंड से मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 हुई**

**काबुल** : अफगानिस्तान में कड़ाके की ठंड से मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 हो गयी है। अफगानिस्तान राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि गत 08 से 18 जनवरी के बीच कुछ क्षेत्रों में तापमान में -31डिग्री फारेनहाइट तक गिरावट आयी थी जिसके कारण ठंड के कहर से मरने वालों की संख्या बढ़कर 70 हो गयी। इनमें ज्यादातर मौतें बघलान, बादगीस, हेरात, जोजजान, फरयाब और खोस्त प्रांतों में हुई है। बयान के मुताबिक ठंड के कारण 70,000 मवेशियों की भी मौत हो गयी है।

**विरोध प्रदर्शन के कारण पेरू में दो हवाईअड्डों का संचालन बंद**

**मेक्सिको सिटी** : पेरू में चल रहे विरोध प्रदर्शनों के बीच कस्को और अरेकिपा शहरों में हवाईअड्डों का संचालन बंद कर दिया गया है। परिवहन एवं संचार मंत्रालय ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मीडिया रिपोर्टो के अनुसार गुरुवार को पेरू में राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे के इस्तीफे और कांग्रेस को भंग करने की मांग को लेकर देशव्यापी विरोध प्रदर्शन हुआ। देश के सभी प्रमुख शहरों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन हुए। प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़पे दोपहर में शुरू हुई। पेरू की राजधानी लीमा की सड़कों पर पुलिस के बख्तरबंद कर्मियों के वाहन लाए गए। मंत्रालय ने ट्विटर पर कहा कि एहतियाती उपाय के रूप में कस्को में अलेजांद्रो वेलास्को एस्टेट अन्तर्राष्ट्रीय हवाईअड्डे एवं अरेकिपा में अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। पेरूवियन रेडियो आरपीपी के अनुसार उपद्रवियों के समूहों ने इन हवाई अड्डों की इमारतों पर कब्जा करने की कोशिश की। रिपब्लिका अखबार ने बताया जुलियाका शहर में भी प्रदर्शनकारियों ने स्थानीय हवाईअड्डे पर कब्जा करने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागकर उन्हें तितर-बितर कर दिया।


## आज का इतिहास

- 1919 : भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ तथा पंजाब के मुख्यमंत्री हरचरण सिंह बराड का जन्म।
- 1924 : रैम्जे मैक्डोनाल्ड के नेतृत्व में पहली बार ब्रिटेन में लेबर पार्टी की सरकार बनी।
- 1943 : उड़िया भाषा की प्रसिद्ध लेखिका प्रतिभा राय का जन्म।
- 1958 : कॉपीराइट अधिनियम लागू किया गया।
- 1972 : मणिपुर मेघालय और त्रिपुरा राज्य का स्थापना दिवस।
- 1981 : तेहरान में अमेरिकी दूतावास में बंधक बनाए गए सभी लोगों को छुड़ाया गया।
- 1986 : भारतीय फिल्म अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत का जन्म।
- 1996 : इंडोनेशिया के सुमात्रा तट के पास यात्रियों से भरी नाव डूबने से लगभग 340 लोगों की मौत।
- 2000 : एशिया के प्रथम स्लिट लिवर का प्रत्यारोपण हांगकांग में हुआ।
- 2003 : चालक रहित अमेरिकी टोही विमान पाकिस्तान में दुर्घटनाग्रस्त।
- 2007 : भारत ने वेस्टइंडीज से वनडे क्रिकेट श्रृंखला जीती।
- 2009 : कर्नाटक के बीदर में वायुसेना का एक प्रशिक्षण विमान सूर्यकिरण दुर्घटनाग्रस्त हुआ।
- 2016 : भारत की प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना मृणालिनी साराभाई का निधन।

## हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी

रांची : पूर्व मंत्री और 2019 विधानसभा चुनाव में मेदिनीनगर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे के एन त्रिपाठी की चुनाव याचिका पर हाईकोर्ट में आंशिक सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने आलोक चौरसिया की ओर दोबारा गवाह उपस्थित नहीं किए जाने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की, कोर्ट ने ए उन्हें यह सख्त निर्देश दिया कि अगली सुनवाई के दिन वह अपने गवाह को उपस्थित करें।

### शार्ट सर्किट से लगी आग



रांची: रांची के चर्च कॉम्प्लेक्स में स्थित मारुति हाउस में अचानक आग लग गयी। आग की सूचना पर आसपास अफरातफरी मच गयी। सूचना मिलने पर फायर बिग्रेड मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग कैसे लगा यह स्पष्ट नही हो सका है। आसपास के दुकानदार परेशान थे कि कहीं उनकी दुकान तक यह आग ना पहुंच जाए। कितना नुकसान हुआ है, इसका आकलन नही किया गया है। जानकारी मिलने पर लोअर बाजार थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। बताया जा रहा है कि यह आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी है। भीड़ वाले चर्च कॉम्प्लेक्स में कई बड़े शोरूम और दुकानें हैं। दो दिन पहले भी इस कॉम्प्लेक्स में स्थित एक खिलौना दुकान मे आग लग गयी थी। आग फैलती तो और बड़ा हादसा हो सकता था।

### हाईकोर्ट जमीन मुआवजा से जुड़े शहनाज खातून की अवमानना

# रांची डीसी, डीएलएओ, निदेशक हाईकोर्ट में हुए हाजिर, लगी फटकार

राष्ट्रीय खबर




रांची : जमीन मुआवजा से जुड़े शहनाज खातून की अवमानना याचिका की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा, डिस्टिक लैंड एक्विजिशन ऑफिसर (डीएलएओ) अंजना दास और डायरेक्टर, भूमि संरक्षण विभाग कोर्ट में सशरीर हाजिर हुए। हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश शंकर की कोर्ट ने उनसे मौखिक कहा कि कई वर्ष बीत गए कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है, क्यों नहीं उनके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू की जाए। मामले में राज्य सरकार की ओर से अधिवक्ता मनोज कुमार ने कोर्ट से 1 माह का समय मांगा। कहा कि हाई कोर्ट की खंडपीठ के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है, जहां वह विचाराधीन है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई 3 फरवरी निर्धारित की। प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता कुमार हर्ष ने पैरवी की।

दरअसल, कांके के राहे गांव में करीब 1I17 एकड़ गैरमजरूआ मालिक जमीन को उसके मालिक को बगैर सूचित किए और उससे अनुमति लिए बिना सरकार के कृषि विभाग की ओर से वहां तालाब बनवाया गया। जिसके खिलाफ प्रार्थी ने हाई कोर्ट में रिट याचिका दाखिल कर विस्थापन का मुद्दा उठाया था। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने वर्ष 2018 में कहा कि चुकी इस जमीन पर तालाब बन चुका है इसमें पब्लिक फंड जुड़ा है , इसलिए उस जमीन पर मालिक को पुनःस्थापित नहीं किया जा सकता है। लेकिन जमीन अधिग्रहण की अधिनियम के अंतर्गत जमीन मालिक को मुआवजा दिया जाए। उसके खिलाफ राज्य सरकार ने हाई कोर्ट की खंडपीठ में अपील दाखिल की। जिस पर हाई कोर्ट की खंडपीठ ने सरकार पर 25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाते हुए याचिका खारिज कर दी। कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर प्रार्थी की ओर से हाईकोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की गई थी।

# सुप्रीम कोर्ट ने विधायक समरी लाल की याचिका को किया खारिज

राष्ट्रीय खबर



रांची : कांके विधायक समरीलाल द्वारा वर्ष 2019 झारखंड विधानसभा चुनाव में दिए गए जाति प्रमाण पत्र गलत बताते हुए कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की चुनाव याचिका में झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी कोर्ट द्वारा गवाहों की संख्या 15 निर्धारित करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई सुप्रीम कोर्ट में हुई। सुप्रीम कोर्ट ने समरीलाल की याचिका को खारिज कर दी। उक्त चुनाव याचिका में प्रतिवादी समरीलाल की ओर से 35 प्राइवेट गवाहों की सूची हाई कोर्ट को सौंपी गई थी, लेकिन कोर्ट ने 24 नवंबर 2022 को 15 गवाह लाने की अनुमति दी थी। विधायक समरीलाल ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

बता दें कि समरीलाल की ओर से कुल 18 गवाही हुई है। 15 प्राइवेट गवाह और 3 ऑफिशियल गवाह की गवाही हुई है। 5 जनवरी को समरी लाल की ओर से गवाही बंद कर दी गई है, लेकिन उनकी ओर से कहा गया है की वे और गवाह लाना चाहते हैं, लेकिन कोर्ट ने उन्हें और गवाह लाने से मना कर दिया, इस पर हाईकोर्ट के आदेश को उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी।समरी लाल की ओर से लगभग सभी गवाहों ने झारखंड हाईकोर्ट में बताया है कि समरी लाल का परिवार आजादी के पहले से रांची में रह रहा है, लेकिन इससे संबंधित कोई दस्तावेज उसके पास उपलब्ध नहीं है।

हाईकोर्ट में प्रार्थी की ओर से अधिवक्ता विभाष सिन्हा और अखौरी अविनाश ने पैरवी की थी। वहीं प्रतिवादी की ओर से वरीय अधिवक्ता अनिल कुमार सिन्हा ने पैरवी की थी। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में कांके से भाजपा के टिकट पर समरी लाल जीते थे। सुरेश बैठाने उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए उनके निर्वाचन को रद्द करने का आग्रह कोर्ट से किया है।

# बच्चू यादव को एक और मामले में हाईकोर्ट से मिली जमानत



राष्ट्रीय खबर

रांची : साहिबगंज फेरी घाट के ऑक्शन के दौरान गोलाबारी मामले में आरोपी बच्चू यादव की जमानत याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने बच्चू यादव को जमानत प्रदान कीी। सुनवाई के दौरान कोर्ट के समक्ष यह बात आई कि जो गोली चली थी वह राइफल से नहीं थी। जबकि प्राथमिकी में कहा गया था कि राइफल से गोली चली है, जिससे नीरज यादव घायल हुए हैं। प्रार्थी बच्चू यादव की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह एवं अर्पित कुमार ने पैरवी की। इससे पूर्व प्रार्थी बच्चू यादव एवं प्रतिवादी नीरज यादव को शपथ पत्र दाखिल किया गया।बता दें कि साहिबगंज में फेरी घाट के सेटलमेंट को लेकर ऑक्शन चल रहा था। उसी दौरान प्रकाश यादव और बच्चू यादव के लोगों की ओर से आपस में गोलीबारी की घटना हुई थी। मामले को लेकर साहिबगंज मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 29/ 2022 दर्ज की गई थी। जिसमें उनकी जमानत याचिका निचली अदालत से खारिज हो गई थी, जिसे उन्होंने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। बच्चू यादव के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की सुनवाई हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति राजेश कुमार की कोर्ट में हुई। मालूम हो कि मनी लांड्रिंग मामले के बाद बच्चू यादव का नाम चर्चा में चल रहा है। बच्चू यादव पंकज मिश्रा का करीबी माना जाता है।

## प्रेम प्रकाश की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई, ईडी ने जवाब के लिए मांगा समय




राष्ट्रीय खबर

रांची : जेल में बंद चर्चित कारोबारी प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका पर शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने मामले में ईडी से जवाब मांगा है। अगली सुनवाई को दो माह बाद होगी। दरअसल, झारखंड हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने 10 जनवरी को प्रेम प्रकाश की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। जिसके बाद उनकी ओर से सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दाखिल की गई है। उल्लेखनीय है कि प्रेम प्रकाश सहित तीन के खिलाफ ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोप पत्र पूर्व में ही दाखिल कर दिया है।ईडी ने अवैध खनन के मामले में प्रेम प्रकाश के 16 ठिकानों पर पहले छापेमारी की थी और बाद में 25 अगस्त को ईडी ने प्रेम प्रकाश को गिरफ्तार किया था। ईडी की टीम ने प्रेम प्रकाश के ठिकानों पर हुई छापेमारी के दौरान अरगोड़ा स्थित आवास से दो एके-47 और 60 गोलियां बरामद की थी। इसके अलावा कई अवैध संपत्तियों व कोयला कारोबार से जुड़े दस्तावेज बरामद किए थे।

## केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव खूंटी का करेंगे भ्रमण



रांची: केंद्रीय ग्रामीण विकास सचिव शैलेश कुमार 21 जनवरी शनिवार को नई दिल्ली से रांची आएंगे। केंद्रीय सचिव रांची आने के बाद खूंटी जिले का भ्रमण करेंगे। वहां ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओं की स्थिति से अवगत होंगे। मनरेगा,पीएम आवास सहित अन्य योजनाओं की भी जानकारी लेंगे। खूंटी से रांची आने के बाद एक कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। केंद्रीय सचिव के भ्रमण को देखते हुए खूंटी जिले के अधिकारियों को भी आवश्यक तैयारी रखने का निर्देश दिया गया है।

## आदेश के बाद भी सचिवालय के फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन की फाइल डंप,रोष

राष्ट्रीय खबर

रांची : सीएमओ,कार्मिक सचिव के निर्देश के बावजूद सचिवालय के फोर्थ ग्रेड कर्मियों के प्रमोशन की फाइल कार्मिक विभाग में विगत डेढ़ माह से डंप पड़ी हुई। विभाग के अधिकारी व कर्मचारी इन फाइलों पर अब तक निर्णय नहीं कर पाये कि इन चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों को किस नियम से प्रमोशन देना है। इस वजह से सचिवालय के पांच सौ से अधिक मैट्रिक पास कर्मचारियों को सालों से प्रमोशन नहीं मिल पा रहा,उन्हें वित्तीय नुकसान हो रहा है। हालांकि, प्रमोशन की यह संचिका विगत 14 सालों से इधर-उधर घूम रही है। पूर्व कार्मिक सचिव,वित्त सचिव ने फाइलों पर प्रोन्नति की सहमति दी हुई है,लेकिन कार्मिक विभाग के स्तर से फाइलों पर निर्णय नहीं हो रहा ओर न ही कोई आदेश निर्गत हो रहा है।कर्मचारियों का कहना है कि अगर समय पर निर्णय हुआ होता तो उनमें से कई अब तक लिपिक व सचिवालय सहायक तक बन गये होते। उनका कहना है कि विभाग का एक सेक्शन जिन्हें इन मामलों को डील करने का अधिकार मिला हुआ है वे जानबुझकर फाइलों को दबा रहे हैं। हालांकि, राज्य सरकार को कई दफा इससे अवगत कराने के बाद सीएमओ स्तर से इस निर्णय लेने का आदेश हुआ। कार्मिक सचिव ने विभाग के वरीय पदाधिकारियों को उचित निर्णय लेने को कहा है पर मामला अब भी पेडिंग है। एक बार फिर सचिवालय के चतुर्थवर्गीय कर्मियों ने राज्य के मुख्यमंत्री को ज्ञापन दिया है औनं सारी स्थिति से अवगत कराया है।सचिवालय के चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों ने सरकार से प्रथम एसीपी वेतनमान पे-बैंड,ग्रेड-पे-पी।वन-1 4000-6000,5200-20200,2400 लागू करने की मांग कर रहे हैं।

## कंटेनर की चपेट में आकर दो की मौत, एक घायल

राष्ट्रीय खबर




रांची : खरसीदाग ओपी क्षेत्र के अंतर्गत भुसूर चौक के नजदीक तेजी से आ रहे कंटेनर ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इस हादसे में बाइक सवार दो युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे आनन फानन में रिम्स भेजा गया। हादसे के बाद चालक कंटेनर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलने पर खरसीदाग ओपी पुलिस मौके पर पहुंचकर छत्तीसगढ़ नंबर की कंटेनर को जब्त कर लिया है। मृतक की पहचान पोखरटोली निवासी रोहित कुमार और तुलसी कुमार के रुप में की गयी है। तीनों एक ही बाईक पर सवार थे तभी भुसुर चौक के नजदीक कंटेनर की चपेट में आ गए।






### एचसी ने ईडी कोर्ट के फैसले को रखा बरकरार

रांची : मनी लॉन्ड्रिंग के केस में दोषी पूर्व मंत्री एनोस एक्का और उनकी पत्नी मेनन एक्का को झारखंड हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने उनकी अपील याचिका खारिज करते हुए ईडी कोर्ट के आदेश को बरकरार रखा है। हाईकोर्ट ने एनोस एक्का की अपील पर सुनवाई के बाद फैसला सुरक्षित रखा था। झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस गौतम चौधरी की अदालत ने शुक्रवार को एनोस की याचिका पर अपना फैसला सुनाया है। एऊ कोर्ट और सीबीआई कोर्ट द्वारा अलग-अलग मामलों में दोषी करार दिये जाने के बाद पूर्व मंत्री एनोस एक्का ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। लेकिन अदालत ने सभी पक्षों को सुनने के बाद उनकी और उनकी पत्नी की याचिका खारिज कर दी है। लगभग 20 करोड़ 31 लाख 77 हजार रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग के जुर्म में एनोस एक्का सजायाफ्ता हैं।

### शांतिपूर्ण हुआ था मतदान

रांची : झारखंड हाईकोर्ट में बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एके चौधरी की कोर्ट में जलेश्वर महतो की याचिका पर सुनवाई के दौरान बूथ नंबर 266 के पोलिंग एजेंट मोहम्मद अरशद की गवाही दर्ज की गई। अपनी गवाही में मोहम्मद अरशद ने अदालत के समक्ष कहा कि चुनाव के दौरान किसी तरह की शिकायत नहीं आयी थी। सुबह से लेकर शाम को निर्धारित समय तक चुनाव की प्रक्रिया पूरी हुई थी।